सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 29 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 145, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 239 अंकों की गिरावट

बीएसई सेंसेक्स 239 अंक के नुकसान में रहा। आईटीसी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। } 14

## घुसपैठिये अस्तित्व व राष्ट्रीय अखंडता के लिए चुनौती

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दो करोड़ घुसपैठिये भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए चुनौती हैं। जिनसे निपटने के लिए सरकार व्यापक कदम उठा रही है। } 16



संक्षेप

### ईद-उल-अज़्हा का दिखा चांद, सात को बकरीद



नयी दिल्ली। दिल्ली समेत देश के विभिन्न राज्यों में बुधवार शाम ईद-उल-अज़्हा के चांद के दीदार हो गए जिसके बाद सात जून को बकरीद का त्योहार मनाने का मुस्लिम धर्मगुरुओं ने ऐलान किया। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम डॉ. मुफ्ती ...शेष पृष्ठ 14 पर

### वाराणसी : डीन पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

वाराणसी। जिला मुख्यालय के सिगरा थाने की पुलिस ने एक निजी स्कूल की अध्यापिका की शिकायत पर स्कूल के ही डीन पर यौन उत्पीड़न का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। सिगरा थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के डालमिस सनबीम स्कूल में कार्यरत एक अध्यापिका की तहरीर पर डीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसएचओ के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 (सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य) और 352 (शांति भंग के इरादे से किसी का जानबूझकर अपमान) के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया कि हाल ही में, वह किसी कार्य के लिए एक खाली कक्षा में गई थीं, तभी डीन वहां आए और उनका मोबाइल छीन लिया। पीड़िता के अनुसार, डीन ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि जब रात को अकेले बुलाता हूँ तो नहीं आती हो।

### शम्सी जामा मस्जिद मामले में पांच जुलाई को सुनवाई

बदायूं। जिले की एक अदालत ने बुधवार को मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता के हज पर जाने की वजह से नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम शम्सी जामा मस्जिद मामले की सुनवाई के लिए पांच जुलाई की तारीख तय की है। बदायूं में दीवानी न्यायाधीश (त्वरित अदालत) की अदालत में चल रहे नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम शम्सी जामा मस्जिद मामले से जुड़े मुकदमे की फाइल स्थानांतरित किये जाने के बाद अब दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) सुमन तिवारी की अदालत में पहुंच गई है। दीवानी न्यायाधीश तिवारी ने आज पत्रावलीका अवलोकन किया। हालांकि, शम्सी जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के अधिवक्ता असरार अहमद के हज पर जाने के कारण कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

## अभिव्यक्ति के अधिकार पर कोई रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर पर विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट करने के आरोपी अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद से बुधवार को कहा कि उनके बोलने एवं अभिव्यक्ति के अधिकार पर कोई रोक नहीं है, लेकिन वह अपने खिलाफ मामलों के संबंध में कुछ भी ऑनलाइन पोस्ट नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने 21 मई को उन पर लगाई गई अंतरिम जमानत की शर्त को फिलहाल संशोधित करने से इनकार कर दिया कि वह जांच का विषय रहे उन दोनों ऑनलाइन पोस्ट से संबंधित कोई ऑनलाइन पोस्ट, लेख नहीं लिखेंगे या इसके बारे में मौखिक रूप से कुछ नहीं बोलेंगे। शीर्ष अदालत ने प्रोफेसर को भारत की धरती पर हुए आतंकवादी हमले या भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी प्रतिक्रिया के संबंध में कोई भी राय व्यक्त करने से भी रोक दिया। पीठ ने कहा कि वह प्रोफेसर को दी गई अंतरिम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 30 को कानपुर आयेंगे पीएम, योगी ने की तैयारियों की समीक्षा

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए सुरक्षा और स्वच्छता के कड़े निर्देश

विशेष संवाददाता



लखनऊ/कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कानपुर दौरे पर आएंगे, जहां वे हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास होगा, जो उत्तर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को मजबूत करेगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मैदान में पीएम मोदी विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पीएम मोदी कानपुर को देंगे 21 हज़ार करोड़ की सौगात

विशेष संवाददाता

लखनऊ। क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वह 2,120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्घाटन करेंगे। इसमें 14 नियोजित स्टेशन शामिल होंगे जिनमें पांच नए भूमिगत स्टेशन शामिल होंगे जो शहर के प्रमुख स्थलों और वाणिज्यिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# किसानों को मिलेगी फसलों की ज्यादा कीमत

### ○ 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी को कैबिनेट की मंजूरी ○ किसानों के लिए जारी रहेगी ब्याज सहायता योजना

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी




वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड के लिए की गई है, इसके बाद रागी, कपास और तिल का स्थान आता है। 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की बात कही गई है। सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

एमआईएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य केसीसी के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। एमआईएसएस के तहत, किसानों को केसीसी के माध्यम से 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण मिलता है, जिसमें पात्र ऋण देने वाली संस्थाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, समय पर ऋण चुकाने वाले किसान शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) के रूप में 3 प्रतिशत तक के प्रोत्साहन के पात्र होते हैं, जिससे केसीसी ऋण पर उनकी ब्याज दर प्रभावी रूप से 4 प्रतिशत तक कम हो जाती है। केवल पशुपालन या मत्स्य पालन के लिए लिए गए ऋणों के लिए ब्याज लाभ 2 लाख रुपये तक लागू है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि योजना की संरचना या अन्य घटकों में कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं किया गया है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खाते हैं। यह हाईवे बडवेल-गोपरावम गांव से लेकर गुरुविंदापुडी तक बनेगा। इसकी कुल लंबाईः 108.134 ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मणिपुर में 44 विधायक नयी सरकार बनाने को तैयार

इंफाल। मणिपुर में भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात के बाद दावा किया कि 44 विधायक नयी सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। सिंह ने नौ अन्य विधायकों के साथ राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की।

उन्होंने कहा 44 विधायक जनता की इच्छा के अनुसार सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हमने राज्यपाल को यह बता दिया है। हमने इस मुद्दे के लिए क्या समाधान हो सकते हैं, इस पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा राज्यपाल ने हमारी बातों पर गौर किया और लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्रवाई शुरू करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह सरकार बनाने का दावा करेंगे तो उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। सिंह ने कहा हालांकि, यह बताना कि हम तैयार हैं, सरकार बनाने का दावा पेश करने जैसा है। विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से व्यक्तिगत और संयुक्त रूप से मुलाकात की है। किसी ने भी नयी सरकार के गठन का विरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा लोगों को बहुत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कार्यकाल में कोविड के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दक्षिण अफ्रीका ने आतंकवाद पर भारत के रुख को सराहा

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 350 से अधिक प्रवासियों व अन्य को किया संबोधित

एजेंसी

प्रिटोरिया/जोहानिसबर्ग। सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के सांसदों से मुलाकात की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दक्षिण अफ्रीका के प्रांतीय राष्ट्रीय परिषद (एनसीओपी) के उपाध्यक्ष पी. गोवेन्डर और दक्षिण अफ्रीका की संसद के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पहलगाम हमले सहित भारत में हुई अन्य आतंकवादी घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश दिया। मंगलवार को भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां 350 से अधिक प्रवासियों और स्थानीय भारतीयों को संबोधित किया तथा पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताया। इस दौरान



आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के रुख की सराहना की गई। मंगलवार शाम जोहानिसबर्ग पहुंचने के लगभग दो घंटे बाद आयोजित कार्यक्रम में प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीय नागरिकों और स्थानीय समुदाय से वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्भीक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड की धामी कैबिनेट ने रचा इतिहास

### नयी उद्योग नीति सहित कुल 11 प्रस्तावों को मिली धामी मंत्रिमंडल से मंजूरी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सम्पन्न कैबिनेट बैठक में देश की प्रथम योग नीति को बनाने की घोषणा की गई है। उत्तराखंड को योग का अंतरराष्ट्रीय योग और आध्यात्मिकता का केंद्र बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड योग नीति-2025 बनाने की घोषित की गयी है, योग को प्रोत्साहित करने के लिए पांच योग हब भी स्थापित किये जायेंगे।

कैबिनेट द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी देते हुए गृह सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बताया कि उत्तराखंड को भारत की अध्यात्मिक और योग परंपरा की भूमि माना जाता है, इस ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत




को सहेजते हुए उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2025 में एक महत्वाकांक्षी पहल के तहत उत्तराखंड योग नीति 2025 की घोषणा की है। योग नीति के तहत उत्तराखंड में कम से कम पांच नये योग हब स्थापित किये जायेंगे। जो जागेश्वर, मुक्तेश्वर, व्यास घाटी, टिहरी झील और कोलीढेक झील को योग हब के रूप में स्थापित किया जाएगा। नवीन स्थापित होने वाले तथा एक्सपेंशन करने वाले केंद्रों को पहाड़ी क्षेत्रों में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख तक तथा मैदानी ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- देश हित के लिए करें कार्य : आनंदीबेन पटेल (पृष्ठ-02)
- इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या मामले में यूपी शीर्ष पर (पृष्ठ-02)
- सोना 500 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की तेजी (पृष्ठ-14)
- बिजली की मांग 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी (पृष्ठ-14)
- औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 2.7 प्रतिशत पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

2 बच्चे और 4 मादा डॉल्फिन को नहर से सकुशल बाहर निकाला, सभी डॉल्फिन को घाघरा नदी बैराज में छोड़ा

## इंदिरा नहर में मिलीं 6 डॉल्फिन, 5 घंटे चला रेस्क्यू

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 6 डॉल्फिन बचाए गए हैं। यहां की शारदा सहायक इंदिरा नहर में मंगलवार को डॉल्फिन देखी गई थी। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने 6 डॉल्फिन का पांच चरणों मे रेस्क्यू किया है। करीब 5 घंटे तक चले रेस्क्यू में 2 बच्चे और 4 मादा डॉल्फिन को सकुशल बाहर निकाला गया है।

वन विभाग के अधिकारियों की माने तो नहर में पानी कम होने और उनके खतरे को देखते हुए डॉल्फिन का रेस्क्यू किया गया है। सभी डॉल्फिन को घाघरा नदी बैराज में छोड़ दिया गया है। डीएफओ सुधांशु पांडेय ने बताया





कि मोहनलालगंज के अचली खेड़ा बैराज में पानी कम हो गया था। डॉल्फिन आने की जानकारी होते ही रात में मछली पकड़ने वाले लोग भी इकट्ठा हो गए थे। उसे कोई मार ना दें, इसको लेकर थ्रेट भी थे। इसी सबको देखते हुए वन विभाग की टीम सुबह 4 बजे रेस्क्यू करने के लिए पहुंच गई थी। इस पूरे रेस्क्यू को पांच चरणों में किया गया है। इस रेस्क्यू में पूरे 5 घंटे लगे है। इस दौरान कुल 6 डॉल्फिन का सकुशल रेस्क्यू किया गया है जिसमें 2 बच्चे और 4 मादा थी। बच्चों का मादा के साथ ही रेस्क्यू किया गया है। सुधांशु पांडेय ने बताया कि डॉल्फिन को सकुशल बाहर निकाला गया है। सभी को स्टीमर के माध्यम से घाघरा बैराज में छोड़ दिया गया है। शारदा कैनाल में डॉल्फिन रहती हैं। एक साल में दो बार कैनाल को मेंटेन किया जाता है। उस वक्त पानी को ऊपर से रोक दिया जाता है। पानी रोकने से यहां का प्रवाह कम हो जाता है। जब पानी का प्रवाह कम हो जाता है तब डॉल्फिन दिखना शुरू हो जाती है। जब पानी तीन फिट से नीचे होता है तब उसे आसानी से कैप्चर किया जा सकता है, पानी कम होने से डॉल्फिन को भी दिक्कत होती है। इसी क्रम में यहां भी देखा गया था कि पानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल, आज बदलेगा मौसम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नौतपा के चौथे दिन भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए। बुधवार को अधिकतम तापमान राजधानी में 38.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे सूरज की तपिश के साथ ही लोगों को उमस का भी सितम झेलना पड़ा। आसमान से आग बरसती धूप शरीर को झुलसा रही है। सुबह आठ बजते ही गर्मी और उमस का प्रकोप से लोग व्याकुल हो रहे है। चिपचिपाती गर्मी ने लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

○ 60 जिलों में तेज हवाएं चलने व गरज-चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी

बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, देश हित में करें कार्य : आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल ने ईज ऑफ डूइंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषयक परामर्श बैठक के समापन समारोह को किया संबोधित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अनुसंधान और विकास किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार होता है। यदि किसी देश को आत्मनिर्भर बनाना है, उसे वैश्विक मंच पर अग्रणी स्थान दिलाना है, तो हमें अनुसंधान के क्षेत्र में ठोस और दूरगामी कदम उठाने होंगे। अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में आ रही समस्याओं को चुनौती के रूप में लेने की आवश्यकता है। चुनौतियां ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यदि किसी नीति में कोई बाधा आ रही है, तो उस नीति में आवश्यकतानुसार समय के अनुसार परिवर्तन किया जाना चाहिए।

राज्यपाल बुधवार को राजभवन, लखनऊ में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित ईज ऑफ डूइंग रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट विषयक दो दिवसीय परामर्श बैठक के समापन अवसर पर बोल रही थी। राज्यपाल ने कहा कि जो लोग अनुसंधान से जुड़े हुए हैं, उन्हें चाहिए कि वे अपनी समस्याओं की स्पष्ट सूची बनाएं, और उन समस्याओं को लेकर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट करें। उन समस्याओं पर गम्भीर विचार-विमर्श हो, समाधान खोजे जाएं और जहां आवश्यक हो, वहां पर प्रणालीगत सुधार किए जाएं। यदि हम अपने अनुसंधान संस्थानों को पूरी तरह सक्षम, स्वायत्त और परिणामोन्मुखी बनाएंगे, तो न केवल हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि भारत को वैश्विक अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी सफलता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को चाहिए कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ नियमित रूप से बैठक करें, कार्यों की समीक्षा करें और गहराई से विचार-विमर्श करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अनुसंधानकर्ताओ को समाज के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं की समीक्षा करनी चाहिए, यह देखना



चाहिए कि कहां-कहां कौन-कौन सी समस्याएं हैं, और उन्हीं समस्याओं को आधार बनाकर अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। ऐसा अनुसंधान ही सार्थक होता है, जो समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसका जीवन सुगम और समृद्ध बना सके। उन्होंने अद्यतन चीजों के प्रति सक्रिय रहने का सुझाव दिया।

राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए उन्हें एचपीवी वैक्सीन दी जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाने के लिए भी विशेष कार्य किए जा रहे हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालयों, समाज और सीएसआर की मदद से टीबी रोगियों को गोद लेने की परंपरा आरंभ हुई है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश भर में लगभग चार लाख रोगी टीबी से मुक्त हो चुके हैं। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जनजागरूकता के लिए साइकिल यात्राएं निकाली जाती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि पुनः साइकिल यात्राओं का आयोजन किया जाए, ताकि विद्यार्थी गांवों, विभिन्न संस्थाओं तथा कार्यस्थलों का भ्रमण करें और उन्हें वहां की कार्यप्रणालियों की जानकारी हो सके। राज्यपाल ने कहा कि सभी को सदैव सक्रिय रहना चाहिए केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहींए बल्कि समाज और देश के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिश्रम करके विश्वविद्यालयों को विभिन्न राष्ट्रीय मूल्यांकन श्रेणियों में उत्कृष्ट स्थान दिलाया है। राज्यपाल ने नीति आयोग द्वारा इस विषय पर आयोजित परामर्श बैठक की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच विभिन्न राज्यों के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और प्रशासकों को साथ लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो निश्चित रूप से भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र तीन में 'संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ बनाकर अनुसंधान एवं विकास को सुगम बनाना' विषय पर बोलते हुए सीएसआईआर-एनबीआरआई लखनऊ के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने एक सक्षम संस्थागत अनुसंधान वातावरण विकसित करने के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण, दीर्घकालिक एवं लघुकालिक लक्ष्यों की पहचान, विभिन्न विभागों के सहयोग से अंतरविषयी अनुसंधान, युवा नेतृत्व को सशक्त बनानाए वैज्ञानिकों को स्वायत्तता, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, नवीनतम तकनीकों की उपलब्धता आदि सुनिश्चित करने की बात कही।

संक्षेप

## उपमुख्यमंत्री मौर्य व पाठक ने महंत अवैद्यनाथ को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने बुधवार को गोरक्षपीठ के महंत अवैद्यनाथ की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, कि राष्ट्रधर्म व भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी, पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर एवं पूर्व लोकसभा सदस्य परम पूज्य महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। मौर्य ने कहा, कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, गौ संरक्षण, धार्मिक चेतना और समाजोत्थान को समर्पित रहा। उनका सार्वजनिक जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। उपमुख्यमंत्री पाठक ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, कि राष्ट्रधर्म व भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी, पूर्व लोकसभा सदस्य महंत अवैद्यनाथ महाराज की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। महंत अवैद्यनाथ का जन्म 28 मई 1921 को उत्तराखंड में हुआ था और प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के महंत होने के साथ ही वह चार बार लोकसभा और पांच बार विधानसभा के सदस्य रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ ने राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। 12 सितंबर 2014 को उनका निधन हो गया।

## किसानों के हक में खड़ी है रालोद : रोहित अग्रवाल



**लखनऊ।** रालोद के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल बुधवार को बयान जारी कर कहा कि रालोद जब भी सरकार का हिस्सा होता है, किसानों के हक में बड़ी फैसले लिये जाते हैं। रालोद के हर कार्यकर्ता के रगों में चौधरी चरण सिंह की विचारधारा बह रही है। जयंत चौधरी को धन्यवाद रालोद निरंतर किसानों के पक्ष में खड़ा है और सरकार का अहम हिस्सा होने के नाते किसानों के लिए योजनाएं क्रियान्वित करवा रहा है। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पांच बड़े फैसले लिये गये है। जिसमें किसानों के लिए सरकार ने तीन बड़े फैसले लिये गये। इसमें सभी फसलों पर एमएसपी बढ़ायी गयी। लागत से 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी को मंजूरी दी गयी। किसानों को ऋण पर ब्याज में छूट को मंजूरी दी गयी। साथ ही खरीफ फसलों पर एमएसपी तय की गई। इससे 7.71 करोड़ किसानों को लाभ मिला है और केसीसी के जरिए किसानों को 10 लाख करोड़ लाभ मिलेगा। साथ ही रालोद किसान हित में सदैव साथ है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या मामले में यूपी शीर्ष पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी ने 4.14 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के साथ दिल्ली (1.83 लाख) और महाराष्ट्र (1.79 लाख) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश में इस समय सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन दौड़ रहे हैं। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर वैश्विक चर्चा के बीच इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) आज की पर्यावरणीय चुनौतियों का एक बेहतर समाधान बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने 2022 में नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं परिवहन नीति लेकर आई, जिसका उद्देश्य ईवी की स्वीकार्यता को तेजी से बढ़ावा देना, चार्जिंग बुनियादी ढांचे का मजबूत नेटवर्क स्थापित करना और राज्य को ईवी और बैटरी विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाना है। इस नीति के तहत, राज्य सरकार 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने और 10 लाख नौकरियां सृजित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उत्तर प्रदेश की पर्यटन नगरियों अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ में ई-रिक्शा (तीन-पहिया वाहन) की व्यापक लोकप्रियता ने ईवी बिक्री में 85 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है, जो विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में यात्री और माल ढुलाई के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। इसके अलावा भारत सरकार की फेम एक और दो (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल इन इंडिया) योजनाओं का सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उत्तर प्रदेश ने ई-परिवहन को और बढ़ावा दिया है। वहीं चार्जिंग जैसे बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान देते हुए सरकार ने इस क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में सरकार ने प्रदेश के 16 नगर निकायों में तीन सौ से अधिक नये चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया है। इनमें सर्वाधिक चार्जिंग स्टेशन अयोध्या में स्थापित होने हैं, जहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर इजाफा देखा जा रहा है।

# छह जिलों के सर्वोदय विद्यालयों में बनेंगे ट्रांजिट हॉस्टल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। पिछड़े व अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न रह जाए इसके लिए प्रदेश के छह जिलों में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में रहने वाले बच्चों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल तैयार कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें पढ़ाई के दौरान सुरक्षित और बेहतर रहने की सुविधा मिल सके।

राज्य सरकार ने इन हॉस्टलों के निर्माण के लिए कुल 866.56 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि उन हॉस्टलों के निर्माण के लिए दी जा रही है, जिनका काम पहले से चल रहा था और अब उसे अंतिम रूप देना है। जिन जिलों के विद्यालयों को यह लाभ मिलेगा, उनमें मुर्तजानगर (सीतापुर), मोहम्मदाबाद (फर्रुखाबाद), तीरगांव (बाराबंकी), घोरावल (सोनभद्र) और विशम्भरपुर (गोण्डा) के लिए दूसरी किस्त के रूप में 851.98 लाख रुपये, तथा ग्यासपुर (जौनपुर) शामिल हैं। योगी सरकार ने इन हॉस्टलों का निर्माण जल्द पूरा कर उसे संचालित करने करने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग के तहत इन ट्रांजिट हॉस्टलों का निर्माण कार्यकारी संस्था यूपी सिडको द्वारा किया जा रहा है। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए

- **सर्वोदय विद्यालयों में आवासीय सुविधाओं का विस्तार से अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को मिलेगा सीधा लाभ**
- **सर्वोदय विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देती है योगी सरकार**
- **विद्यालयों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही मिलती है छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म व मेस की सुविधा**

कार्यकारी संस्था को सभी अभिलेख, जैसे एमओयू और तकनीकी स्वीकृति, शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन हॉस्टलों के निर्माण से अनुसूचित जातियों और अन्य वंचित समुदायों के बच्चों को आवासीय सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा



में निरंतरता सुनिश्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के सर्वोदय विद्यालय आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। ट्रांजिट हॉस्टल जैसी पहल उन बच्चों के लिए वरदान साबित होगी जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं। यह परियोजना न केवल शिक्षा तक पहुंच को बढ़ाएगी, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी योगदान देगी। योगी सरकार का यह प्रयास सामाजिक समावेशन और समान अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर है। उत्तर प्रदेश शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, और यह पहल उस दिशा में एक और ठोस कदम है। योगी सरकार के प्रयासों से 2017 से पहले जहां मात्र 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं 2024-25 तक इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन विद्यालयों में से 100 वर्तमान में संचालित है, जिनमें 70 बालक विद्यालय और 30 बालिका विद्यालय शामिल हैं। इस योजना के तहत हर विद्यालय में 490 छात्रों की क्षमता निर्धारित की गई है, जिससे हजारों छात्रों को लाभ मिल रहा है। सीएम योगी की मंशानुरूप इन विद्यालयों को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली से जोड़ा गया है। वर्तमान में 43 विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से और 57 विद्यालय यूपी बोर्ड से संबद्ध हैं। योगी सरकार ने इन विद्यालयों को न केवल पठन-पाठन के बेहतर साधनों से सुसज्जित किया है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नवीनतम तकनीकी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, डिजिटल शिक्षा सामग्री और उच्चस्तरीय पुस्तकालय जैसी सुविधाओं ने इन विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्रों में तब्दील कर दिया है। प्रदेश सरकार ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए इन विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, आवासीय सुविधा, छात्रावास, यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की सामग्री, भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की है। इसके तहत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 60 प्रतिशत आरक्षण, पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत और सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। इस योजना से उन परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

# औद्योगिक घराने धीरे-धीरे खत्म किये जा रहे हैं : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि देश में असंतुलित विकास और आय के असमान वितरण की असली वजह ये है कि देश में मैन्युफैक्चरिंग और प्रॉडक्शन लगातार घटता जा रहा है। बड़े-बड़े कारोबारी घराने ट्रेडिंग पर ही जोर दे रहे हैं। औद्योगिक घराने धीरे-धीरे खत्म किये जा रहे हैं, जिससे हमारे अपने कच्चे माल, स्किल और हुनर का मोल-मान-महत्व घट रहा है और नौकरी-रोजगार भी। इसका सबसे बुरा असर ये है कि नारा तो आत्मनिर्भरता का दिया जा रहा है पर बढ़ावा दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों से हाथ मिलाकर, उनके सेलिंग एजेंट बनकर अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र को, दुनिया भर से सामान और सर्विसेज तक को इंपोर्ट करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

इसी कारण अमीर और भी अमीर होते जा रहे हैं व गरीब और भी गरीब। ये एक विरोधाभासी आर्थिक नीति है जहां मंच से तो आत्मनिर्भरता की बात की जाती है लेकिन पर्दे और मंच के पीछे विदेशियों से तैयार माल मंगाने और उनके लाए गये माल को बेचने के सौदे किये जाते हैं। देश की अर्थव्यवस्था बने-बनाये माल मंगाने से नहीं बल्कि देश के अंदर माल बनाने से सशक्त होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि अपनी अर्थव्यवस्था को धोखा देकर कोई भी सरकार न तो अपने देश को और न ही देशवासियों को समृद्ध और खुशहाल बना सकती है। यदि सरकार ही हाथी के दांत बनेगी तो देश का क्या होगा। असली समृद्धि ट्रिलियन डॉलर के आँकड़े से नहीं बल्कि ये आँकने से आयेगी कि प्रति व्यक्ति आय कितनी बढ़ी है और आय की असमानता कितनी कम हुई है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबी और अमीरी के बीच खाई बढ़ी है। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से गरीब और गरीब होता जा रहा है। महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। सरकार की नीतियां फेल हो चुकी है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने की संतप्त परिजनों से की मुलाकात



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता संसद में मुख्य सचेतक, सांसद आजमगढ़ धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में सपा के प्रतिनिधिमंडल ने गाजीपुर के नरवर गांव पहुंचकर संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं प्रकट की। सांसद धर्मेंद्र यादव ने सपा की तरफ से स्वर्गीय छोटू यादव की धर्मपत्नी, स्वर्गीय अमन यादव के पिता हीरा यादव, स्वर्गीय रविंद्र यादव एवं स्वर्गीय अजय यादव के पिताजी को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये और घायल संतोष यादव व जितेंद्र यादव के परिजनों को 25-25 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया। प्रतिनिधिमंडल में सांसद अफजाल अंसारी, विधायक ओम प्रकाश सिंह, विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव, विधायक जयकिशन साहू, विधायक सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी, जिलाध्यक्ष सपा गाजीपुर गोपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, पूर्व एमएलसी विजय यादव, विधायक सैदपुर के प्रतिनिधि गोविंद यादव, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम व पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, संगठन के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस में संगठन सृजन पर अजय राय ने दिया मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान एवं पदाधिकारियों को कार्यों को पूर्ण करने की समयबद्धता को जांचने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में बुधवार को एक जोन वार ऑनलाइन समीक्षा बैठक

- **कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में जोन वार ऑनलाइन समीक्षा बैठक सम्पन्न**

आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के सभी 6 जोन (पूर्वांचल, प्रयाग, अवध, बुंदेलखंड, ब्रज, पश्चिम) जोन के जिला/शहर अध्यक्ष गण, समन्वयक, सम्बन्धित जनपदों के नोडल इंचार्ज शामिल रहे। बैठक में प्रमुख रूप से उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं उत्तर प्रदेश वार रूम प्रभारी संजय दीक्षित सम्मिलित हुए।

17 मई को आयोजित हुई संगठन सृजन कार्यशाला में सभी जिलों के पदाधिकारियों को 25 मई तक जिला/शहर की कार्यकारिणी को गठित करने का लक्ष्य दिया गया था। बैठक में सर्वप्रथम इसी बात को सुनिश्चित किया गया कि उक्त लक्ष्य पूर्ण



हुआ या नहीं। यह पाया गया कि सभी जिला/शहर की कार्यकारिणी तय सीमा में गठित कर ली गयी है। बैठक में पदाधिकारियों को अगला लक्ष्य ब्लाक/वार्ड के अध्यक्षों की नियुक्ति एवं उनकी कमेटियों के गठन का दिया गया जिसकी समय सीमा आगामी 15 जून रखी गयी है।

बैठक के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश के सभी जिला/शहर अध्यक्षगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जिस तरह से संगठन सृजन अभियान को प्राथमिकता दे रहे हैं, हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम अपने सभी गठन एवं कार्य पूरे समपर्ण और समयबद्धता में कर लें। उन्होंने कहा कि जिलों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कोई भी समायोजन और नियुक्ति आपसी सामंजस्य से हो। जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों के सुझावों को जरूर लिया जाए और उनके अनुभवों का संगठन सृजन में लाभ लिया जाए। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जिस सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी जा रही है उसका प्रतिबिम्ब हमें इस संगठन सृजन में दिखाई पड़ना चाहिए।

# इंटरनेशनल फिल्म सिटी में बनने वाले इंस्टीट्यूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा.

- **इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स समेत कई विषयों में मिलेगा प्रशिक्षण**
- **प्रशिक्षण के बाद इंटरनेशनल फिल्म सिटी में ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता होगा साफ**
- **पहले चरण में फिल्म सिटी में 3 लाख स्क्वायर फीट में होगा फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण**

लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न



होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। राजीव अरोड़ा ने कहा कि इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पहली वरीयता मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के युवा भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां सृजित होंगी। इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्टोरी राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, कैमरा ऑपरेशन, लाइटमैन, स्पॉट ब्वॉय, वीएफएक्स, फैशन और मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्सेज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी के माध्यम से कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और गेस्ट लेक्चर्स का आयोजन होगा, जिससे छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लॉन्च करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इसके साथ ही, फिल्मों, स्क्रिप्ट्स और अकादमिक सामग्री से युक्त एक समग्र संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र छात्रों और फिल्म निमार्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा। इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगाए जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ये आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देंगेए बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में नेटवर्किंग और एक्सपोजर भी प्रदान करेंगे। फिल्म इंस्टीट्यूट के कैंपस में छात्रों के लिए छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केंद्र और मनोरंजन क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये सुविधाएं छात्रों को एक आरामदायक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगीए जहां वे अपनी पढ़ाई और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह फिल्म इंस्टीट्यूट न केवल युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा।

# पिछड़े वर्ग के छात्रों को मिलेगा बिना कटऑफ के छात्रवृत्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष राजेश वर्मा ने छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क सेन्टर की स्थापना की जाये ताकि उन्हें छात्रवृत्ति की समस्त जानकारी सुगमता से प्राप्त हो सके। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए निर्धारित अंकों का कटऑफ समाप्त कर अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों की भांति सभी पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 और 10 के लिए 1011871 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 862790 छात्रों को लाभान्वित किया गया तथा 1310 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिये गये। दशमोत्तर छात्रवृत्ति ध् शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए 965322 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 814817 छात्रों को लाभान्वित किया गया एवं 37431 आवेदन निरस्त किये गये। अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से 1920458 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 1544887 छात्रों को छात्रवृत्ति मिली जबकि बजट की कमी के चलते 31859 छात्र वंचित रह गये। संयुक्त निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने बताया कि छात्रवृत्ति फण्ड लिमिटेड स्कीम के अन्तर्गत वितरित की जाती हैए इसलिये उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही छात्रवृत्ति का वितरण संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित योजनाओं के प्रचार.प्रसार हेतु लगभग 01 करोड़ का बजट निदेशालय को जारी हुआ हैए जिस पर कार्यवाही जारी है। वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त सचिव संजय कुमार दूबे, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त निदेशक विकास शर्मा तथा आयोग के सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे।

# शहीद पथ से किसान पथ के बीच 24 मीटर चौड़ी 4-लेन सड़क पर फर्राटा भरेंगे वाहन

## उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लायें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहीद पथ से किसान पथ के बीच वाहन सीधे फर्राटा भरेंगे। इसके लिए गोमती नदी के दायें किनारे पर बंधा व 24 मीटर चौड़ी 4-लेन सड़क बनेगी। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित इस कार्य को रफ्तार देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंधे के एलाइनमेंट में आ रही भूमि को चिन्हित करते हुए मिट्टी की लेवलिंग का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्थल पर रोड के एलाइनमेंट में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए अभियंत्रण जोन-1, अर्जन अनुभाग व पीआईयू की संयुक्त टीम भी गठित की है। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह प्रोजेक्ट काफी महत्वपूर्ण है और इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना बहुत जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे स्थल पर एक साइट ऑफिस बनवाया जाए, जिसमें सम्बंधित अनुभागों से निर्धारित स्टॉफ की तैनाती की जाए। इसके अलावा इकाना क्रिकेट स्टेडियम के समानांतरण मास्टर प्लान में प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी रोड के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

### भूमि चिन्हित करने के लिए अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम गठित

इसके बाद उपाध्यक्ष ने सीजी सिटी स्थित वेट लैंड में निर्मित किये जा रहे कॉफर डैम का निरीक्षण किया। स्थल पर ले-आउट के अनुसार 06 चौड़े मीटर पाथ-वे का निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसमें उपाध्यक्ष ने मैन पावर बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित अधिकारियों की ओर से अवगत कराया गया कि पाथ-वे के कुछ हिस्से में भूमि अर्जन का विवाद है। इस पर उपाध्यक्ष ने नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग की टीम के साथ मिलकर अर्जित भूमि का सीमांकन एवं चिन्हांकन एक सप्ताह में करा लिया जाए, जिससे कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की रूकावट न आए।

### सीएसआई टावर में कार्य की धीमी प्रगति पर ठेकेदार को फटकार

उपाध्यक्ष ने सीजी सिटी में निमार्णाधीन सीएसआई टावर का निरीक्षण किया। टावर-ए और टावर-बी का निर्माण मेसर्स रामकी इन्फ्रा प्रा.लि की ओर से किया जा रहा है। मौके पर निर्माण एवं फिनिशिंग आदि के कार्य की प्रगति धीमी मिलने पर उपाध्यक्ष ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्था को रोस्टर चार्ट के अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करने की अंतिम नोटिस थमायी जाए। इसके बाद भी अगर काम में किसी तरह की हीलाहवाली पायी जाती है तो संस्था का भुगतान रोकते हुए जमानत धनराशि जब्ज की जाए, साथ ही संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। इसके बाद उपाध्यक्ष ने संस्कृति स्कूल का निरीक्षण करके स्पोर्ट्स सुविधाओं के कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही वाह्य विकास कार्य, बेसमेंट की फ्लोरिंग व ड्रेन तथा सिविल, इलेक्ट्रिकल आदि कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित की गयी। इस मौके पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, पीआईयू के प्रभारी एके सेंगर, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं अजीत कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं अभियंता गण उपस्थित रहे।

# अर्जुनगंज में 04 लेन मार्ग में रास्ते में आ रहा मंदिर व तिवारीगंज में सर्विस लेन पर मदरसा हटेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी की ओर से अवगत कराया गया कि अर्जुनगंज में फोरलेन बन रहे मार्ग में मंदिर होने की वजह से बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने अर्जुन गंज में 04 लेन मार्ग बनने में बाधा उत्पन्न हो रहे मंदिर को हटाया जाएगा। इसी प्रकार यातायात व्यवस्था सुचारु व सुगम रूप से न चलने व ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने के चलते तिवारीगंज में सर्विस लेन पर बने मदरसे को भी स्थानीय प्रशासन व नगर निगम की मदद से हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने एनएचएआई, पीडब्लूडी एवं सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, एनएचएआई, पीडब्लूडी एंव सेतु निगम सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- **लखनऊ-हरदोई रोड के निर्माणाधीन कार्य 31 जून तक पूरा करने के निर्देश**

**12 में से तीन सड़कें की बना सका लोनिवि :** लोक निर्माण विभाग के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि नई सड़कों का निर्माण/चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (वर्ष 2025-26) मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपदों में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल 148 सड़कों का पूर्ण किए जाने के लिए 505.83 किमी लंबाई के सापेक्ष अब तक 42 सड़कों को पूर्ण किया जा चुका है अवशेष 106 सड़कों का कार्य प्रगति में है। सड़कों का अनुरक्षण सामान्य मरम्मत एवं विशेष मरम्मत मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपदों में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल 95 सड़कों को पूर्ण किए जाने के लिए 344.39 किलोमीटर लंबाई के सापेक्ष अब तक 70 सड़कों को पूर्ण किया जा चुका है।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम सेतु निगम की ओर से मंडल में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारी की ओर से अवगत कराया गया कि मंडल सेतु निगम के कार्यों की संख्या 33 है सभी कार्य निर्माणधीन हैं। लखनऊ में सेतु निगम के 11 कार्य भी निर्माणधीन हैं। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन कार्यों में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि में संपूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता की ओर से अवगत कराया गया कि मंडल में रोड सेफ्टी के 88 कार्य योजना में सम्मिलित किए गए हैं। जो कि शासन को अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यूटिलिटी वाली सड़कों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रशासनिक व तकनीकी दृष्टिकोण के तहत सड़कों को कार्ययोजना में शामिल करे। धर्मार्थ योजना के अंतर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के प्रस्तावित कार्य भी प्राथमिकता पर कराते रहे।

## लेसा में ट्राली ट्रांसफार्मर की कमी तो कैसे मिलेगी समय पर बिजली

**लखनऊ।** गर्मी में बिजली गुल हो जाये तो घर में बच्चे परेशान हो जाते है। गर्मी शुरु होते ही बिजली कटौती होने लगती है। लेकिन इस बार बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों का दावा है कि गर्मी में किसी भी उपभोक्ता को परेशान नही होना पड़ेगा। शहर को भरपूर बिजली देने के लिए अभी से ट्रांसफार्मर और जर्जर तार को बदला जा रहा है। जिससे बिजली कटौती न करनी पड़े। वहीं दूसरी लेसा सिस गोमती के दर्जन भर उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता बिजली व्यवस्था को चौपट करने में लगे हुए है। पावर उपकेन्द्र पर तैनात जेई को दो ट्राली ट्रांसफार्मर दिया गया है जिससे बिजली रात में जाने पर तत्काल ट्राली ट्रांसफार्मर को जले हुए ट्रांसफार्मर पर लगाकर उसे सही किया जा सके। लेकिन जो ट्राली अतिरिक्त व्यवस्था के लिए रखा गया है उसे जेई या तो कबाड़ में रखे हुए है या फिर पहले से दूसरे जगह पर लगाकर बिजली सप्लाई चालू किये हुए है। ऐसे में रात को बिजली जायेगी तो अंधेरे में ही उपभोक्ता को रहना होगा। जबकी बिजली अधिकारी निर्देश दे रखे है कि ट्राली टांसफार्मर में किसी भी हाल में उपकेन्द्र के पास अतिरिक्त व्यवस्था के तौर पर रखा जाय। लेसा सिस गोमती के मुख्यअभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि जहां पर ट्रांली ट्रांसफार्मर की कमी है वहां एक दो दिन के अन्दर पूरा कर दिया जायेंगा।

## सरकारी प्रोजेक्ट की जमीन पर कब्जा, ध्वस्त

**लखनऊ।** अमौसी में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह की ओर से गठित टीम ने किया। अमौसी स्थित गाटा संख्या 806 च (9.611 हेक्टेयर) की भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर रूप में दर्ज है और नगर निगम की संपत्ति है, पर स्थानीय व्यक्तियों द्वारा, 0.126 हेक्टेयर भूमि पर अस्थाई निर्माण, नींव भराई और सीमेन्टेड वाल खड़ी कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया था। जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और भूमि को कब्जे से मुक्त कराया। मौके पर थानाध्यक्ष सरोजनीनगर द्वारा उपलब्ध कराई गई पुलिस बल और नगर निगम की ईटीएफ टीम भी मौजूद रही। उक्त गाटा संख्या पर शासन की ओर से स्वीकृत एक परियोजना स्थापित की जा रही है। जब टीम मौके पर पहुंची तो अवैध कब्जाधारियों ने विरोध किया। स्थिति को संभालते हुए प्रशासन ने कार्रवाई और शांति व्यवस्था बनाए रखी। इस अभियान के अंतर्गत कुल रकबा 9.611 में से 3.036 हेक्टेयर भूमि परियोजना के लिए अवैध कब्जे से मुक्त कर उपलब्ध कराई गई। कब्जा मुक्त कराई गई इस भूमि की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## अवध डिपो से हर आधे घण्टे पर मिलेगी पूर्वांचल की बस

**लखनऊ।** पूर्वांचल जाना है और रेलवे मे टिकट नही मिल रहा है तो परेशान होने वाली बात नही है। क्योंकि अवध बस डिपो से हर आधे घण्टे पर गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, गाजीपुर जाने के लिए बसे मिल रही है। पूर्वांचल जाने के लिए यात्री ज्यादा होने के कारण बसो कि संख्या बढ़ाई गयी है। परिहवन निगम के एमडी ने पूर्वांचल के यात्रियों के लिए बसो का विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया है। लखनऊ के क्षेत्रिय आरके त्रिपाठी ने बताया कि बसो को विभिन्न रुट पर चलाने के निर्देश दिया गया है। जिससे यात्री आसानी से अपने गांव जा सके। गोरखपुर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़, जौनपुर, मऊ के रहने वाले 60 प्रतिशत यात्री आते-जाते है। एक साथ ज्यादा संख्या में लोगो के जाने से साधारण बस और एसी बस में जगह नही मिल रही थी। बस में सीट नही मिलने से स्टेशनो पर भारी भीड़ हो रही थी। भीड़ से कोरान के मामले और ज्यादा बढ़ सकते है। जिसको देखते हुए एमडी ने निर्देश दिया है कि बस स्टेशन पर सभी यात्रियों की सुरक्षा के लिए जांच किया जाय। उन्होने कहा कि सोमवार से ऐसे रुट ज्यादा बसों की संख्या बढ़ाई जाय जहां पर महिला यात्रियों की संख्या ज्यादा हो। सोमवार को लखनऊ से मऊ जाने के लिए राशनी देवी सुबह से अपने परिवार के साथ अवध बस स्टेशन पर बैठी थी लेकिन बस में ज्यादा भीड़ होने के कारण बस में नही बैठ सकी। रोशनी देवी ने बताया कि करोना के मामले बढ़ रहे है लेकिन बस के चालक-परिचालक बस के अन्दर क्षमता से ज्यादा यात्रियों को बैठा रहे है।

# जिलाधिकारी द्वारा किला मुहम्मदी नगर ड्रेन का व्यापक निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शारदा नहर की लखनऊ शाखा पर ग्राम सरोसा भरोसा में मोहन रोड पुल के दोनों तरफ सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित कैटल घाट व रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य का निरीक्षण बुधवार को जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा किया गया। अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया कि इस कार्य के अंतर्गत दो अदद 120 मीटर लंबे आरसीसी कैटल घाट तथा कुल 800 मीटर लंबाई की रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जोकि लगभग 98 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा नहर मार्ग को मरम्मत करने तथा नहर की रिक्त भूमि को अवैध अतिक्रमण से संरक्षित कराए जाने के निर्देश दिए गये। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील सरोजनी नगर के शहरी क्षेत्रों जैसे खजाना मार्केट, आशियाना, ट्रांसपोर्ट नगर, ओमेक्स सिटी इत्यादि प्रमुख स्थलों के अन्तर्गत किला मुहम्मदी नगर ड्रेन का निरीक्षण किया गया। ड्रेन का निरीक्षण पकरी के पुल से होते हुए खजाना मार्केट, आशियाना चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर से शाहिद पथ कलवर्ट तक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अभियंताओं से उक्त ड्रेन के रिमॉडलिंग के संबंध में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली गई। परियोजना प्रबंधक सीएनडीएस द्वारा अवगत कराया गया कि इस ड्रेन के रिमॉडलिंग में यूटिलिटी शिफ्टिंग, शहीद पथ कलवर्ट का निर्माण, ड्रेन सफाई, पुनर्निर्माण इत्यादि सम्मिलित करते हुए सीएनडीएस द्वारा विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 20:30 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शनिवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:30 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रेपिस्ट को पुलिस ने दौड़ाकर मारी गोली, भर्ती





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के मदेयगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने उसे घेरा तो फायरिंग शुरू कर दी, इस पर टीम ने उसे दौड़ाया। इस दौरान पैर में गोली लगने के बाद बदमाश घायल हो गया। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पहचान रेप के मोस्टवांटेड कमल किशोर उर्फ भद्दर के रूप में हुई। भद्दर के पास से तमंचा, कारतूस, खोखा, बाइक बरामद हुआ। घटना बुधवार रात तड़के 3 बजे की है। वह सोमवार रात 2 बजे एक बच्ची के साथ रेप करके फरार हुआ था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। भद्दर झुग्गी-झोपड़ियों में छिपकर बचता चला आ रहा था।

**पुलिस के रोकते ही शुरू की फायरिंग:** थाना मदेयगंज की पुलिस टीम मंगलवार-बुधवार के दरम्यान रात 3 बजे रघुवंशी ढाल पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। इससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। सूचना पर डीसीपी आशीष श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे।

**24 घंटे में ही पुलिस ने दबोचा:** सोमवार की रात लगभग 2 बजे भद्दर ने एक मासूम बच्ची के साथ रेप किया था। पुलिस ने रात में मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। 24 घंटे के भीतर ही मुठभेड़ में उसे दबोच लिया। कमल किशोर उर्फ भद्दर, सीतापुर के सिधौली का रहने वाला है। लखनऊ के थाना मदेयगंज क्षेत्र में बंधा रोड की झोपड़पट्टी में रहता था। यहां घनी बस्ती है। बाहरी मजदूर रहते हैं, जो एक-दूसरे से जान-पहचान नहीं रखते हैं। इस वजह से इसे अपना ठिकाना बनाया था। भद्दर आसपास के घरों और गलियों में दिन में घूमा करता था। वह बच्चों पर नजर रखता था। उनकी दिनचर्या समझता और जिनके घरों में निगरानी कम होती उन्हें टारगेट करता था। खासतौर पर ऐसे बच्चों को निशाना बनाता था, जो खेलते समय अकेले हो जाते या उसकी झोपड़ी के पास से गुजरते थे। कई बार वह बच्चों को टॉफी या बिस्किट का लालच देकर अपने ठिकाने तक ले जाता था।

**झोपड़ी बनी थी अपराध की 'गुप्त गुफा':** बंधा रोड की झोपड़ी में भद्दर अकेले रहता था। यहीं पर उसने अपनी छोटी-सी जगह को अपराध की अड्डे में बदल रखा था। आसपास के लोगों से बातचीत नहीं करता था। दूर-दूर तक उसका कोई करीबी नहीं था। झोपड़ी की बनावट ऐसी थी कि कोई भी झांक कर अंदर नहीं देख सकता था। आसपास का शोर-शराबा उसकी करतूतों को ढक लेता था। घटना को अंजाम देने के बाद भद्दर अक्सर झोपड़ी में नहीं रुकता था। वह आसपास के खाली प्लॉट, पुलों के नीचे या बंधे के किनारे बनी झाड़ियों में छिपता था। पुलिस को गुमराह करने के लिए वह इलाके से निकलकर दो-तीन घंटे बाद ही वापस आता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि भद्दर देखने में साधारण मजदूर जैसा लगता था, लेकिन उसके व्यवहार में हमेशा कुछ रहस्यमयी बात थी। वह अकेला रहता था और बच्चों से ज्यादा घुलता-मिलता था।

## चलती गाड़ी से खींचकर युवक को सरेराह बेल्टों से पीटा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दबंगों ने दिनदहाड़े सड़क पर गुंडागर्दी की। कैसरबाग चौराहे पर आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एक युवक को चलती गाड़ी से जबरन खींच लिया। बेल्ट और डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद खून से लथपथ युवक किसी तरह अपने परिजनों के साथ कैसरबाग थाने पहुंचा। पुलिस को पूरी जानकारी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगलवार शाम कैसरबाग चौराहे पर ट्रैफिक के बीच एक तेज रफ्तार कार को कुछ लोगों ने जबरन रुकवाया। गाड़ी से एक युवक को बाहर खींच लिया। सड़क पर ही उसे डंडों और बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक हमलावर युवक को अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष कैसरबाग ने बताया कि घायल युवक का बयान दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हमले का कारण आपसी रंजिश हो सकता है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**राजधानी के सबसे व्यस्त चौराहे पर घटना से कानून-व्यवस्था पर सवाल:** इस घटना ने एक बार फिर लखनऊ की सड़कों पर पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है। आम लोगों में घटना को लेकर रोष है और सवाल उठ रहे हैं कि जब मुख्य चौराहे पर इस तरह की वारदात हो सकती है, तो बाकी इलाकों में आम जनता कितनी सुरक्षित है।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र में 2 युवकों की हुई मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईंगंज व सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में वाहन की चपेट में आकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित मोहम्मदपुर गढ़ी का रहने वाला अमित (22) मंगलवार शाम अपनी बहन खुशबू को उसके ससुराल छोड़ने के लिए मोटरसाइकल से उन्नाव के लव्वा गांव गया हुआ था जहां से रात में घर वापस लौटते समय गंगागंज के सैनिक ढाबे के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने देखा तो घटना की पुलिस को सूचना दी जिनके द्वारा इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया वही उसके मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। भाई संजीत ने बताया परिवार में पिता छंगा मां रामरानी चार भाइयों में छोटा था।

वही सुशांत गोल्फ सिटी में पीजीआई स्थित बरौना का रहने वाला रईस (26) निशातगंज में एक वेल्डिंग की दुकान पर वेल्डिंग मिस्त्री था।

चचेरे भाई इरफान ने बताया कि उसका भाई मंगलवार रात मोटरसाइकल से घर वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अर्जुनगंज के पास रोड पर खड़ा होकर किसी से फोन पर बाते करने लगा। वह रोड पर खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था इतने में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने देखा तो घटना के पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें उसके मोबाइल से घर वालों को फोन किया, घर वालों के पहुंचने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में बड़ा था परिवार में पिता सईद मां नूरी है।

# बिजली के तार की चपेट में आने से महिला मजदूर की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट के नौबस्ता में मकान निर्माण के दौरान छत के ऊपर बिजली के तार की चपेट में आने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई। महिला छत पर अकेले ही काम कर रही थी। इस दौरान उसे करंट लग गया और नीचे गिर गई। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिनहट के नौबस्ता इलाके में नीलकंठ नगर में संजीव गुप्ता के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को मकान में गोमतीनगर के विभवखण्ड 4/666 निवासी इंद्रा देवी (50) पत्नी स्व0 मुन्नीलाल मजदूरी का काम कर रही थी। करीब 11 बजे छत पर काम करते वक्त ऊपर से गुजरी बिजली के तार की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह नीचे गिर गई। महिला की चीख सुनकर भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर युवक ने दी जान:** बिजनौर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव निवासी 22 वर्षीय नीरज गौतम सिंह कंपनी में काम करता था। परिजनों का कहना है कि मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह अपने घर के पहले मंजिल पर बने कमरे में सोने चला गया। जब उठकर नहीं आया तो परिजनों ने उसे जगाने के लिए ऊपर कमरे में पहुंचे तो देखा ऊपर का नजारा ही कुछ और था यह नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। देखा कि कमरे में नीरज का शव पंखे से नायलान की रस्सी से लटका मिला। परिजनों ने रोना चिल्लाना शुरू कर दिया। रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए और आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कमरे की छानबीन की, लेकिन वहां पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतक के परिवार में पिता मिश्री लाल गौतम, मां, दो बहनों और एक भाई है। वह सुखी कंपनी मुल्लाही खेड़ा में काम करता था। उधर बिजनौर थाना प्रभारी का कहना है कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# यूपीएससी के छात्र ने मकान में लगायी फांसी, मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह उसका शव कमरे में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पिता ने जांच की मांग की है।

नीमसराय धूमनगंज प्रयागराज निवासी अंचित पाण्डेय (25) पुत्र गया प्रसाद पाण्डेय यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। लखनऊ में हुसड़िया चौराहे के पास पेट्रोल पंप के पीछे किराए के मकान में रहता था। बुधवार को तड़के चार बजे कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पहुंचाया।

पिता गया प्रसाद हाईकोर्ट में वकील हैं। उन्होंने बेटे की मौत पर संहेद जताते हुए जांच की मांग की है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी।

**कमरे में स्वीमिंग कर्मी ने लगाई फांसी मौत:** राजधानी के बिजनौर स्थित नटकुर गांव निवासी स्विग्गी कंपनी में काम करने वाले 22 वर्षीय नीरज गौतम ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह अपने घर के पहली मंजिल पर स्थित कमरे में सोने गए थे।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे तक नीरज के न उठने पर परिजन जगाने गए। कमरे में उन्हें नीरज का शव पंखे से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका दिखा। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कमरे की छानबीन की। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की है। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के अनुसार, आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिवार में पिता मिश्रीलाल गौतम, मां, दो बहनें और एक भाई है। नीरज मुल्लाही खेड़ा स्थित स्विग्गी कंपनी में कार्यरत था।

**कर्मचारी की संदिग्धावस्था में मौत:** चिनहट के देवा रोड औधोगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में एक कर्मचारी की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। कर्मचारी कंपनी के लेबर रूम में रहता था। सुबह जब कंपनी के अन्य कर्मचारी काम पर पहुंचे तो देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।? पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बाराबंकी के फतेहपुर सुढियामऊ अल्लापुर निवासी राजेश मिश्रा (41) पुत्र स्व0 रमापति मिश्रा चिनहट के देवा रोड अपट्रान स्थित भारत इंजीनियरिंग कंपनी में मजदूरी का काम करता था।? राजेश कंपनी के परिसर में ही बने लेबर रूम में रहता था।? बुधवार सुबह करीब 8 बजे परिजनों को सूचना मिली कि राजेश अपने लेबर रूम में संदिग्धावस्था में अचेत पड़ा हुआ हैं। जिसके बाद परिजन राजेश को राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल ले गए, जहां पर डाक्टरों द्वारा राजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के बारे में जानकारी हो पायेगी।

# अलग-अलग सड़क हादसे में बाइक सवार समेत दो की मौत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मोहान-मलिहाबाद रोड पर केवल हार के पास मंगलवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अभिषेक कुमार (24) की मौत हो गई। उधर, पारा के हंसखेड़ा में देर रात किसी वाहन ने 35 वर्षीय युवक को कुचल दिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। काकोरी के समरथ गांव निवासी अभिषेक प्रकाश मंगलवार रात रिश्तेदार के घर से भंडारे में शामिल होकर लौट रहे थे। इस बीच मोहान-मलिहाबाद मार्ग पर केवल हार के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से अभिषेक बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरे। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश में सीसी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। हादसे में युवक की मौत काकोरी। पारा के हंसखेड़ा में मंगलवार देर रात किसी वाहन ने 35 वर्षीय एक युवक को कुचल दिया। खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे उसे पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके दाहिने हाथ में गुड़िया रानी लिखा था और टैटू बना था। सड़क किनारे मिला युवक का शव सरोजनीनगर। कानपुर रोड अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार सुबह 6:30 बजे एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि शव को मच्युर्री में रखवा दिया गया है।

**पिकअप डाला ने मारुति वैन में मारी टक्कर, मारुति क्षतिग्रस्त:** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में खड़ी मारूती वैन में पीछे से पिकप डाला की टक्कर से मारुती वैन क्षतिग्रस्त हो गई। पीजीआई थाना क्षेत्र के उतरठिया बाजार निवासी गणेश प्रसाद गुप्ता का कहना है कि मारुती वैन को सर्विस करने के बाद हिंद नगर के बीयर वाली गली स्थित पराग रोड पर पाल मिस्त्री के कार्य स्थल पर गाड़ी खड़ी कर दिए थे। उसी दिन रात्रि लगभग 9:30 बजे पिकअप डाला का ड्राइवर शराब के नशे में धुत होकर तेजी से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मारूती वैन गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। रात में लगभग 10:00 बजे पाल मिस्त्री ने फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर जब घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि पिकअप डाला गाड़ी में धसी हुई खड़ी थी। लेकिन वहां पर डाल चालक नहीं था। आसपास के लोगों से पता चला कि ड्राइवर टक्कर मारने के बाद वहां से भाग गया है। जाते-जाते कह गया था कि सुबह आकर अपना डाला ले जाऊंगा और गाड़ी भी बनवा दूंगा क गणेश प्रसाद गुप्ता का कहना है कि दूसरे दिन भी वह नहीं आया और डाला वहीं खडा रहा। डाला चालक 8 जनवरी को 5-6 लोगों के साथ आकर डाला ले जाने लगा। तब उसने कहा था कि मैं मारुति वैन को बनवा दूंगा। लेकिन उसने नहीं बनवाया और अब वह फोन भी नहीं रिसीव कर रहा है। गणेश प्रसाद गुप्ता ने लिखित सूचना सरोजनीनगर थाने में दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी को लिखा पत्र

- **नादरगंज व सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की उठायी मांग**



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अमौसी (नादरगंज) तथा सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु मुख्य सचिव को निर्देशित किये जाने का आग्रह किया है।

सीएम योगी को विधायक राजेश्वर सिंह ने पत्र लिखा कि विधानसभा क्षेत्र सरोजनीनगर में दो औद्योगिक क्षेत्र स्थित हैं। अमौसी (नादरगंज) तथा सरोजनीनगर में 250 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं। वर्णित औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों का चौड़ीकरण, उच्चीकरण, सर्विस रोड निर्माण तथा अवशेष सड़कों का निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है। जल भराव, सीवर, विद्युत, मार्ग प्रकाश आदि आधारभूत सुविधाओं के अभाव में होने वाली कठिनाइयों से भी पत्र के द्वारा अवगत कराया गया था। औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं कराया जा सका है। अनुरोध है कि अमौसी (नादरगंज) एवं सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सचिव को निर्देशित करें कि वह स्वयं अपने स्तर पर समीक्षा कर समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराये। इस संबंध में सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि लखनऊ औद्योगिकरण की दिशा में तेजी से उभरता हुआ शहर है। नादरगंज में ही प्रदेश की पहली आर्टिफिशल इंटेलिजेंस सिटी विकसित हो रही है। इसके अलावा सरोजनी नगर में हिंदुजा ग्रुप ने प्रदेश की सबसे बड़ी ईवी फैक्ट्री स्थापित की है, जहां प्रतिवर्ष 2500 अशोक लीलैंड बसों का निर्माण होगा। इसी क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर, ऐरो सिटी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी प्रक्रियाधीन हैं इसलिए आवश्यक है कि औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ किया जाए ताकि आने वाली कंपनियों को निवेश करने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# भरण पोषण न्यायाधिकरण को बेदखली का आदेश पारित करने का हक नहीं : हाई कोर्ट

- **माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों को पूर्ण पीठ ने किया स्पष्ट**

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने माता पिता और वरिश्ठ नागरिकों का भरण पोशण और कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानें की व्याख्या करते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत गठित भरण पोषण न्यायाधिकरण, अपीलीय न्यायाधिकरण या जिलाधिकारी को सीनियर सिटीजन या माता पिता की अर्जी पर उसके किसी रिश्तेदार, तीसरे पक्ष या अन्य किसी को सम्पत्ति से बेदखल करने का अधिकार नहीं है।

हांलाकि कोर्ट ने साफ किया कि इस अधिनियम में प्रावधान है कि यदि सीनियर सिटीजन या माता पिता ने किसी को यह कहकर कि वह उसकी सेवा करेगा सषर्त दान या अन्य तरीके से अपनी सम्पत्ति दे दी है किन्तु उक्त दान विलेख रजिस्टर्ड हो जाने के बाद वह लाभकर्ता अपनी षर्त से मुकर जाता है और सेवा नहीं करता है तो उसके इस कृत्य को धोखा माना जायेगा और ऐसे में इस अधिनियम के तहत गठित भरण पोशण न्यायाधिकरण उक्त दान विलेख का खारिज कर सकता है। यह फैसला जस्टिस ए आर मसूदी, जस्टिस जसप्रीत सिंह व जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की पूर्ण पीठ ने ओंकार नाथ गौर की याचिका पर उसे प्रेशित संदर्भ को मंजूर करते हुए पारित किया है। दरअसल इस विशय पर अलग अलग पीठों के भिन्न भिन्न फैसले थे जिस कारण मामले को पूर्ण पीठ को संदर्भित किया गया था। पूर्ण पीठ ने अपने फैसले में यह साफ किया कि 2007 के इस अधिनियम की मंषा सीनियर सिटीजन और माता पिता को समाज में सुरक्षा प्रदान करना है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने सवेरा स्कीम लांच की है जिसमें कोई भी सीनियर सिटीजन या माता पिता अपने को हेल्पलाइन नंबर 112 पर रजिस्टर्ड करा सकते है जिससे उन्हें सहायता मिल सकती है।

## साइबर ठगों ने दो महिलाओं से हड़पे ढाई लाख




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम एप के जरिए लिंक भेज कर दो महिलाओं को ग्रुप में जोड़ा। टास्क पूरा करने पर मुनाफे का लालच देकर आरोपितों ने ढाई लाख रुपये जमा कराए। मुनाफा नहीं मिलने पर पीड़िताओं ने तालकटोरा और कैंट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। राजाजीपुरम निवासी रबिना सिंह को टेलीग्राम के जरिए एक लिंक मिला था। जिसमें टास्क पूरा करने पर मुनाफा दिए जाने का दावा किया गया।

रबिना ने 11 मई से 19 मई के बीच कई टास्क पूरे किए। इस दौरान ठगों ने रबिना से करीब एक लाख 70 हजार रुपये अलग-अलग खातों में जमा कराए। मुनाफे के साथ जमा किए गए रुपये वापस करने का दावा किया गया था। जिसके पूरा नहीं होने पर पीड़िता को संदेह हुआ। नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत करने के साथ रबिना ने तालकटोरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, कैंट सदर निवासी दीप्ति केसरवानी को भी टेलीग्राम के जरिए लिंक भेज कर एक ग्रुप में जोड़ा गया। टास्क पूरा करने के बदले दीप्ति से करीब 84 हजार रुपये विभिन्न खातों में जमा कराए गए।

### गोलियां बरसाने वालों की तलाश में लगीं चार टीमें

लखनऊ। सर्वोदयनगर में रविवार दोपहर प्रापर्टी डीलर मुरसलीन को ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारने के मामले में फरार हमलावरों की तलाश में पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही हैं। एक टीम ने बाराबंकी में डेरा डाल रखा है। उधर, लोहिया में भर्ती मुरसलीन की हालत स्थिर बनी हुई है। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में दो आरोपित अरशल गाजी और शिवपुरी का रहने वाला फैज अबतक जेल भेजा चुका है। वहीं, फैसल उसके भाई फैजल के अलावा साथी समृद्ध, अजय, शादाब फरमान, नदीम और अनिमेष की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। हमलावर फोन बंद कर फरार हैं। पुलिस टीम उनके परिवारीजन और करीबियों के संपर्क में है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### बाइक को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में बाइक में कार से टक्कर मारने वाले आरोपित को सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 25/26 की रात सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में पीड़ित अचित्य मिश्रा घर लौट रहा था।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र कुलदीप को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे पुत्रों हरीश, महीप, दिलीप एवं संदीप का कुलदीप के व किसी भी प्रकार के क्रियाकलाप से कोई सरोकार नहीं होगा। **नन्हका पत्नी स्व. रामफल, निवासी इसूर, थाना जयसिंहपुर, जनपद सुल्तानपुर।**

# किरदारों को चुनते वक्त उनकी विविधता पर ध्यान देती हूं : अनुष्का मर्चंडे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी सीरियल पुकार, मैं हूँ अपराजिता और सासूमाँ ने मेरी कदर ना जानी जैसे शो से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस अनुष्का मर्चंडे जल्द ही जी टीवी और शशि सुमित प्रोडक्शन के शो सुरु में दिखाई देने वाली हैं।इस शो में वे अनिका का किरदार निभा रही है। हाल ही में उन्होंने मीडिया को एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में अनुष्का ने शो में अपने किरदार, अनुभव और जी टीवी के साथ दोबारा काम करने सहित कई मुद्दों पर बात की।

**आपने प्रोमो में ही सबका ध्यान खींच लिया. हमें शो के बारे में कुछ बताइए ?**

सरु एक ऐसी कहानी है जिसमें एक गांव की सीधी-सादी लड़की शहर आती है और अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करती है, लेकिन उसी सफर में उसे चुनौती देती है अनिका झ्र यानी मैं। मैं एक ऐसा किरदार निभा रही हूँ जो उसकी राह में रुकावट बनती है।यह शो एक संघर्ष, सपनों और अहंकार के टकराव की कहानी है।

**इस शो में आप निगेटिव रोल निभा रही है। आपका इस ओर कैसे रुझान हुआ ?**

मैं अपने किरदारों को चुनते वक्त उनकी विविधता पर ध्यान देती हूं। मैंने पहले पॉज़िटिव, मासूम, बहू, और चालाक कॉन गर्ल तक का रोल निभाया है। लेकिन सरु में अनिका एकदम अलग है।स्टाइलिश, अमीर, अड़ियल और सेल्फ ऑफसेस, मुझे लगता है एक कलाकार को ऐसे रोल चुनने चाहिए जो उसकी कला को निखारें( निगेटिव शेड निभाना एक नया एक्सपीरियंस है, और मैं इसे एन्जॉय कर रही हूँ।

**शगुन पांडे और बाकी कलाकारों के साथ आपकी बॉन्डिंग कैसी रही ?**

बहुत शानदार ! सेट पर सभी लोग बहुत अच्छे हैं झ्र शगुन, सरु, मेरी ऑन-स्क्रीन माँ और दादी, सभी बहुत सहयोगी हैं, हम सब धीरे-धीरे एक परिवार की तरह बन गए हैं. सीन के दौरान भी बहुत मजा आता है और कैमरे के पीछे भी हंसी-मजाक चलता रहता है।

**आपको क्या लगता है कि यह कहानी दर्शकों से कैसे जुड़ेगी ?**

सरु एक ऐसी लड़की है जो अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ी है और आज के दर्शक ऐसे किरदारों से जल्दी जुड़ जाते हैं. वहीं, अनिका जैसी लड़की भी है, क्योंकि वह जानबूझकर ऐसी नहीं बनी, बल्कि उसकी परवरिश ने उसे ऐसा बनाया। माँ और दादी ने उसे इतना ज्यादा पैंपर किया कि वह बिगड़ गई। मुझे लगता है कि पैरेंट्स भी इस बात से खुद को जोड़ पाएंगे।

**आपने जी टीवी के साथ पहले भी काम किया है, दोबारा उनके साथ काम करने का अनुभव आपका कैसा रहा ?**

जी टीवी मेरे लिए हमेशा घर जैसा रहा है। मैंने पहले श्वेता तिवारी जी के साथ जी का शो मैं हूँ अपराजिता किया था, वह मेरे लिए माँ जैसी हैं और मेरी बहुत अच्छी दोस्त भी। दोबारा जी टीवी के साथ काम करना बहुत खास है। ऐसा लगता है जैसे मैं अपने परिवार में लौट आई हूँ।

**आखिर में अपने फैंस और दर्शकों के लिए आप क्या कहना चाहेंगी ?**

मैं अपने सभी फैंस का दिल से शुक्रिया अदा करना चाहती हूँ कि उन्होंने मुझे हर शो में इतना प्यार दिया। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे अनिका के रूप में भी पसंद करेंगे। यह किरदार भले ही निगेटिव है, लेकिन इसमें एक नया अंदाज है। मुझपर अपना प्यार और सपोर्ट बनाए रखिए।

## हिंदी सेवा करने वालों का 30 को होगा सम्मान

लखनऊ। 'अखिल भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ' एवं 'रंगभारती' के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता की 166वीं वर्षगांठ के अवसर पर हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में सायंकाल छह बजे से 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहेंगे। आयोजन में अनेक वरिष्ठ पत्रकारों एवं हिंदीसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। इलाहाबाद उच्चन्यायालय के हिन्दी के प्रति विशेष निष्ठा रखने वाले न्यायाधीश न्यायमूर्ति 'डॉ. शेखर कुमार यादव को भी सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 1926 में 30 मई को पंडित युगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता में प्रथम हिन समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन किया था।

## वैदिक मंत्रोचारण-शंखनाद संग हजरतगंज कोतवाली में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली में बुधवार सुबह वैदिक मंत्रोचारण और शंखनाद के साथ नवनिर्मित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर शिवलिंग, श्रीराम जानकी, राधाकृष्ण और हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर परिसर के वाह्य द्वार दक्षिण दिशा पर शनि भगवान को विराजमान किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव, एसीपी विकास कुमार जायसवाल ने पूजा अर्चना की। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने पत्नी व अन्य पुलिस कर्मियों समेत हवन कुंड में आहुतियां देकर सर्वेभवंतु सुखिनाः सवेशंतु निरामयः मंत्रोचारण कर सभी के कल्याण की की कामना की। तत्पश्चात शंखनाद और घंटा बजाकर आरती के साथ ही पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इसके उपरांत कन्या भोज, ब्राह्मण भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। थाना परिसर में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## भातखण्डे में योग की कार्यशाला में लोग सीख रहे आरोग्य का मंत्र



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में 21 मई से आरंभ प्रातः कालीन 7 बजे की मासिक कार्यशाला में लोग योग का विधिवत प्रशिक्षण निशुल्क प्राप्त कर रहे हैं 21 जून तक चलने वाली कार्यशाला में विद्यार्थी शिक्षक गण बच्चे एवं बुजुर्गों को योग के द्वारा निरोगी होने हेतु प्रेरित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम की विस्तृत जानकारी दी जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विश्वविद्यालय ने योग से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों की योजना बनाई हैं। 30 मई को विश्वविद्यालय के घटक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के द्वारा ₹ज्ञान और अनुभव का संगम योग₹ विषय पर अंतरराष्ट्रीय योग संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 17 एवं 18 जून को ज्ञान और अनुभव का संगम योग शीर्षक पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया जाएगा जिसमे देश के ख्यातिप्राप्त योग साधक कलाकार एवं धर्मगुरु अपना वक्तव्य प्रदान करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा रोग निवारण मे योग शीर्षक पर एक शोध पत्रिका का प्रकाशन भी किया जाएगा । शोध पत्रिका हेतु विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अध्येताओं और विद्वानों से 5 जून तक निशुल्क शोध पत्र आमंत्रित किया गया है। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा, योग हमारी संस्कृति एवं विरासत है । हमें खुशी है कि हम इस कार्यशाला में योग के प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों तक पहुँच रहे हैं। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलसचिव की डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों को योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी जा रही है जैसे कि योग के लाभ, योग आसन, प्राणायाम, और ध्यान। विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रतिभागियों को व्यक्तिगत ध्यान देने के साथ-साथ उन्हें अपने योग अभ्यास में सुधार करने में मदद कर रहे हैं।

# निर्जला एकादशी 6 को, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी का बहुत ही खास महत्व माना गया है। निर्जला एकादशी का व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है। इस साल निर्जला एकादशी का व्रत 6 जून को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। लोग इस दिन बिना पानी पिए व्रत रखते हैं। निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं।

ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को करने से सभी एकादशियों के व्रत का फल मिलता है और सारे पाप धुल जाते हैं। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि का बहुत महत्व है और इस दिन लोग बिना पानी पिए व्रत रखते हैं, इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहते हैं। पंचांग के अनुसार, 6 जून को रात 2 बजकर 15 मिनट पर एकादशी तिथि शुरू हो जाएगी। यह तिथि अगले दिन, यानी 7 जून को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए, निर्जला एकादशी का व्रत 6 जून को रखा जाएगा और एकादशी व्रत का पारण हमेशा द्वादशी तिथि में किया जाता है इसलिए, निर्जला एकादशी व्रत का पारण 7 जून को होगा।

**निर्जला एकादशी का महत्वः** निर्जला एकादशी का पौराणिक महत्व बहुत खास माना जाता है। एक बार व्यासजी के कहने पर पांडवों में भीम ने यह व्रत रखा था, तब से इस एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। भीम ने मोक्ष की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखा था। माना जाता है एकादशी के इस व्रत को करने से साल भर की सभी एकादशियों का व्रत करने के बराबर पुण्य मिलता है। निर्जला एकादशी का व्रत बहुत खास माना जाता है, ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को करने से सारे पाप धुल जाते हैं। साथ ही, भगवान विष्णु की कृपा भी मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, निर्जला एकादशी का व्रत करने वाले को मरने के बाद मोक्ष मिलता है। निर्जला एकादशी का व्रत करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है और व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास भी होता है। इस दिन अन्न और धन का दान करना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से धन लाभ होता है और तिजोरी हमेशा भरी रहती है।

**निर्जला एकादशी व्रत में पानी पीने का क्या है नियमः** अगर सामर्थ्य नहीं है, तो सूर्योदय से सूर्यास्त तक भी व्रत कर सकते हैं। अगर आप पानी के बिना नहीं रह सकते हैं, तो दशमी की रात तड़के 3 से 4 बजे तक पानी पी सकते हैं, लेकिन सूर्योदय होने के बाद पानी नहीं पी सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि पक्षियों की आवाज आपके कानों में ना पहुंचने पाएं। सूर्यास्त के दो घंटे बाद पानी पी सकते है। कहा जाता है कि इससे 12 एकादशी के व्रत का फल मिल जाता है। कहा जाता है कि इस दिन आप जलदान करें। इससे निर्जला एकादशी के फल का पुण्य मिल जाता है। निर्जला एकादशी के दिन अगर 24 एकादशी के व्रत का फल लेना चाहते हैं, तो द्वादशी के दिन सुबह 5-6 बजे के बीच व्रत का पारण कर सकते हैं। पारण तुलसी मिले जल से खोलना चाहिए। इससे आपके जीवन में कई पापों का निवारण हो जाता है। अगर आप पानी और फल के साथ व्रत करना चाहते हैं, तो वो भी कर सकते हैं।

**निर्जला एकादशी व्रत की पूजाविधि :** निर्जला एकादशी पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर सूर्य को जल चढ़ाना चाहिए और मन में भगवान का स्मरण करके मंदिर की सफाई करनी चाहिए। व्रत का संकल्प लेकर, विष्णु और लक्ष्मी की मूर्ति लकड़ी की चौकी स्थापित करके पर विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। भगवान को पीले फल और मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाना चाहिए, विष्णु सहस्त्रनाम और विष्णु चालीसा का पाठ करना चाहिए। पूरे दिन श्रद्धा से व्रत रखना चाहिए और पूजा-पाठ में मन लगाना चाहिए।



### निर्जला एकादशी से 24 एकादशी व्रत के समान मिलता है फल

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जाना जाता है। निर्जला एकादशी का महत्व सभी एकादशी में सबसे अधिक होता है। इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। साल में कुल 24 एकादशी पड़ती है। निर्जला एकादशी के व्रत में पानी का सेवन भी नहीं किया जाता है। इस दिन जल का त्याग करना होता है। इस पावन दिन व्रत रखने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है।

### 12 जून से गुरु ग्रह होंगे अस्त

**लखनऊ।** चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं व संसार का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। अगर आप इस सीजन में शादी की योजना बना रहे हैं तो जल्दी करें, क्योंकि अब विवाह के लिए गिने-चुने मुहूर्त ही बचे हैं। 8 जून से लेकर 15 नवंबर तक विवाह समारोह पर विराम लग जाएगा। यह विराम गुरु ग्रह के अस्त होने और चातुर्मास के चलते लगेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, विवाह के शुभ मुहूर्त इस साल 14 अप्रैल से शुरू हुए थे लेकिन अब जून में 8 तारीख को अंतिम मुहूर्त है। 12 जून से गुरु ग्रह अस्त हो जाएंगे और उनके पुनः उदय तक यानी 9 जुलाई तक विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाएंगे। पंचांग अनुसार, इस साल 6 जुलाई से देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास शुरू हो जाएगा, जो 1 नवंबर तक चलेगा। चातुर्मास और गुरु अस्त का असर यह होगा कि विवाह जैसे शुभ कार्यों पर 8 जून से 15 नवंबर तक विराम रहेगा। ऐसे में जिन परिवारों को इस सीजन में शादी करनी है, उन्हें मई और जून के बचे हुए मुहूर्तों में आयोजन करना होगा। चतुर्मास के पूर्व 12 दिन ही विवाह के लिए शुभ मुहूर्त मिल रहे हैं। पंडितों के अनुसार, मई में 20, 22, 23, 24, 27 और 28 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं, जबकि जून में 1, 2, 4, 5, 7 और 8 जून को विवाह के लिए अनुकूल तिथि है। ज्योतिषीय मान्यता है कि विवाह के लिए गुरु और शुक्र ग्रह की स्थिति अनुकूल होना जरूरी है। ऐसे में अब समय कम और मांग ज्यादा है।

## आज के समाज से रूबरू कराता है 'तुम सम पुरूष न मो सम नारी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय एवं नई दिल्ली एवं संस्कृत निदेशालय के सहयोग से रासरंग संस्था लखनऊ की नवीनतम लोकनाट्य प्रस्तुति सुम सम पुरूष न मो सम नारी का मंचन एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। नाटक का लेखन स्व. उर्मिल थपलियाल और निर्देशन सरिता यादव ने किया।

तुम सम पुरूष न मो सम नारी नौटकी और स्वाग की मिश्रित शैली तथा फिल्मी गीतों से परिपूर्ण शैली मे समसमायिक लोकनाट्य है। नाटक की शुरूआत आरती जय हो जय हो भरत मुनि जी से आरम्भ होती है। इसके पश्चात रंगा। और छगा। जो इस कहानी मे सूत्रधार की भूमिका में है वो इस कविता के माध्यम से लोकनाट्य कि शुरूआत करते है। कि 'आवा सभी मिलि खेल दिखावहि बोलि रहे आखर अवधी के इस कहानी का मुख्य पात्र बलई है जो एक नम्बर का आलसी और कामचोर होता है। उसके आलसीपन और बड़ी बड़ी बातो में एक दिन रामकली फस जाती है रंगाा और छंगा। को केन्द्र में रखते हुए बलई और रामकली कि कहानी आगे बढती है बलई के नकली मरने तथा श्मशान में चोरों के धन बटवारे को लेकर सब कुछ दिखाने का प्रयास किया गया है। यह प्रस्तुति संगीतमय है। इस प्रस्तुति मे जिन गीतों का समावेश है वो कुछ इस प्रकार है जैसे जय सुखदाई शारदा जय अधीग गनेस, जा पर जाको सत्य सनेहु, कथा सुनावे देत कलेऊ, खेत जमीन बैल सब बिकिगै बलई राम मुहझौसा, फिरकी जस लटुअन की नाई सबुकि नचावत राम गुसाई, जब तब खिस्सा मा माल रहा दुई मौज मनावत खात रहे। नाटक में अहम भूमिका धीरेन्द्र कुमार पांडे, ब्रजेश कुमार चौबे, कृष्ण कुमार पांडेय, अनामिका रावत ने निभायी।

# एक ही पेड़ पर फलते हैं 300 से ज्यादा वैरायटी के आम

- 85 वर्षीय पद्मश्री हाजी कलीमुल्लाह खान ने 18 साल में किया तैयार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को आप आम की राजधानी भी कह सकते है क्योंकि लखनऊ के मलिहाबाद के एक बाग में ऐसा पेड़ खड़ा है, जो दुनिया में अपने आप में मिसाल है। यह कोई आम पेड़ नहीं, बल्कि एक वंडर ट्री है, जिस पर एक, दो या 10 नहीं, बल्कि 300 से ज्यादा किस्मों के आम उगते हैं। स्वाद, रंग, आकार और खुशबू हर एक किस्म दूसरे से बिल्कुल जुदा। इस पेड़ के जनक हैं 85 वर्षीय पद्मश्री हाजी कलीमुल्लाह खान, जिन्हें दुनिया मैंगो मैन ऑफ इंडिया के नाम से जानती है।

इस ऐतिहासिक पेड़ को तैयार करने में कलीमुल्लाह खान को 18 साल से ज्यादा वक्त लगा. वो इसे अपने दिल के सबसे करीब बताते हैं। पेड़ की हर शाख पर एक नई दुनिया है। एक तरफ केसर, दूसरी तरफ दशहरी, फिर तोतापरी, अल्फांसो और न जाने कितनी दुर्लभ प्रजातियां। हाजी साहब ने ग्राफ्टिंग तकनीक का इस्तेमाल कर यह करिश्मा किया, जिसमें एक ही पेड़ की अलग-अलग शाखाओं पर विभिन्न वैरायटी को जोड़ा गया। मलिहाबाद की अब्दुल्ला नर्सरी, जो कलीमुल्लाह खान ने 1987 में 5 एकड़ में शुरू की थी, आज आम की शोध का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बन चुकी है।

**ऐश्वर्या से लेकर नमो तकः** हाजी कलीमुल्लाह साहब हर साल एक नई वैरायटी का आम उगाते हैं और उसको एक खास नाम देते हैं. हाजी साहब ने आम की कई नई वैरायटीज को देश की जानी-मानी हस्तियों के नाम समर्पित किया है। जैसे ऐश्वर्या आम, जो ऐश्वर्या राय की खूबसूरती से प्रेरित है। फिर नमो आम, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर है। इसी तरह योगी आम, मुलायम आम, अमिताभ आम, सचिन आम, डॉ. कलाम आम, यहां तक कि निर्भया और कोरोना वॉरियर्स के नाम पर भी किस्में तैयार की गई हैं। इन आमों का स्वाद जितना खास है, उनके पीछे की सोच उतनी ही संवेदनशील. इस साल उन्होंने जो आम उगाया है उसको रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समर्पित किया है. उसका नाम राजनाथ आम रखा है। हाजी कलीमुल्लाह खान को 2008 में पद्मश्री से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें उद्यान पंडित पुरस्कार, एशिया के 100 शीर्ष शोधकताओं में स्थान और 500 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं. जापान, ओमान, अमेरिका, ईरान , जैसे देशों से वैज्ञानिक और पत्रकार हाजी साहब की नर्सरी में रिसर्च के लिए आते हैं. हाल ही में अमेरिका की एक टीम यहां 8 दिन तक रुकी, पेड़ पर रिसर्च की और कलीमुल्लाह को अपने देश आने का न्योता दिया. अलग अलग देशों से आए वैज्ञानिक पेड़ की वीडियो, पत्तियों और उनके आमों के सैंपल रिकॉर्ड करके ले गए। कलीमुल्लाह खान की कहानी केवल आम की नहीं, आम आदमी की असाधारण सफलता की भी है। सातवीं कक्षा में फेल, गरीबी में मजदूरी करने वाले इस युवक ने 1958 में ही 7 किस्मों का आम का पेड़ तैयार कर दिया था, जो 1960 की बाढ़ में बह गया। मगर जुनून नहीं बहा। 1987 से इस पेड़ पर काम शुरू किया उस वक्त 33 किस्म के आम थे अब 300 से ज्यादा तरह के आम हैं।

27 साल छप्पर में रहने, कर्ज में जमीन लेने और तमाम संघर्षों के बाद उन्होंने वो कर दिखाया, जिसकी गूंज आज दुनियाभर में है। जैसे दो इंसान मिलकर एक नई जान पैदा करते हैं, वैसे ही दो किस्मों के आम मिलकर एक नई किस्म को जन्म देते हैं। ये आम मेरा तोहफा है पूरी दुनिया के लिए, मलिहाबाद का यह आम का पेड़ आज केवल एक बागवानी का नमूना नहीं, भारत की नवाचार परंपरा, जुनून और धैर्य का प्रतीक बन चुका है। हाजी कलीमुल्लाह खान इस पेड़ के जरिए बता रहे हैं कि अगर लगन हो, तो एक आम पेड़ भी असाधारण बन सकता है।

# हॉरर कॉमेडी के नाम पर बोर करती है फिल्म 'द भूतनी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह
- डायरेक्टर : सिद्धांत सचदेव

**रेटिंग-2/5**

**लखनऊ।** शांतनु ( सनी सिंह ) और उसके रूममेट्स, साहिल ( बेयूनिक ) और नासिर ( आसिफ खान ) दिल्ली के सेंट विंसेंट कॉलेज में पढ़ते हैं। वहां एक वर्जिन ट्री है, जिस पर मोहब्बत ( मौनी रॉय ) का साया है। यह एक ऐसी आत्मा है, जो हर वैलेंटाइन डे पर सच्चे प्यार की तलाश में जागती है। होलिका दहन पर यह अपने साथ आत्माओं को ले जाती है। कोई भी इस आत्मा की पहचान या इस भयानक घटना के पीछे का कारण नहीं जानता। कहानी में सस्पेंस तब बढ़ता है, जब कॉलेज के छात्रों को मतिभ्रम होता है, मिर्गी के दौरे पड़ते हैं, यहां तक कि आत्महत्या की चाह का अनुभव होने लगता है।

कॉलेज मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के साथ हो रही इस अजीब स्थिति से परेशान है। फैसला लिया जाता है कि बाबा ( संजय दत्त ) को बुलाया जाएगा। बाबा एक एक पैरा-फिजिसिस्ट हैं, जो भूतों को भगाने में माहिर हैं। बाबा कॉलेज कैंपस आते हैं। सच का पदार्फाश करने और आत्मा को भगाने के लिए अपने साथ विचित्र उपकरण लेकर आते हैं। इस कहानी में एक ठुकराया हुआ प्रेमी है। भूतनी मोहब्बत उसके पीछे पड़ी है। पैरा-फिजिसिस्ट बाबा को एहसास होता है कि यह कोई आम भूतनी नहीं है। इस आत्मा की ताकत ऐसी है, जो इससे पहले कभी नहीं देखी गई। तो क्या अब इस भूतनी से छुटकारा मिलेगा, या फिर ये ऐसे ही मंडराती रहेगी ? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी। हॉरर-कॉमेडी जितना मजेदार जॉनर है, उतना ही मुश्किल भी। बीते कुछ साल में 'स्त्री फ्रेंचाइज' जैसी फिल्मों ने इसकी क्षमता साबित की है। राइटर-डायरेक्टर सिद्धांत सचदेव भी कुछ इसी तरह की कोशिश करते हैं। सिद्धांत और वंकुश अरोड़ा की कहानी नई राह पर नहीं चलती। संतोष थुंडियिल की सिनेमैटोग्राफी कभी-कभी इसे एक माहौल देती है। लेकिन प्लॉट और स्क्रीनप्ले में कमियां भरी हुई हैं। लिहाजा, फिल्म कमजोर पड़ जाती है। फिल्म में एक जगह मोहब्बत, शांतनु को लुभाने के लिए इंसान का रूप लेती है। वह लगातार उसके साथ होती है। लेकिन एक बार जब यह भेद खुल जाता है कि वो भूत है, तो वह बेवजह घंटों के लिए गायब हो जाती है। यह बात इस भूतनी की ताकत और क्षमताओं को देखते हुए समझ से परे है। हालांकि, कुछ सीन्स बड़े दिलचस्प हैं, पर बनावटी और मोहब्बत के घटिया मेकअप के कारण इसका असर नहीं पड़ता। फिल्म 'द भूतनी' हॉरर के मोर्चे पर भी कमजोर है। हालांकि, इसमें कॉमेडी के ढेर सारे तत्व हैं, लहिजा इन कमियों की कुछ हद तक भरपाई हो जाती है। सनी सिंह, निकुंज लोटिया और आसिफ खान ने मजेदार वन-लाइनर दिए हैं और उनकी दोस्ती कभी-कभी हंसा भी देती है। लेकिन उनके किरदार बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए और पुराने लगते हैं। साहिल को एक गर्लफ्रेंड की तलाश है। वह इस पर बेवजह अड़ा हुआ है। इसी तरह नासिर एक शायर बनने की चाहत रखता है, जो लगातार उर्दू में बात करता है। फिल्म में आपको नॉस्टैल्जिया भी देने की कोशशि की गई है- मौनी रॉय के पॉपुलर शो 'नागिन' और संजय दत्त की 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' के साथ ही 'स्त्री' की झलक दिखाई देती है। फिल्म में संजय दत्त को सेंट विंसेंट कॉलेज का पूर्व छात्र दिखाया गया है। उन्हें बाबा के नाम से जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने डबल ग्रेजुएशन (बीए+बीए, समझे?) किया। वह इस रोल में अच्छी तरह से फिट बैठते हैं और उनके पास कुछ कॉमेडी सीन्स और मजेदार डायलॉग्स हैं। नवनीत मलिक ने इस किरदार की बैकस्टोरी में बाबा का किरदार निभाया है, जो भूतनी मोहब्बत से जुड़ती है। लेकिन यह बनावटी ही लगता है, जिस कारण क्लाइमेक्स घिसा-पिटा बन जाता है। मौनी रॉय और पलक तिवारी ने अपने किरदारों को बखूबी निभाया है। हालांकि, पलक के किरदार को और बेहतर तरीके से लिखा जा सकता था।

# निगेटिव किरदार बहुत गहराई और दिलचस्पी से लिखे जाते हैं

- शो जमाई नं. 1' में सोनल वेंगुर्लेकर की होगी एंट्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जी टीवी का पॉपुलर शो जमाई नं. 1' अपने दिलचस्प ट्विस्ट्स और हाई-वोल्टेज ड्रामा से दर्शकों को लगातार बांधे हुए है। अब यह शो लेने जा रहा है एक बड़ा मोड़, क्योंकि इसमें एंट्री ले रही हैं टैलेंटेड एक्ट्रेस सोनल वेंगुर्लेकर, जो एक अहम निगेटिव रोल में नजर आएंगी.सोनल शो में सायली देशपांडे का किरदार निभा रही हैं, जो नील (अभिषेक मलिक) की बचपन की सबसे अच्छी दोस्त है और त्र्यंबकेश्वर की रहने वाली है. दोनों साथ बड़े हुए हैं, एक ही स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई की है, और तीन साल की उम्र से एक गहरा रिश्ता शेयर करते आए हैं। सायली ने बचपन के कई साल नील के घर में ही बिताए हैं, जिससे उनका जुड़ाव और भी गहरा हो गया. लेकिन अब उसकी वापसी नील और रिद्धि (सिमरन कौर) की शादीशुदा जिंदगी में तूफान लाने वाली है।

सायली ऊपर से भोली लग सकती है, लेकिन अंदर से वो एक चालाक और जिद्दी लड़की है, जो किसी भी हाल में नील को फिर से पाना चाहती है। नील के रिद्धि को चुनने पर उसे जलन है, और कंचन (पापिया सेनगुप्ता) के कहने पर उसका जुनून और बढ़ गया है. चाहे वो झूठ हो, चालाकी हो या धोखा, सायली किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है. आने वाले एपिसोड्स में एक जबर्दस्त टकराव देखने को मिलेगा. अपनी खुशी जाहिर करते हुए सोनल वेंगुर्लेकर ने कहा, मुझे हमेशा लगता है कि टीवी पर जो निगेटिव किरदार होते हैं, वो बहुत गहराई और दिलचस्पी से लिखे जाते हैं। जहां लीड किरदारों को अच्छाई की सीमाओं में रहना पड़ता है, वहीं निगेटिव किरदारों को ग्रे जोन में जाने का मौका मिलता है और असली ड्रामा वहीं होता है. एक एक्टर के तौर पर वो स्पेस मुझे बहुत मजेदार लगता है. मैं 'जमाई नं. 1' से जुड़कर बहुत खुश हूं ! ये शो पहले ही दर्शकों से जुड़ चुका है और सायली के किरदार से कहानी को एक नया मोड़ मिलेगा। सायली कोई आम निगेटिव किरदार नहीं है वो इमोशनल है, तेज दिमाग वाली है और खतरनाक तरीके से चालाक है, उसका जुनून, उसकी सोची-समझी चालें और उसका अनिश्चित रवैया इस रोल को मेरे लिए चैलेंजिंग और मजेदार बनाता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को ये नया ट्विस्ट जरूर पसंद आएगा।

# हाइट सबवे निर्माण के कारण छह ट्रेनों का बदले मार्ग

## दो ट्रेनों को नियंत्रित कर किया जायेगा संचालित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रायबरेली-गंगागंज रेलखंड स्थित निगोंहां-कनकहा स्टेशनों के बीच लिमिटेड हाइट सबवे निर्माण कार्य के लिए 31 मई को सुबह 9.30 बजे से शाम 17.30 बजे कुल आठ घंटे तक ट्रैफिक पावर ब्लाक लिया गया है। इस ब्लाक के कारण अप-डाउन लाइन प्रभ्भावित रहेगी।

ब्लाक के कारण कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत ट्रेन संख्या 15119 बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस 31 मई को परिवर्तित मार्ग मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, उतरेटिया होकर चलेगी जिस कारण इस ट्रेन का ठहराव चिलबिला, मां चंद्रिका देवी धाम अन्तू, अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली, हरचंदपुर एवं बछरावां स्टेशनों पर नहीं रहेगा। जबकि ट्रेन संख्या 13006 अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल 30 मई को परिवर्तित मार्ग उतरेटिया, सुल्तानपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. होकर चलेगी। जिस कारण इसट्रेन का ठहराव बछरावां, रायबरेली जं.,जायस,गौरीगंज एवं अमेठी स्टेशनों पर नहीं रहेगा। इसी क्रम में 13005 हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल 30 मई को परिवर्तित मार्ग मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, उतरेटिया होकर चलेगी जिस कारण इस ट्रेन का ठहराव अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली एवं बछरावां स्टेशनों पर नहीं रहेगा। ट्रेन संख्या 12875 पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस 30 मई को परिवर्तित मार्ग मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, उतरेटिया होकर चलेगी जिस कारण इस ट्रेन का ठहराव अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली जं. पर नहीं रहेगा। ट्रेन संख्या 14518 बस्ती-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 30 मई को तरेटिया, सुल्तानपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 12355 पाटलिपुत्र-जम्मूतवी एक्सप्रेस 31 मई को परिवर्तित मार्ग मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, उतरेटिया होकर चलेगी, जिस कारण इय ट्रेन का ठहराव अमेठी, जायस और रायबरेली जं. पर नहीं रहेगा।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 13168 आगरा छावनी-कोलकाता एक्सप्रेस 31 मई को 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। जबकि ट्रेन संख्या 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस 3.30 घंटे नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

## ऐशबाग रेलवे यार्ड के पास शंटिंग इंजन पटरी से उतरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐशबाग रेलवे यार्ड में शंटिंग के दौरान एक इंजन दोपहर 14.03 बजे पटरी से उतर गया। इस दौरान ओएचई तार लगा खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इंजन के पटरी से उतरने की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गये। इस दौरान ट्रेन संख्या 15101 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस को गोमतीनगर स्टेशनपर रोक लिया गया।

शंटिंग इंजन पटरी से उतरने के कारण प्लेटफार्म संख्या पांच व छह प्रभावित रहा और ओएचई क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रेनों का आवागमन करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा। इस दौरान ट्रेन संख्या 15204 लखनऊ बरौनी एक्सप्रेस और 15032 लखनऊ जं.-गोरखपुर इंटरसिटी को क्रमशः 69 एवं 48 मिनट लखनऊ जं. पर रोककर चलाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि शाम 16.15 मिनट पर रेस्टोरेशन का कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का परिचालन शुरु किया गया।



## चेकिंग में पकड़े गये 1813 बेटिकट यात्री

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के निर्देश पर एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के आदेश पर वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक/टिकट जांच, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/पीएम, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/मुख्यालय एवं सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/सामान्य के नेतृत्व में 21 से 27 मई तक गोरखपुर से बेल्थरारोड, गोरखपुर से बस्ती, गोरखपुर से मऊ, गोरखपुर से सीवान, गोरखपुर से सिसवा बाजार, गोरखपुर से मनकापुर एवं गोरखपुर से गोण्डा खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा गहन मॉनिटरिंग एवं विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान अनधिकृत तथा बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जांच की गयी। जंच अभियान के दौरान कुल 1813 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामलें मिले। इन बेटिकट यात्रियों से रेलवे प्रशासन ने 12,99,250 रुपये के रेल राजस्व की वसूली कर रेल खाता में जमा कराया गया। यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रत्येक मंडल पर प्रत्येक माह स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जाते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर आगे भी बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किये गये सामानों की जांच, अनियमित यात्रा आदि विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जाता रहेगा।

# आईआरसीटीसी करायेगा दक्षिण भारत की सैर

## पर्यटकों को धार्मिक स्थानों की करायेगा दर्शन, 7 से 18 जून तक 11 रात व 12 दिन का पैकेज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● भारत गौरव ट्रेन से पर्यटकों को करायेगा भ्रमण




**लखनऊ।** भारतीय रेल पर थीम आधारित पर्यटक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। भारत गौरव ट्रेनें भारतीय रेल की टूरिस्ट सर्किट ट्रेनें हैं जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक और प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर नगरों के दर्शन कराती हैं। भारत गौरव टेज्नों के संचलन से पयर्टन को बढ़ावा मिलता है। इसी क्रम में आईआरसीटीसी द्वारा श्रद्धालुओं एवं अन्य पर्यटकों के लिये मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरूपति बालाजी मंदिर (तिरूपति), मीनाक्षी मंदिर मदुरै, रामेश्वरम तथा कन्याकुमारी के दर्शन सहित कुल 05 धार्मिक स्थानों के दर्शन यात्रा के लिये गोरखपुर से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करने जा रहा है।

यह भारत गौरव ट्रेन पर्यटकों को 07 से 18 जून तक 11 रात्रि एवं 12 दिन के लिये चलाई जायेगी। इस गाड़ी पर चढ़ने व उतरने के लिये गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) तथा ललितपुर स्टेशनों पर सुविधा प्रदान की गई है। इस गाड़ी में यात्रा हेतु लखनऊ, गोमतीनगर स्थित आईआरसीटीसी के कार्यालय से अथवा बेवसाइट www.irctctourism.com पर टिकट बुक किया जा सकता है।

भारत गौरव पर्यटक टे\न बोर्डिंग हेतु 07 जून, 2025 को गोरखपुर से 09.00 बजे प्रस्थान कर मनकापुर से 11.35 बजे, अयोध्या कैंट से 12.34 बजे, सुल्तानपुर से 13.48 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से 14.40 बजे, प्रयागराज संगम से 15.50 बजे, रायबरेली से 18.17 बजे, लखनऊ से 19.55 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 21.28 बजे, उरई से 23.41 बजे दूसरे दिन 08 जून,2025 को वीरांगना लक्ष्मीबाई जं# (झांसी) से 02.02 बजे, ललितपुर से 03.54 बजे छूटकर उपरोक्त वर्णित स्थलों के लिये प्रस्थान करेगी।

वापसी यात्रा में यात्रियों को उतारने हेतु 17 जून को ललितपुर से 02.44 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 04.36 बजे, उरई से 06.57 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 09.10 बजे, लखनऊ से 10.30 बजे, रायबरेली से 12.21 बजे, प्रयागराज संगम से 14.48 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से 15.58 बजे, सुल्तानपुर से 16.50 बजे, अयोध्या कैण्ट से 18.04 बजे तथा मनकापुर से 19.03 बजे छूटकर गोरखपुर 21.33 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, जनरेटर सह लगेज यान के 02 तथा पेण्ट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 14 आधुनिक एल.एच.बी. कोच लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान यात्रियों की सहायता के लिये आई.आर.सी.टी.सी. के मैनेजर उपलब्ध रहेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे की इस भारत गौरव यात्रा ट्रेन से धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## नीरज सिंह ने दीवार लेखन कर चलाया जन जागरण अभियान

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा एक देश एक चुनाव के समर्थन में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को भाजपा नेता नीरज सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं के साथ मध्य विधानसभा क्षेत्र में मंडल 1 में दीवान लेखन के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करो लागू करो, बार-बार का खर्चा भारी, एक चुनाव है समझदारी। 'वन नेशन वन इलेक्शन' जैसे स्लोगन लिखकर जनता को एक साथ चुनाव के लिए जागरूक किया। देश में एक साथ चुनाव होने के फायदे गिनाते हुए नीरज सिंह ने कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' भारत के लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बार-बार चुनाव कराने से देश में आर्थिक संसाधनों की हानि होती है और बार-बार आचार संहिता लागू होने से प्रशासनिक कार्यों व विकास योजनाओं पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ता है यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराया जाए तो इससे समय धन और ऊर्जा की बचत हो सकती है।

# मेडल पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

## सेंट जोसेफ का मेधावी सम्मान समारोह सम्पन्न

लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित सेंट जोसेफ मोंटेसरी स्कूल के आईसीएसई/आईएससी कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। सेट जोसेफ विद्यालय समूह की राजाजीपुरम शाखा में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह -2025 में बतौर मुख्य अतिथि महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल व अतिथि के रूप में कई पार्षद गण जिसमें रणजीत सिंह, सौरभ सिंह, नागेंद्र सिंह व राजीव त्रिपाठी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थपक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल के साथ प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल ने मोमेंटो, बुके व अंगवस्त्र देकर किया।



सेंट जोसेफ राजाजीपुरम शाखा की आईएससी कक्षा-12 की श्रेष्ठता सूची में सुन्दुस अरशद रइस 97.75 प्रतिशत अंक व आईसीएसई कक्षा दस में अदिति टंडन 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। जिनको मुख्य अतिथि ने शील्ड, ट्राफी, प्रशस्ति पत्र व मेडल के साथ ग्यारह हजार का चेक देकर माता-पिता के साथ सम्मानित किया। वही दिव्यांश पाण्डेय कक्षा-12 व अच्युत रस्तोगी कक्षा-10 को स्टूडेंट आफ द इयर के सम्मान से सम्मानित किया। पूरे शैक्षिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने पर अनिकेतु श्रीवास्तव को तथा हिंदी, कंप्यूटर इकोनामिक्स, इतिहास, फिजिकल एजुकेशन आदि विषयों में शत-प्रतिशत अंक लाने वाले बहुत से विद्यार्थियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इन मधावियों को सम्बोधित करते हुए महापौर ने कहा कि कड़ी मेहनत व अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहने वालों को सफलता मिलती ही है। महापौर लखनऊ में रितु और सुनीता विलियम्स का उदाहरण देते हुए बच्चों को उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहां की उनकी उपलब्धियां से उनके माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों का एवं शहर का मान बढ़ता है। संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए शिक्षकों की सराहना की एवं कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन का दूसरा नाम है। अनुशासित जीवन से निश्चित ही सफलता मिलती है। बोर्ड परीक्षाओं रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन करने वाले इन होनहारों नें अपने नाम को रोशन करने के साथ-साथ सेंट जोसेफ विद्यालय समूह का मान बढ़ाया है।

# निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कल वाराणसी में ऊर्जा मंत्री द्वारा निजीकरण के बाद आगरा और ग्रेटर नोएडा में बहुत सुधार हो जाने के दावे को तथ्यों से परे बताते हुए कहा है कि ग्रेटर नोएडा और आगरा में निजीकरण से पावर कारपोरेशन को प्रति वर्ष अरबों रुपए का घाटा हो रहा है और सुधार की बात पूरी तरह गलत है। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में 29 मई को देश व्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। 29 मई से बिजली कर्मचारियों का प्रबंधन से पूर्ण असहयोग आंदोलन प्रारंभ हो रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज यहां बताया कि आगरा में निजीकरण से प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड रुपए का पावर कारपोरेशन को घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पावर कारपोरेशन ने पिछले वर्ष 05 रुपए 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर निजी कंपनी को 04 रुपए 36 पैसे प्रति यूनिट की दर पर दी। टोरेंट पावर कंपनी को 2300 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति करने में पावर कारपोरेशन को इस तरह 275 करोड रुपए का घाटा हुआ। आगरा लेदर इंडस्ट्री का सबसे बड़ा केंद्र है और आगरा में पर्यटन उद्योग होने के नाते सबसे अधिक पांच सितारा होटल है। इंडस्ट्रियल और कमर्शियल कंज्यूमर्स अधिक होने के कारण आगरा में प्रति यूनिट बिजली विक्रय दर 07 रुपए 98 पैसे हैं। निजीकरण के इस प्रयोग में सस्ती बिजली खरीद कर महंगी दरों पर बेचने में टोरेंट पावर कंपनी को प्रतिवर्ष 800 करोड रुपए का मुनाफा हो रहा है। यदि निजीकरण न होता तो यह मुनाफा पावर कारपोरेशन को मिलता। इसके अतिरिक्त महंगी दर पर बिजली खरीद कर टोरेंट पावर कंपनी को सस्ती दर पर देने में 275 करोड रुपए प्रति वर्ष का घाटा भी न होता। साफ है यदि आगरा का निजीकरण न हुआ होता तो पावर कॉरपोरेशन को कम से कम 1000 करोड रुपए प्रति वर्ष का मुनाफा होता। उन्होंने बताया कि आगरा में निजी कंपनी किसानों को मुक्त बिजली नहीं दे रही है। ग्रेटर नोएडा में भी निजी कंपनी किसानों को मुफ्त बिजली नहीं दे रही है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की किसानों को मुक्त बिजली देने की नीति है। संघर्ष समिति ने बताया कि निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के समर्थन 29 मई को पूरे देश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मी भोजन अवकाश के दौरान व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों के 11 छात्र चयनित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता चयनित विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो न केवल उनका गौरव बढ़ाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि एक नई शुरूआत है और यह दशार्ती है कि स्पष्ट लक्ष्य और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी मंज़िल को पाया जा सकता है। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे, जिनमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित छात्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) की छात्रा नंदिनी मिश्रा, बी.कॉम के छात्र अर्श खन्ना, और बीसीए के छात्र अक्षत सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। वहीं संबद्ध महाविद्यालयों से लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं आंचल विश्वकर्मा और अनामिका दीक्षित, नेशनल पीजी कॉलेज से बीसीए की छात्राएं दिशा पांडेय और आकांक्षा पटेल, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं कृति जोशी और प्रत्यक्षा शुक्ला, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से बी.कॉम की छात्रा सना हाशिम, और द स्टडी हॉल कॉलेज से बी.कॉम की छात्रा वैष्णवी दुबे का चयन हुआ है। इन सभी छात्रों को ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर 2.4 लाख वार्षिक पैकेज के साथ नियुक्त किया गया है।

# चंदन नगर मार्केट में हटा अतिक्रमण, दिखने लगी सड़क

विशेष संवाददाता (vol)

● हाईकोर्ट के आदेश पर सख्त कार्रवाई, चबूतरे भी तोड़े

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन की ओर से बुधवार को कई इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। आलमबाग क्षेत्र स्थित चंदन नगर मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जोन-5 के जोनल अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में चले इस अभियान में चंदन नगर मार्केट में अवैध कब्जे हटाए गए। दुकानदारों की ओर से सड़क पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही कई टीन शेड और सड़कों तक बने चबूतरे भी तोड़े गए, जिससे सड़कों की चौड़ाई पुनः बहाल की गई।

कार्रवाई के दौरान चंदन नगर मार्केट में उन दुकानदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए जिन्होंने सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। नाली और सड़क तक फैलाई गई टीन शेड और अन्य अवैध निर्माण को मौके पर ही तोड़ दिया गया। नगर निगम की इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

**अभियान में भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात :** इस सख्त कार्रवाई के दौरान मानकनगर और आलमबाग थानों की पुलिस और पीएसी के जवान भारी संख्या में मौजूद रहे ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे और कानून व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन की सख्ती के कारण अवैध कब्जेदारों को कोई विरोध करने का मौका नहीं मिला और कार्रवाई सुचारु रूप से पूरी की गई।

**सड़कों पर कब्जा हटाकर जनता को राहत :** चंदर नगर गेट से मार्केट की ओर जाने वाले रास्ते से लेकर चंदर नगर पुलिस चौकी तक की सड़क पर पूरी तरह कब्जा था। इस इलाके में करीब 70 दुकानें अस्थायी रूप से वेंडिंग जोन में संचालित की जा रही थीं। ये दुकानें 18 फुट चौड़ी सड़क का आधा हिस्सा और नाली तक कब्जा करके चलाई जा रही थीं। बुधवार को हुई कार्रवाई में इन सभी दुकानों को हटाकर सड़क को साफ किया गया। साथ ही कई टीन शेड और सड़कों तक बने चबूतरे भी तोड़े गए, जिससे सड़कों की चौड़ाई पुनः बहाल की गई। इस ड्राइव के दौरान मार्केट में अतिक्रमण के चलते एक बड़ी नाली छिप गई थी जिसे अतिक्रमण हटाकर खोला गया है।

**पक्की दुकानों के अवैध निर्माण भी तोड़े गए :** चंदर नगर मार्केट की समानांतर सड़क पर बनी पक्की दुकानों ने सड़क तक चबूतरे और सीढ़ियां बना रखी थीं। इस पर नगर निगम ने बुलडोजर चलाते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया और सड़क को खाली कराया। इससे स्थानीय लोगों को राहत मिली और सड़कों पर आवागमन सुगम हुआ।

**सिंध क्लॉथ रोड पर सड़क को कराया खाली :** चंदर नगर पुलिस चौकी के बगल से सिंध क्लॉथ की ओर जाने वाले रास्ते पर 15 फुट चौड़ी सड़क को दुकानदारों ने दोनों ओर से अतिक्रमण कर महज 4 फुट चौड़ा कर दिया था। यहां कोई अधिकृत वेंडिंग जोन नहीं था। ऐसे में नगर निगम ने इस पूरे रास्ते को खाली कराते हुए सभी अवैध दुकानें हटा दीं। इससे अब यह सड़क आवागमन योग्य हो गई है।

**अरविंदो पार्क और खजाना चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण :** जोन सात में अरविंदो पार्क के चारों ओर चाय, जूता-चप्पल विक्रेताओं और दोपहिया वाहन कारीगरों की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 4 ठेला, 3 ठेलिया, 2 गुमटी, 2 लोहे के काउंटर हटाए गए। इसके अलावा 7 कैरेट और 1 गुमटी को जब्त किया गया और 7 झोपड़ियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, जोन-8 में खजाना चौराहे से स्मृति उपवन चौराहा, पावर हाउस चौराहा होते हुए पराग रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान नगर निगम की ईटीएफ टीम, टैक्स सुपरिंटेंडेंट श्री सुरेंद्र सिंह और 296 प्रवर्तन दल की उपस्थिति में अनेक अवैध ठेले, खोखे और अस्थायी दुकानों को हटाया गया।

# रानी अहिल्याबाई का जीवन सनातन धर्म को समर्पित रहा : बृजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अंतर्गत कैंट विधानसभा में संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया जिसमें महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, रानी अहिल्याबाई का नाम भारत की संस्कृति में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उन्होंने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को समर्पित कर दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुगलकालीन सत्ता के दौरान मुगलों ने हमारे मंदिरों को ध्वस्त करने का काम किया था। मालवांचल व इंदौर की शासक होने के बावजूद, उन्होंने देशभर में कश्मीर से कन्याकुमारी तक कई मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और एक नए शासन मॉडल को लागू किया। काशी विश्वनाथ मंदिर का जो आज भव्य रूप है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने काशी कॉरिडोर का निर्माण कराया है उसके मूल रूप को सजाने का कार्य अहिल्याबाई होल्कर ने किया था। अयोध्या, केदारनाथ और मथुरा मंदिरों को भी पुर्नस्थापित करके हमारी धार्मिक संस्कृति को एक माला में पिरोने का का कार्य किया। राजमाता अहिल्याबाई ने न्याय के लिए अपने पुत्र को मृत्युदंड दे दिया था उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए भी अभूतपूर्व कार्य किए। जनहित में अनेकों नदियों के घाटों का पक्का निर्माण सहित कुओं और बावड़ियों का निर्माण कार्य भी कराया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को गिनाते हुए कहा कि भाजपा और प्रदेश सरकार उनके अतुल्यनीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

## अब 2292 एकड़ में विकसित होगी बीकेटी योजना

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सीतापुर रोड स्थित बीकेटी योजना के लिए भूमि अधिग्रहण का दायरा कम कर दिया है। पहले इस योजना के लिए लगभग 6000 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की योजना थी, लेकिन सर्वे के दौरान कई स्थानों पर निजी निर्माण और बिल्डरों की टाउनशिप आने के कारण अब यह योजना 2292 एकड़ में ही विकसित की जाएगी। प्राधिकरण ने 14 गांवों की 927 हेक्टेयर (2292 एकड़) भूमि अधिग्रहित करने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। इस पूरी जमीन का ड्रोन सर्वे भी पूरा हो चुका है। विवादों से बचने और तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए यह संशोधित प्रस्ताव लाया गया है। गोपरामऊ में 62, भौली में 85, कमलापुर में 07, पल्हरी में 80, बैरूमऊ में 187 व धातिंगरा की 150 एकड़ भूमि का अर्जन किया जाएगा।

# सीएमएस शिक्षिका रितु गुप्ता को किया गया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका रितु गुप्ता को इंटरनेशनल प्राइमरी टीचर्स ओलम्पियाड में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 25,000 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में रितु गुप्ता ने द्वितीय रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है एवं अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपीएजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में रितु गुप्ता ने प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्रों को शिक्षित करने की अपनी दक्षता एवं नवोन्मेषी शिक्षण प्रतिभा की बदौलत यह उपलब्धि अर्जित की है, साथ ही शैक्षिक क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता को प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इस सफलता के लिए सीएमएस शिक्षिका रितु गुप्ता को हार्दिक बधाई दी है।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

बीघापुर, उन्नाव। हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार कर लिया गया। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत केदारखेडा देवारा नहर पुलिस के पास बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त संजय उर्फ टेनी निवासी ग्राम रामपुर कला थाना सरेनी जिला रायबरेली को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुयी है। इसके लिए आर्म्स एक्ट की धारा 109 (1) बीएनएस व 3/25/27 के तहत मामला दर्ज किया गया। उसके विरुद्ध पूर्व में भी रायबरेली व उन्नाव के बिहार थाने में मामले दर्ज है। पुलिस ने बताया कि उसका आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राहुल सिंह, उपनिरीक्षक सज्जाद अली, हे0कां0 बृजेश कुमार, सईद अहमद, कां0 शैलेश कुमार यादव शामिल रहे।

## मारपीट की घटना में घायल युवक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक गांव में मारपीट में एक युवक गिरकर घायल हो गया। घायल को परिजन कानपुर ले जा रहे थे, रास्ते में मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के गाँव महपरापुर निवासी फतेहबहादुर सिंह ने मंगलवार को रात थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा कि उनका भांजा सुमित (21) पुत्र प्रमोद सिंह निवासी कैथवारी, अलीगढ़ मंगलवार की रात नौ बजे रास्ते से जा रहा था। गाँव के कुलदीप पुत्र गणेश ने अपनी बहन, भांजा शोभित व रंगीलाल के बेटे के साथ सुमित से झगड़ा करने लगे। कुलदीप ने सुमित को धक्का दिया जिससे सुमित गिरकर घायल हो गया। घायल की हैलेट कानपुर ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मृतक तीन दिन पूर्व गांव शाहनगर में अपने मौसा दिनेश सिंह के यहां आया था। महपरापुर गाँव में वह मामा फतेहबहादुर सिंह से मिलने गया था। मृतक तीन भाई में सबसे बड़ा था।

## एक दिवसीय फील्ड डे का आयोजन

हरगांव (सीतापुर)। चीनी मिल हरगांव द्वारा मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिल क्षेत्र के आठ स्थानों पर पेड़ी के खेतों में जहां पर रैटून मैनेजमेंट मशीन चलाई गई थी। उन खेतों पर एक दिवसीय फील्ड डे का आयोजन कर कृषकों को उक्त यंत्र के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि कृषकों की गन्ने की पैदावार बढ़ सके। वार्ता के दौरान बताया गया कि पौधे गन्ने की कटाई कभी भी जनवरी माह में न करें। ठंड में पेड़ी गन्ने में फुटाव नहीं होता है। साथ ही माह दिसंबर के मध्य में पौधे गन्ने के खेतों की सिंचाई अवश्य करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा गन्ने की बुवाई चार फीट की दूरी पर करें ताकि मशीन से गन्ने की कटाई की जा सके। जिन कृषकों द्वारा अभी तक अपने खेतों में खाद नहीं डाली है। वो अच्छी पैदावार लेने हेतु एक बोरी यूरिया, दो बोरी सुपर एवं दो बोरी पोटाश तत्काल डाल दें। ताकि कल्ले निकल सकें साथ ही चीनी मिल से कोराजन लेकर खेत में डालें। पानी में घुलनशील उर्वरक के घोल का स्प्रे अपने खेतों में करें घुलनशील उर्वरक हेतु चीनी मिल से संपर्क करें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, नहीं हो सकी पहचान

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत किरतापुर गांव के निकट नेशनल हाईवे पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटना की सूचना आधी रात के समय पुलिस को मिली। घटनास्थल के निकट ही एक बाइक सवार घायल हालत में मिला। पहले तो अनुमान लगाया जा रहा था कि यह दोनों साथी हैं लेकिन जब घायल युवक ने अस्पताल में खुलासा किया कि वह अकेला ही था। घायल युवक की पहचान प्रेम कुमार 38 वर्ष निवासी जयरामपुर थाना कमलापुर के रूप में हुई ने मृतक युवक की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला और न ही आसपास के लोगों से उसकी पहचान हो सकी। अपराध निरीक्षक राममणि यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की पहचान कराए जाने के प्रयास जारी हैं।

# पीड़िता को न्यायसंगत समाधान मिले

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जनपद की सदर तहसील के सभाकक्ष में की जन सुनवाई




सीतापुर। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनके सामाजिक, आर्थिक और मानसिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने तथा सरकारी योजनाओं में उनकी वास्तविक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने आज सीतापुर जनपद की सदर तहसील के सभाकक्ष में एक जनसुनवाई की, जिसमें कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुयीं। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं को सुनना बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध और न्यायसंगत समाधान मिले। जन सुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, शोषण, संपत्ति विवाद, विधवा पेंशन, बालिका शिक्षा में अवरोध, वंचित लाभार्थी योजनाओं तक पहुंच जैसी कई गंभीर समस्याएं सामने आईं।

श्रीमती कुमारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि महिला आयोग केवल शिकायत निवारण का मंच नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका न्याय दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सक्रिय पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक प्रत्येक महिला भयमुक्त, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं होगी, तब तक समाज का समुचित विकास अधूरा रहेगा। महिला आयोग इस दिशा में राज्य सरकार की मंशा को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक इतुल चैधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई कर पीड़िताओं को राहत प्रदान करने का प्रयास किया। जनसुनवाई में यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय किया जाए। सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, और वन स्टॉप सेंटर जैसी सेवाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाई जाए ताकि जागरूकता के अभाव में कोई भी महिला वंचित न रह जाए।

# छावनी में तब्दील हुआ सेवता, विधायक ज्ञान तिवारी धरने पर बैठे



साण्डा/सकरन (सीतापुर)। विधानसभा सेवता थाना क्षेत्र रेउसा की ग्राम पंचायत सेवता 26 मई दिन सोमवार को आखिर क्यों छावनी में तब्दील हुई। बताते चले सेवता में मां सोनासर देवी माता का मंदिर है। हर माह की अमावस्या को मेला लगता है। जिसमें हजारों की संख्या में माताजी के भक्त मंदिर में जाकर माथा टेकते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं। काफी भक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए माता जी के मंदिर पहुंचकर माथा टेक कर प्रसाद चढ़ाते हैं। इसी तरह सोमवार को सऊखेर बोहरा के सैकड़ों माताजी के भक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए सेवता गांव में जैसे प्रवेश किया गैर समुदाय के शरारती तत्वों ने माताजी के भक्तों पर अंडा का छिलका और गंदा पानी डाल दिया। जिसका श्रद्धालुओं ने विरोध किया तो गैर समुदाय के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उनको मारा पीटा अराजक तत्वों ने महिलाओं और बच्चों तक को भी नहीं छोड़ा और कहा यहां से भाग जाओ नहीं तो एक-एक को मार देंगे। जब इसकी खबर बजरंग दल के कार्यकताओं को हुई तो सभी कार्यकर्ता और इधर-उधर से हिंदू समाज के लोग एकत्रित हो गए और गैर समुदाय के लोगों का विरोध भी किया। इस घटना की सूचना जैसे पुलिस प्रशासन को मिली पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आया और घटनास्थल पर आकर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद हिंदू समाज व बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने इस घटना की सूचना क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी को दी। विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पुलिस प्रशासन मौके पर बुलाकर अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा मंदिर के आसपास अराजकतत्वों ने जो अतिक्रमण कर रखा है। जब तक यह सारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा। तब तक हम सभी लोग धरने पर बैठें रहेंगे। इतना कहकर विधायक ज्ञान तिवारी धरने पर बैठकर मानव विधायक ज्ञान तिवारी व सभी कार्यकर्ता हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। लगभग 3 घंटे धरना प्रदर्शन व हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। सभी कार्यकताओं ने बुलडोजर कार्यवाही व सारा अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की। पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग की टीम ने अपनी कमान संभालते हुए मौके की पैमाईश की। एसडीएम ने कहा पैमाइश की जा रही है अगर अवैध कब्जा होगा तो जरूर बुलडोजर चलाया जाएगा। श्रद्धालुओं के साथ अराजकतत्वों के द्वारा जो दुरव्यवहार किया गया। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है उनको जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

## आपदा प्रतिक्रिया कर्मियों के लिए सचेत ऐप को किया गया अनिवार्य

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ.प्र. राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र 23 मई के क्रम अवगत कराया गया है कि जिसके द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र 02 मई के माध्यम से अवगत कराया। 24 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की 8वीं शासी निकाय की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी एन0सी0सी0, स्वयंसेवकों, पुलिस कर्मियों, अर्द्ध सैनिक बल, सीएपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं अन्य सभी आपदा प्रतिक्रिया कर्मियों के लिए सचेत ऐप को अनिवार्य करते हुए प्रदेश के प्रशिक्षित होने वाले आपदा मित्रों के लिए भी सचेत ऐप अनिवार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## लापरवाही पर बैंक अधिकारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंक शाखावार लम्बित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुये सभी संबंधित शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिये कि लम्बित आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने स्वीकृत ऋणों का नियमानुसार तत्काल वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान मुख्यमंत्री की सर्वाधिक प्राथमिकता की योजना है। अतः इसमें कोई लापरवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वाले बैंक अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा ऋण स्वीकृति एवं वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बैंक के अधिकारियों एवं जिला उद्योग केन्द्र की पूरी टीम को जिलाधिकारी ने बधाई भी दी और अन्य बैंकों के अधिकारियों को प्रेरित किया कि बेहतर समन्वय स्थापित करते हुये योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, यूको बैंक, नैनीताल बैंक सहित अन्य खराब प्रदर्शन करने वाली बैंकों को सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि योजना का नियमित अनुश्रवण कर प्रगति में सुधार करें।

# विद्यालय की बाउंड्री गिरने से हुआ हादसा



हरगांव (सीतापुर)। हरगांव विकासखण्ड क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में बने स्कूल की दो वर्ष पूर्व बनी बाउन्ड्री वाल के अचानक भर भराकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के हरगांव विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सलारपुर में बने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल गिर जाने से विद्यालय के समीप निवासी 45 वर्षीय पैकरमा दीन पुत्र उमराव जो रात के समय लघुशंका के लिए बाउंड्री वॉल के समीप गए हुए थे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में पहुंचाया गया। जबकि इस बाउंड्री वॉल को बने हुए लगभग दो वर्ष ही हुए हैं। सूत्रों की माने तो राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल के निर्माण में बड़ा घोटाला किया गया। जिससे विद्यालय की दीवार गिर गई। दबी जुबान में ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बाउंड्री वाल जिस वक्त बन रही थी। उस वक्त इस दीवार में सीमेंट का प्रयोग कम किया गया था। जबकि बाउंड्रीवॉल का लगभग 13 लाख रुपये का टेंडर था। सही तरीके से काम न होने के कारण तीन वर्ष बीत जाने के बाद दीवार गिर गई। दीवार लगभग 20 से 25 फीट की लंबाई में गिरी हुई है। तत्कालीन ठेकेदार और इंजीनियरों की लापरवाही के चलते दीवार गिरी बतायी जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि दीवार को मानक विहीन तरीके से बनाया गया था। दीवार बनाने के समय दीवार में सीमेंट का कम प्रयोग किया गया। इस वजह से पहले इस दीवार में लंबी दरार पड़ी और फिर गिर गई। बाउंड्रीवाल को मानक विहीन तरीके से बना तो दिया गया। लेकिन इस बाउंड्रीवॉल पर प्लास्टर भी नहीं किया गया था।

# जनपद में जल शक्ति मिशन का काम बहुत खराब

### समीक्षा बैठक में पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री ने दिए दिशा निर्देश



उन्नाव। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में जामिंग की समस्या, स्वच्छ पेयजल, राशन वितरण, स्वच्छता, अपराध नियंत्रण, जल जीवन मिशन, कृषि विभाग की योजनाओं, नगर क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, सड़क निर्माण/मरम्मत, पेंशन/विवाह अनुदान, विद्युत आपूर्ति, संक्रामक रोग नियंत्रण, गौ संरक्षण, गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पेयजल आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उक्त बिन्दुओ की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी गण अग्रिम तीन माह की कार्य योजना तैयार कर ले। शहर में जाम की समस्या का निराकरण करे तथा सुरक्षा के दृष्टिगत चैक व चैराहों पर सीसीटीवी की व्यवस्था कराएं।

ग्रामीण व शहरी दोनो क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध रहे। सभी तालाब ट्यूबवेल से भरवा दिये जाए ताकि जंगली पशु-पक्षियों को पानी पीने का टोटा न रहे। जनपद में जल शक्ति मिशन का काम बहुत खराब है। इसमें प्रगति लायी जाए। बैठे हुए कार्य चलने लगे और चलने वाले कार्य दौड़ने लगे, विकास के इस फॉमूर्ले को अपनाया जाए। स्थानीय नदियों, झीलों व तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण करे। राशन वितरण प्रणाली को सुधारे तथा वर्तमान में निलम्बित 24 दुकानों को जल्द से जल्द आवंटित करे। गरीबों का राशन गरीबों को मिले, बीच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ न हो। प्रत्येक गॉव में आवश्यकतानुसार सफाई कर्मियों की नियुक्ति करे तथा नियमित सफाई कराएं ताकि बरसात में बीमारियां न फैले। प्रत्येक गॉव में ग्राम सभा की खुली बैठक कर कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराया जाए। कूड़े करकट से कम्पोस्ट खाद, ईधन एवं ऊर्जा बनाने का कार्य करे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दे। गर्मी के दृष्टिगत तहसील स्तर पर आग रोकने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए। शहर में बरसात के दौरान कोई भी नाली ओवरफ्लो नही होनी चाहिए, इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दे। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समाज कल्याण की पेंशन का लाभ मिले।

# बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

सीतापुर। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त जनपद के अग्रणी चिकित्सालय के०पी० सिंह मेमोरियल हास्पिटल के प्रांगण में 27 मई को पवित्र ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के पावन अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का शुभारम्भ बजरंगबली की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके साथ समस्त एम केडी परिवार के सदस्यों द्वारा सुण्दरकाण्ड का भी पाठ किया गया। प्रसाद वितरण का शुभारम्भ एम०के०डी० ग्रुप के चेयरमैन डा० सुरेन्द्र प्रताप सिंह एवं वाइस चेयरमैन श्रीमती शची सिंह द्वारा किया गया। भण्डारे में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चैहान, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, भरत त्रिपाठी, टी० पी० सिंह, समाजसेवी अशरफ बिलाल, आदित्य सिंह, दीपक सिंह, नीरज सिंह, राहुल सिंह एवं अन्य ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे को सफल बनाने में मां कमला देंवी श्री पीताम्बरा विद्यापीठ के प्राचार्य ऐश्वर्य प्रताप सिंह, के० पी० सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह, के० पी० सिंह मेमोरियल इन्स्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी डायरेक्टर अनूप कुमार सवेर्या, इण्टर कालेज के प्रिंसिपल शैलेन्द्र श्रीवास्तव, शिवपूजन सिंह का विशेष योगदान रहा तथा रामरतन एम० के०डी० परिवार ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। परसेण्डी संवाददाता के अनुसार विकासखंड के ब्लॉक परिसर में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को हनुमान जी महाराज की पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र राजवंशी ब्लॉक प्रमुख परसेंडी, धनंजय सिंह खंड विकास अधिकारी परसेंडी के द्वारा पूजन उपरांत कन्याओं को प्रसाद के साथ दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ट्रेन में यात्रियों का कीमती सामान चुराने वाली महिला गिरफ्तार




उन्नाव। जीआरपी उन्नाव द्वारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते व उतरते समय यात्रियों का मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान की चोरी करने वाली एक महिला को जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी महिला के पास कब्जे से लेडीज पर्स, एक मोबाइल व 2 स्मार्ट घड़ी बरामद जीआरपी ने किया है। उन्नाव जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग क्षेत्र व ट्रेनों में अपराध नियंत्रण हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जीआरपी उन्नाव द्वारा एक टीम गठित किया गया था जिसमें बुधवार को जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर बने महिला वेटिंग हाल से एक महिला को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी की मोबाइल फोन, लेडीज पर्स व दो स्मार्ट वॉच बरामद किया गया है। पुलिस की पूछताछ में महिला ने अपना नाम संजना पत्नी भीम उर्फ शंकर निवासी महाराजपुर थाना क्षेत्र जनपद कानपुर नगर बताया। बरामदगी के आधार पर जीआरपी ने बीएनएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी महिला को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम में जीआरपी के दारोगा मनोज कुमार हेड कांस्टेबल सुनील कुमार महिला कांस्टेबल पूजा यादव, पूनम यादव आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक अमित कुमार राय समेत अन्य रहे।

## टीबी की बीमारी से ग्रसित 15 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया



पुरवा, उन्नाव। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स व एनटीईपी के प्रयासों से टीबी बीमारी से ग्रसित 15 जरूरतमंद मरीजों को रीड्स एनजीओ के द्वारा पोषण पोटली का वितरण किया गया। साथ ही टीबी बीमारी जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत टीबी मरीज को इलाज के दौरान रखने वाली सावधानियां, दवाई का नियमित सेवन करने, इलाज के दौरान मिलने वाली सरकारी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टीबी का पूरा इलाज करने पर जोर दिया गया। आसपास के क्षेत्र में लोगों को टीबी बीमारी के प्रति जागरूक करने व टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को जांच हेतु निकट के स्वास्थ्य केंद्र भेजने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉक्टर तपन गुप्ता, एसटीएलएस राजीव कुमार, एसटीएस अनुराग वर्मा, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सक्सेना, रीड्स एनजीओ के अध्यक्ष विमलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर अंत्योदय का संकल्प

सिधौली (सीतापुर)। विकासखंड कार्यालय सभागार में आयोजित पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने की बात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री कटियार ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मुख्यधारा से जोड़ा जाए। यह कार्य कोई भी करे पार्टी, सरकार या संगठन उद्देश्य सेवा होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीनदयाल जी स्वयं राजनीति में नहीं आना चाहते थे। लेकिन जनता की सेवा के लिए उन्होंने यह मार्ग चुना। जिससे जनसंघ की स्थापना हुई और बाद में 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। आज बीजेपी देश और राज्यों में जिम्मेदारी से कार्य कर रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिधौली विधायक मनीष रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और निराश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर को ष्नारी शक्ति, धर्मपरायणता और प्रशासनिक दक्षता की जीवंत प्रतीक बताया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष करुणाशंकर त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख रामबक्श रावत, चेयरमैन गंगाराम राजपूत, मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, सोनू शुक्ल, सर्वेश रावत, ओमप्रकाश मिश्र, अनूप श्रीवास्तव, प्रवीण अवस्थी, उपेन्द्र त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी, रामनारायण सिंह, देवीदयाल राठौर, दुर्गेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र यादव, विवेक सिंह, रोहित सिंह, राम प्रकाश, शैलेन्द्र सिंह, सुंदर गुप्ता, प्रतीक सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रधान, पंच, बीडीसी व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गेट के ताले तोड़ कर चोर घर में घुसे, जेवर नकदी सहित 20 लाख की चोरी

मानपुर (सीतापुर)। इलाके में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर पर धावा बोलकर नकदी जेवरात सहित करीब 20 लाख का माल पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना के जल्दी खुलासे की बात कही। राधा जायसवाल निवासनी मरसंडा ने बताया कि उनके पति श्रीकेशन जायसवाल व बेटा बाहर नौकरी करते हैं। घर पर राधा जायसवाल व बहू थी। बुधवार रात चोर घर में लगे चैनल के दो ताले तोड़कर घर में घुस गए। कई दिनों से लाइट खराब है, इसलिए दोनों महिलाएं छत पर लेटी थी। चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक कमरे के अंदर रखी अलमारी का लॉक तोड़ दिया उसमें रखा रानी हार, गले का हार, मंगल सूत्र, 6 अंगूठी, सोने की जंजीर, 4 जोड़ी पायल, 10 बिछिया व एक लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह करीब पांच बजे जब महिलायें छत से नीचे उतरने के लिये जीने का दरवाजा खोला तो वह अंदर से बंद था। जिस पर उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। राधा जायसवाल ने अपने पड़ोसी मदन को बुलाकर जीने का दरवाजा खुलवाया। कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान तितर-बितर पड़ा था। उनका कहना है कि करीब 20 लाख की चोरी हुई है। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलते ही मामला दर्जकर विधिक कारवाई की जाएगी।

## सांस्कृतिक महोत्सव में नवोदित प्रतिभाओं को प्रदान किया गया सांस्कृतिक मंच

सीतापुर। स्थानीय राजा रघुबर दयाल इंटर कालेज के खेल मैदान में समाजसेवी गिरीश मिश्र द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में साहित्य के क्षेत्र में नवोदित प्रतिभाओं को सांस्कृतिक मंच प्रदान किया गया। अंकित पटेल ने माता व पिता के व्यक्तित्व व कृतित्व से संबंधित कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सृष्टि मिश्रा ने बहुत भावपरक रचना प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। मशहूर शायर इब्ने उमर ने गजल व शायरी की शिरकत की। नवीन वर्मा, सुभाष, सुनील प्रजापति, सूरज शायरीन, सुधांशु त्रिवेदी, अजय निषाद, अलीशा मेराज, उदय प्रताप त्रिवेदी आदि साहित्य प्रेमियों ने अपनी अपनी रचनायें सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सूरज व अलीशा के कुशल संचालन व तत्सत सेवा संस्थान व राजा टोडरमल स्मारक समिति के तत्वावधान में साहित्य की काव्यधारा देर रात्रि तक बही। गिरीश मिश्र के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## संक्षेप

### सिंचाई के रुपये को लेकर हुआ विवाद, मारपीट

**ललितपुर।** मदनपुर अंतर्गत ग्राम पहाड़ीकलां निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 मई को सुबह 6 बजे वह व उसके चाचा के बीच शामिल खाते के बोर के हिसाब को लेकर सिंचाई का पैसा को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें उसके चाचा तिलक सिंह पुत्र लालजी, सोनू पुत्र तिलक, मलखान पुत्र लालजी, अभिषेक पुत्र तिलक सिंह ने उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। बताया कि गालियां देते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दबंग ने पूरे परिवार से कर दी मारपीट

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम हंसरा निवासी पहाड़सिंह पुत्र स्व.चन्दन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मई की रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर काम के सिलसिले में बैठा हुआ था। तभी गांव के देवेन्द्र पुत्र अमर सिंह आया और गालियां देने लगा।

मना करने पर देवेन्द्र ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह चिल्लाया। शोरगुल सुनकर उसका पुत्र सौरभ व पत्नी नेहा रानी बचाव करने पहुंचे तो उक्त लोगों के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### इकतीस मई को होगा अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन

**ललितपुर।** व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उ.प्र. के निर्देशों के अनुपालन में 31 मई 2025 की सुबह 09.30 बजे से नोडल संस्थान आईटीआई में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठत अधिष्ठानों, विभागों (राजकीय एवं निजी) द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक युवा अप्रेन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग करने के लिए अपना पंजीकरण पोर्टल पर कराकर साथ ही अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं छायाप्रति के साथ अप्रेन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

### वन स्टाप शाप की किसानों को दी जानकारी

**ललितपुर।** जिले के किसानों को एक छत के नीचे वन स्टाप शाप के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक वा जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, जिप्सम, वर्मी कम्पोस्ट आदि समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति करना, तकनीकी जानकारी देना आदि हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद में कहीं पर भी निवास करने वाले बेरोजगार कृषि खातकों से 20 जून को सांय 5 बजे तक सादे कागज पर मो.नं. के साथ अपना आवेदन कार्यालय उप कृषि निदेशक कचहरी विकास भवन के पीछे में पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते है।

इसके उपरान्त किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक में कार्य दिबस में सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने दी है।

### तीस मई से दस जून तक मिलेगा खाद्यान्न

**ललितपुर।** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जून 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जिले में अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को 30 मई 2025 से 10 जून 2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों 14 कि.ग्रा. गेंहू, 21 कि.ग्रा. चावल प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2 कि.ग्रा. गेंहू, 3 कि.ग्रा. चावल) प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है। अतएव जिले के सगस्त अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि 30 मई 2025 से 10 जून 2025 तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई-पॉस के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निरूशुल्क आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से अन्तिम तिथि 10 जून 2025 को निशुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा।

# महिला जनसुनवाई में मिलीं 21 शिकायतें, 4 का निस्तारण

जिला संवाददाता



**बांदा।** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई की और महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। महिला जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीड़न से संबंधी 21 मामले प्राप्त हुए, जिस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए 4 मामलों का निस्तारण कराया। उन्होंने ससुराल से पीड़ित एक महिला की शिकायत पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बाल सेवा योजना के अंतर्गत एक विधवा महिला के बच्चों को लाभ दिलाए जाने तथा उसे विधवा पेंशन दिलाए जाने और दिव्यांग महिला को दिव्यांग पेंशन दिलाए जाने के निर्देश दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को दिए। इससे पूर्व महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार एवं आंगनबाड़ी केंद्र कनवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के निरीक्षण में महिला बैरक का जायजा लिया तथा पेयजल, शौचालय एवं खान-पान की सुविधा के संबंध में महिला बंदियों से जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कनवारा का निरीक्षण करते हुए केंद्र में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं फलों का वितरण किया तथा बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

निरीक्षण के दौरान केंद्र में लाइट कम पाए जाने पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। उन्होंने महिला चिकित्सालय में वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते हुए महिलाओं को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए, उन्हें बेहतर प्रशिक्षण दिलाए जाने के साथ सशक्त बनाने के लिए रोजगार भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जय नारायण प्रसाद एवं जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अन्य विभागों के अधिकारी एवं महिला थाना प्रभारी व अन्य महिला पुलिस अधिकारी मौजूद रहीं।

## एएसपी को एमआर पाशा ने गुलदस्ता भेंटकर दिव्यांगों की समस्याओं से कराया अवगत



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम ने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) कार्यालय में पहुंचकर नवागत अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव को गुलदस्ता देकर बधाई दी। नवागत अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने इस मौके पर एमआर पाशा की पीठ थपथपाते हुए उनके सामाजिक कार्यो की सराहना की। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि जब से एएसपी अमित किशोर श्रीवास्तव जनपद में आए हैं जनपद की पुलिस में कार्य करने की शैली में बदलाव देखने को मिला है। एएसपी अमित किशोर जनता के प्रति अच्छा व्यवहार व पीडितों की शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारण कर रहे हैं। एमआर पाशा ने एएसपी अमित किशोर श्रीवास्तव को दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। पाशा ने कहा है कि दिव्यांगों का सर्किल के हर थानों कार्यालयों में शोषण किया जाता है। तथा दिव्यांगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। दिव्यांगों की मदद करने की बजाय उन्हें कार्यालयों से भगा दिया जाता है। नवागत एएसपी अमित किशोर श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। उन्होने आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक वह यहां रहेंगे किसी भी दिव्यांग का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम, समाजसेवी शहजाद मलिक, सलमान, सरताज सिंह, बबली आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का समय से निस्तारण करें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए ह्लह्लजिला सैनिक बन्धुह्यह्य की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर के सम्मुख पूर्व सैनिकों द्वारा भूमि एवं पुलिस सम्बन्धी समस्यायें प्रस्तुत की गईं। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों को ध्यान से सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विभागों से सम्बन्धित प्रकरण लम्बित हैं, उनके विभागीय अधिकारियों को अग्रिम माह की बैठक में बुलाना सुनिश्चित करें ताकि उनके माध्यम से लम्बित प्रकरणों को निस्तारित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, मेजर नवनीत राय, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन ऐ0के0 गुप्ता तथा लगभग 30 पूर्व सैनिक मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा सफलता पूर्वक कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद: एडीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आगामी 01 जून 2025 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2025 की आयोजन की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी विनय सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 को जिले में पूर्ण रूप से सफल, सुचारू, नकल विहीन तथा सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा एवं समस्या उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने बताया कि यूपी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 आगामी 02 जून, 2025 को (रविवार) के दिन दो सत्रों में सुबह 9 से 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक जो 07 परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बीएड परीक्षा को सुव्यवस्थित रूप सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र अधीक्षक, केंद्र प्रतिनिधि एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए परीक्षा कार्यक्रम को पूर्ण सफलता एवं नकलविहीन रूप में संपन्न कराएं। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिए कि अपने तैनाती केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक केन्द्र पर भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा के दौरान केंद्र पर नकल विहीन व निर्विघ्न परीक्षा संपन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे उन्होंने समस्त केंद्र व्यवस्थापक केंद्र प्रतिनिधि एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि आयोग के निदेशों का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित कराएं ताकि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड को पूर्ण रूप से नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर संजीव वाजपेई, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं केंद्र प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक्टिवा में कार सवार बदमाशों ने मारा कट

**ललितपुर।** पुलिस लाइन में महिला कल्याण केन्द्र के कमरा नम्बर 24 निवासी माधव सेन पुत्र हरीनारायण सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पीड़ित ने बताया कि बीती 27 मई की शाम करीब सवा पांच बजे अपनी एक्टिवा पर सवार होकर स्टेशन से अपने घर की ओर आ रहा था। वह कृष्णा टॉकीज के पास स्थित एक होटल के पास पहुंची ही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार जिसमें चांदमारी निवासी बृजेन्द्र यादव, दिलावर यादव व राजा रावत सवार थे ने उसे कट मार दिया। इस पर उसने कार सवार से देखकर चलने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने कार से उतरकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना को देखा और यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी रिकॉर्ड हो गयी है। आरोप है कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं और पहले से इन पर कई मामले भी दर्ज हैं।

## जो धर्म का काम करेगा, वह पहचाना जायेगा: शंकराचार्य

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के प्रसिद्ध सीतापाठ तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य का शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानन्द जी तीर्थ ने पूजन किया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों व ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ ने बोला। वही मानसून के पहले सही समय पर तालाब के घाटों व पार्क निर्माण कार्य की समीक्षा की। ईओ ने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब है कि नगर के सीतापाठ महादेव मंदिर तालाब के सोंदर्यकर्ण के लिए अम्रत योजना के अंतर्गत शासन से लगभग 90 लाख रुपये नगर पालिका परिषद को आवंटित किए गए हैं। जिसका निर्माण कार्य जारी है। तदोपरांत गंगा दशहरा के पावन पर्व पर, श्रीराधाकृष्ण मन्दिर केरखों में श्रीशतचंडी महायज्ञ, तीन दिवसीय शिखर कलश प्रतिष्ठा शुभारंभ के अवसर पर मे भानपुरा आवन्तर पीठ एव सीतापाठ हजारिया महादेव के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ पधारे जहां तक राधाकृष्ण मन्दिर पुजारी यज्ञाचार्य मुरारी जी महाराज ने शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत शंकराचार्यजी बन्दरगुढ़ा स्थित ब्यावर धाम, हुनमान मन्दिर (ऋषिराज मन्दिर) की व्यवस्थाये देखी। जाखलौन बन्दरगुढ़ा स्थित केरखों सिद्धबाबा, श्रीराधाकृष्ण मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीश्री 108 नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के पहले दिन बुधवार भानपुरा आवन्तर पीठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ का आगमन हुआ। इस दौरान यज्ञ समिति द्वारा भव्य स्वागत करते हुए खेरको-ब्यावर हनुमानजी मन्दिर बन्दरगुढ़ा भ्रमण कराया गया। शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी ने कहा



कि सदियों से सनातन पर हमले होते आए हैं। हर युगों में सनातन पर प्रहार होता है। जो धर्म का काम करेगा वह सत्ता पर आएंगे। यज्ञ भी एकता का आधार है। जब-जब आसुरी शक्तियां प्रभावी होती है। तब तब देवी महाकाली और महाकाल उसका संघार करते हैं। सजग नागरिक होने के नाते सभी को अपना मताधिकार करना चाहिए। इस दौरान डा.दीपक चैबे, पत्रकार संजय ताम्रकार, मुकेश साहू, हरिकिशोर नरवरिया, दिव्यांश ताम्रकार, यज्ञाचार्य पं.मुरारी महाराज, पुजारी रवि तिवारी सहित अन्य भक्तगण सम्मलित रहे।

### जमीन का रुपया मांगने पर चचेरे भाई-भाभी ने कर दी मारपीट

**ललितपुर।** जमीन के रुपये वापस मांगना युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब उसके चचेरे भाई व भाभी ने उसके साथ एकराय होकर मारपीट कर दी, जिससे युवक घायल हो गया। युवक ने मामले की सूचना थाने में पहुंचकर पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मड़ावरा के ग्राम धवा निवासी रामकुमार पुत्र स्व.सुदामा प्रसाद दीक्षित ने पुलिस को बताया कि 19 मई की शाम करीब 6 बजे तेरहवीं निमंत्रण में आये चचेरे भाई महरौनी के ग्राम बजर्रा निवासी अनिल कुमार दीक्षित पुत्र भवानी प्रसाद व भाभी वषार्देवी से अपनी जमीन के 1 लाख 44 हजार रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट करने लगे और धमकाया। तुम बस के कण्डक्टर हो, ललितपुर या जहां भी मिलोगे, तुम्हे जान से मार देंगे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी प्रशिक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा संचलित ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का लाभ लेकर जनपद के उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकते हैं, जिसके लिए उन्हें विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट

- **टूलकिट योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने उद्यमी: डीएम**
- **विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें**

योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद को लक्ष्य आवंटित कर दिया है।

जिसका लाभ लेने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूष आवेदक को विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

योजनांतर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्राप्ति के दौरान व्यक्ति स्वयं का कुटीर उद्योग संचालित करने में सक्षम हो जायेगा एवं इस योजना से आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी।



उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के अन्तर्गत (हलवाई, नाई, धोबी, राजमिस्त्री, बढई, लौहार, दर्जी आदि) सम्बन्धित ट्रेडों में आवेदन कर सकते हैं।

इसी प्रकार ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत (जरी सिल्क साडी, फूड प्रोसोसिंग एवं रेडीमेड होजरी गारमेन्टस आदि) आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी लिए किसी भी कार्यदिवस ने उपायुक्त उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र ललितपुर में संपर्क किया जा सकता है।

## प्रोबेशन व प्रभारी अधीक्षक ने नहीं किया निर्देशों का पालन

- **सम्प्रेक्षण गृह किशोर में गर्मी से बुरा हाल**
- **न्यायिक अधिकारियों के निरीक्षण में खुली पोल**

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा के निर्देशानुसार एडीजे (द.प्र.क्षे.) यशवन्त कुमार सरोज व सचिव मयंक जायसवाल ने एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप सिंह और सीओ सिटी अजय कुमार के साथ राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नेहरूनगर का निरीक्षण किया। एडीजे ने विजिट के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में किशोर कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। सुबह का भोजन बन रहा था, जो मेन्यू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है।



अपचारी किशोरों के कमरो में लाइट की व्यवस्था नहीं थी। किशोरों का गर्मी से बुरा हाल था, पूर्व में सम्प्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को लिखित रूप में निर्देशित किया गया परन्तु उक्त के द्वारा निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इनके द्वारा संस्थान में अव्यवस्था को दुरूस्त न करने के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को अग्रेतर कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जा रहा है। तत्पश्चात एडीजे (द.प्र.क्षे.) यशवन्त कुमार सरोज, सचिव मयंक जायसवाल ने ग्राम दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया। यहां बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। विजिट के दौरान दोनों संस्थानों के प्रभारी अधीक्षक, स्टाफ आदि एवं न्यायालय से रोहित राठौर, विकास कुशवाहा, पंकज गनर, राहुल उपस्थित रहे।

## बदौसा क्षेत्र में जल जीवन मिशन का पानी मयस्सर नहीं, लोग परेशान

**बांदा।** बदौसा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर में नल से पानी पहुंचाने का जोर शोर से अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए अच्छी सड़कों को खोदकर पाइपलाइन डाली गयी। योजना को अमलीजामा पहनाया गया लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों का दुर्भाग्य है कि अब तक उनके घरों में लगी नलों की टोटियां बजाय पानी पहुंचाने के केवल सीटी मारकर ठंडी हो जाती हैं और ग्रामीणों को सुबह से शाम तक केवल पानी का इंतजार करना पड़ता है। मजबूरन लोग दूर दराज से पेयजल लाते हैं। बदौसा कस्बा क्षेत्र में ग्रामीणों को हर घर नल योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए कस्बा में पाइप लाइन तो डाली दी गयी, लेकिन उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इस भीषण गर्मी में लोगों को अभी भी पानी के लिये परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पर्याप्त काम न होने से लोगों को दूर-दराज से पानी भरने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ गांवों में नलों की आधी-अधूरी फिटिंग की गयी है। कई घर ऐसे है, जहाँ नलों में टोटियां भी नहीं लगायी गयी हैं। इसी प्रकार से फतेहगंज क्षेत्र के अनेक गांव ऐसे हैं जहां पर अभी भी इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। यहां भी नलों की आधी-अधूरी फिटिंग और कहीं-कहीं टोटियों का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि फोर्स से पानी न आने के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी की इस गंभीर समस्या से कस्बा बदौसा के अलावा दुबरिया, बरछा ब के अलग-अलग मजरों को भी जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वह इस समस्या से जिम्मेदारों को बार-बार अवगत कराया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना लोगों के लिए बेमानी बनी हुयी है। जिससे कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पीने के पानी के लिये परेशान हैं।

## एनसीसी इकाई ने विकास भी, विरासत भी, निकाली रैली



**बांदा।** जवाहर लाल नेहरू कालेज की एनसीसी इकाई ने विकास भी, विरासत भी के तहत रैली निकाली। 60 यूपी एनसीसी बटालियन फतेहपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देश पर निकाली गयी रैली महाविद्यालय से होते हुए महाराणा प्रताप चैक, राजकीय इंटर कालेज, जिला चिकित्सालय होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ प्रत्युष मिश्र ने कहा कि हम अपने क्षेत्र का समुचित विकास करते हुए यदि अपनी धरोहरों, प्राचीन विरासत को संभालते हुए क्षेत्र का विकास करें तो हम अपनी प्राचीन गरिमा को बनाए रखते हुए अपना एवं अपने क्षेत्र का समुचित विकास भी कर सकते हैं और आगे आने वाली पीढ़ी को प्राचीन सभ्यताओं, व्यवस्थाओं, आदर्शों एवं अन्य अनेक संपादित होने वाले योजनाबद्ध कार्यों के बारे में भी बता सकते हैं। जिससे वह आगे का विकास भी करेंगे तथा अपनी प्राचीन धरोहरों एवं आदर्शों को भी अपनाएंगे। रैली का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छोटे-बड़े क्षेत्र में प्राचीन दुर्लभ अवशेषों को संजोए रखना और एसके विषय में भी दूसरों को एवं खुद को भी जानकारी से सुसज्जित रखना है।

## डाक विभाग की लचर व्यवस्था से रजिस्ट्री बुकिंग बंद

**बांदा।** प्रधान डाकघर के अलावा बांदा टाउन के किसी भी सब पोस्ट ऑफिस में बीते कई दिनों से रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट की बुकिंग बंद है। जिला अधिवक्ता संघ ने डाक विभाग की इस लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह मंडेला बुधवार को अधीक्षक डाकघर कार्यालय पहुंचे और वहां शिकायती दिया। डाकघर प्रतिनिधि ने बताया कि डाक मंडल में 15 दिनों से कोई डाक अधीक्षक नहीं है। इससे अव्यवस्थाएं बढ़ गई हैं। अधिवक्ता संघ के अलावा दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश दास ने जिला अधिकारी से मांग की है कि डाक विभाग से रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट बुकिंग न हो पाने से न्यायालय के कार्यों में विशेष परेशानी हो रही है। बताते चलें कि बांदा टाउन में मुख्य डाकघर, कचहरी उप डाकघर, रेलवे स्टेशन के अलावा किसी भी सब पोस्ट ऑफिस में रजिस्ट्ररी, स्पीड पोस्ट बुकिंग नहीं होती। भारत विकास परिषद के विद्यासागर द्विवेदी ने बताया कि रेल डाक सेवा के अलावा मुख्य डाकघर में काम होता था परंतु वहां भी बीते कई कई दिनों से तकनीकी खराबी बता काम बंद है रेलवे स्टेशन में नवंबर माह से रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट बुकिंग अवकाश दिवस व रविवार को भी की जाती थी लेकिन अब यह बंद कर दी गई है। केवल सोमवार से शनिवार को स्पीड पोस्ट रजिस्ट्री की सेवा बहाल है बीते दो दिन से वहां भी तकनीकी कमी बताकर काम बंद है। सांसद कृष्णा पटेल ने सीपीएमजी कानपुर से शिकायत कर रेलवे की बंद की गई सेवा को पुनः शुरू करने को बीते माह पत्र लिखा था। लोगों ने नवागंतुक अधीक्षक अरुण कुमार वर्मा से इस मामले पर त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

## आईटीआई 48 छात्रों को बांटे गये टैबलेट




**बांदा।** तिंदवारी विकास खंड में छेदीलाल सिंह रौर प्राइवेट आईटीआई जसईपुर में छात्रों के टैबलेट वितरण कार्यक्रम में 48 छात्रों को मुख्य अतिथि ने टैबलेट बांटे। मुख्य अतिथि भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टैबलेट वितरण कार्यक्रम डिजी शक्ति योजना के तहत छात्रों को मुफ्त टैबलेट और स्मार्ट फोन प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने इसकी शुरूआत की है। कहा कि इसका बजट 3 हजार करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश के छात्रों को मुफ्त स्मार्ट फोन और टैबलेट देकर उन्हे सशक्त बनाना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है। पढ़ाई को आसान बनाना, छात्रों को शिक्षा तक पहुंच प्रदान करना, रोजगार क्षमता में वृद्धि, डिजिटल दुनिया तक पहुंच सुनिश्चित करना, शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देना और डिजिटल विभाजन को समाप्त करना इस कार्यक्रम में मुख्य लाभ हैं। कार्यक्रम में कालेज प्रबंधक दिनेश सिंह, प्रधानाचार्य बृजराज कुशवाहा, नवीन कुमार, राकेश कुमार, राजेश सिंह व कालेज के छात्र मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने आरटीसी प्रशिक्षण वाले अभ्यर्थियों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुलिस बल के साथ रिजर्व पुलिस लाइन का भ्रमण कर आरटीसी प्रशिक्षण के लिए आने वाले अभ्यर्थियों के लिए की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिक्षक अभिषेक झा ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल, आवासीय परिसर, पेयजल, शौचालय, भोजन, साफ-सफाई व सुरक्षा आदि से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्थाओं को सुचारू एवं मानक के अनुरूप बनाए रखने के संबन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी अभिषेक झा ने इसके अतिरिक्त रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों पर विशेष ध्यान देने व समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी (लाइन) सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बड़े लक्ष्य पर नजर

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत की अर्थव्यवस्था 4.187 ट्रिलियन डॉलर की हो गयी है। अगले दो-तीन वर्षों में देश पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही जर्मनी को भी पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। लेकिन भारत का लक्ष्य इससे भी बड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में देश के आर्थिक प्रबंधन में लगी सभी एजेंसियां अब 2047 के उस बड़े लक्ष्य की तरफ फोकस कर रही हैं जब देश अपनी आजादी की सौंवी वर्षगांठ मनायेगा और तब देश गरीबी से पूरी तरह आजाद होकर विकसित भारत बन जायेगा। तब हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 30-32 ट्रिलियन डॉलर का होगा और प्रति व्यक्ति आय भी 15 हजार डॉलर से अधिक हो सकती है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने परिषद की बैठक में यह भी बताया कि 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था 5.58 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है और भारत जर्मनी (5.25 ट्रिलियन डॉलर) को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। फिलहाल अमरीका (30 ट्रिलियन), चीन (19 ट्रिलियन) और जर्मनी (4.75 ट्रिलियन डॉलर) ही भारत से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। बीते 10 सालों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। 2032 में भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। भारत की इतनी अर्थव्यवस्था स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह 140 करोड़ से अधिक की आबादी वाला देश है। देश की सकल आय और संसाधन ही जीडीपी का आकार तय करते हैं। भारत की आर्थिक विकास दर 6-7 फीसदी या उससे अधिक 8-9 फीसदी तक रही है। औसत 6.5 फीसदी के करीब मान सकते हैं, जबकि अमरीका की विकास दर 2.1 फीसदी है और चीन की 4.5 फीसदी है। यह अर्थव्यवस्था तब है, जब हमने कोरोना वैश्विक महामारी का दंश तीन साल तक झेला और हमारी आर्थिक विकास दर ऋणात्मक हो गई थी। अर्थव्यवस्था की यह गति और उछाल 1991 से शुरू हुई, जब देश में आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण की शुरूआत हुई। भारत एक खुली अर्थव्यवस्था और खुले बाजार वाला देश बना। बेहतर यह रहा कि कांग्रेस ने उदारीकरण की शुरुआत की लेकिन उसे विपक्षी सरकारों में भी आगे बढ़ाया गया और नीतिगत निरंतरता के कारण देश की आर्थिक प्रगति की सुनहरी कहानी लिखी गयी। नीति आयोग के सीईओ ने आईएमएफ के ताजा आंकड़ों के आधार पर यह घोषणा की है, लेकिन आज भी एक विरोधाभासी विडंबना हमारे साथ चिपकी है कि भारत एक अमीर देश है, लेकिन उसके नागरिक गरीब हैं। गरीबी रेखा की बहुआयामी परिभाषा की गयी है जिसके मुताबिक, 11 करोड़ भारतीय आज भी गरीब हैं। यह निष्कर्ष आरएसएस के संगठन 'स्वदेशी जागरण मंच' का है। ऐसा नहीं है कि विकसित देशों में गरीबी नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानी की समस्याएं नहीं हैं, लेकिन वहां प्रति व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। कम आबादी है और अर्थव्यवस्था बड़ी है। बहरहाल भारत में आज भी 80 करोड़ से अधिक लोगों को, प्रति माह, मुफ्त अनाज बांटा जाता है। यह एक तरह से सामाजिक सुरक्षा ही है लेकिन इसे और मजबूत करने की जरूरत है। भारत में ऐसी आर्थिक विषमताएं और असमानताएं आजादी के दिन से ही हैं। ये कांग्रेस के सत्ता-काल में भी थीं, गठबंधन सरकारों के दौर में भी थीं और वर्तमान में भी हैं। लेकिन इन विषमताओं के बावजूद भारत एक आर्थिक महाशक्ति बना है। भारत में फिलहाल प्रति व्यक्ति आय 2.5 लाख रुपये से कुछ अधिक है, लेकिन जापान, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों में यह हमसे कई गुना ज्यादा है, हालांकि वे अर्थव्यवस्थाएं भारत से पिछड़ चुकी हैं। प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में भारत 141वें स्थान पर है, जबकि जापान का स्थान 34वां है। हम मानव विकास सूचकांक में भी बहुत पीछे हैं। आज भी कुपोषण एक नाजुक मुद्दा है। गरीबी, कुपोषण या अशिक्षा जैसी स्थितियों के समाधान के लिए संसाधन चाहिए और संसाधन विकास से ही आयेगा। इसलिए आज हमारी जो प्रगति हो रही है उसके भरोसे यह कहा जा सकता है कि देश जब आजादी की सौवीं वर्षगांठ मनायेगा तब तक इन चुनौतियों का समाधान हो जायेगा।



**आर्थिक प्रगति के साथ ही गरीबी व आर्थिक विषमता जैसी स्थितियों का देश की आजादी की सौंवी वर्षगांठ तक समाधान हो जायेगा।**

# 'किशोर संबंधों को अपराध न माना जाये'

नरेंद्र शर्मा

> कानून मंत्रालय को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि 'आपसी सहमति के रोमांटिक संबंधों' में पोक्सो के तहत आपराधिक मामलों जैसी सख्ती नहीं करनी चाहिए। रिपोर्ट में अदालतों को सुझाव दिया गया है कि वह ऐसे केसों में सावधानी से काम लें। रिपोर्ट में अदालतों की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 'किशोरों के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और सहमति के ऐसे मामलों में जरूरी नहीं कि आपराधिक इरादा भी हो।'

इश्क पर जोर नहीं है ये वो आतिश 'गालिब' /कि लगाये न लगे और बुझाये न बुझे।' यह शेर शाश्वत सत्य पर आधारित है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। इश्क किसी को भी किसी से हो सकता है और जब यह होता है तो धर्म, जाति, रंग, नस्ल, आयु आदि सीमाओं का ख्याल तक नहीं रहता। इस इंटरनेट व सोशल मीडिया के आधुनिक युग में तो बच्चे समय से पहले 'जवान' व परिपक्व हो रहे हैं, शायद इसलिए किशोरों में रोमांटिक संबंध की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। बदलते समाज की इस हकीकत को स्वीकार करना व इस पर मंथन करना आवश्यक है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह किशोरों के बीच सहमति संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने पर विचार करे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो किशोर रोमांटिक संबंध में हैं, वह पोक्सो कानून (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम-2012) के कड़े प्रावधानों के तहत जेल न जाएं। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से यह भी कहा है कि वह देशभर के लिए यौन व प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा के लिए नीति का भी गठन करे।

न्यायाधीश अभय एस ओका व न्यायाधीश उज्जल भुयान की खंडपीठ ने महिला व बाल विकास मंत्रालय के जरिये केंद्र को नोटिस जारी किया है कि वह इस मुद्दे की समीक्षा करने के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन करे और 25 जुलाई से पहले उसके समक्ष रिपोर्ट दाखिल करे। रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत आगे के निर्देश जारी करेगी। अदालत ने यह आदेश क्यों जारी किया? दरअसल, पश्चिम बंगाल की एक महिला की कोशिश है कि उसका पति पोक्सो कानून के तहत जेल न भेजा जाये। यह महिला जब 14 साल की थी तो अपनी मर्जी से अपने भावी पति के साथ संबंध में थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस संवेदनशील मुद्दे पर उसकी मदद करने के लिए दो वरिष्ठ महिला वकीलों- माधवी दीवान व लिज मैथ्यू को नियुक्त किया था। इन वकीलों ने सुझाव दिया कि जो किशोर आपसी सहमति से संबंध में हैं, उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। दोनों वकीलों का कहना है कि पोक्सो कानून बच्चों को यौन शोषण से बचाने के आवश्यक उद्देश्य की पूर्ति तो जरूर करता है, लेकिन आपसी सहमति के किशोर संबंधों में भी सख्ती के साथ इसे लागू किये जाने से ऐसे नतीजे बरामद हो सकते हैं जो अभियोजिका व उसके आश्रितों के बेहतर हितों के अनुरूप न हों। गौरतलब है कि दिल्ली व मद्रास सहित विभिन्न हाईकोर्ट्स ने ऐसे मामलों में सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाया है और पोक्सो कानून के उद्देश्यों व कारणों के विवरण की व्याख्या इस तरह से की है कि किशोरों के बीच आपसी सहमति वाले रोमांटिक संबंध को अपराध के दायरे में रखने का इरादा नहीं है। अनेक मामलों में मद्रास हाईकोर्ट ने इस कानूनी व्याख्या को अपनाया कि सहमति वाले संबंध यौन प्रवेश हमला (पेनीट्रेटिव सेक्सुअल असाल्ट) अपराध में 'हमला' (असाल्ट) साबित करने वाली शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। इसी तरह कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि पोक्सो कानून ने 'पेनीट्रेशन' (प्रवेश) को आरोपी द्वारा जबरन किये गये एकतरफा कृत्य के तौरपर परिभाषित किया गया है और इसलिए सहमति संबंध वाले मामलों में 'पेनीट्रेशन' की जिम्मेदारी केवल आरोपी की नहीं हो सकती।



सर्वोच्च न्यायालय

बहरहाल, ऐसे अनगिनत कारण हैं जिनकी वजह से वयस्क किशोरों को समझने में असफल रहते हैं और उन्हें निराश कर देते हैं। लेकिन जब व्यवस्थित पुरातनपंथ उनके खिलाफ स्पष्ट नाइंसाफी कर रहा हो तो तब कम से कम वयस्क दृष्टिकोण में बिना देरी के सुधार किया जाना चाहिए। पोक्सो कानून के मामले में वर्षों से अदालती रिपोर्ट्स दिखा रही हैं कि किशोर यौन गतिविधि का पूर्णतः अपराधीकरण किया जाना अत्यधिक दमनकारी रहा है। अब जो अदालत मित्रों के सुझाव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को पोक्सो के संदर्भ में नोटिस जारी किया है कि किशोर संबंधों में इस कानून को सख्ती से लागू करने के गंभीर अन्याय पूर्ण नतीजे बरामद हो रहे हैं, इसलिए सहमति वाले किशोर संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर निकालने पर विचार किया जाये, वह स्वागतयोग्य है। इस पर देशव्यापी बहस होनी चाहिए।

दिल्ली की जिला अदालतों में वर्ष 2013 में जो बलात्कार संबंधी कुल फैसले दिए गये, उनकी समीक्षा करने पर मालूम हुआ कि उनमें से लगभग एक-तिहाई ऐसे थे जिनमें जोड़ों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया था। उनके पेरेंट्स ने पुलिस कार्रवाई करायी। पुलिस अक्सर लड़की के पिता की हमदर्द बन जाती है और परिवार अक्सर लड़की की बुरी तरह से पिटाई करते हैं ताकि वह लड़के के खिलाफ बयान दे। लड़के को जेल हो जाती है और उसे बलात्कार करने की सजा दी जाती है, जबकि उसने दुष्कर्म नहीं बल्कि सहमति से संबंध स्थापित किये थे। यह सब इसलिए भी होता है क्योंकि लड़की के लिए सहमति देने की आयु 18 साल है। इसका बचाव यह कहकर किया जाता है कि इन परिवारों व पुलिस की नैतिकता को केवल कानून बदलने से बदला नहीं जा सकता। यह अस्वीकार्य बचाव है। उनकी निजी नैतिकता का कोई अर्थ नहीं है। मुद्दा यह है कि किशोरों को भी निजी जीवन का अधिकार है ताकि वह पूर्णतः स्वस्थ व प्राकृतिक तरीकों के साथ अपने जीवन को सही दिशा दे सकें। इस पृष्ठभूमि में विधि आयोग की सलाह भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जिसके तहत 18-वर्ष से कम के जोड़ों को पोक्सो कानून से बचाने का सुझाव दिया गया है। वर्तमान में 'सहमति की आयु' 18 वर्ष है। विधि आयोग ने इसे तो कम करने से मना किया है, लेकिन यौन अपराधों से बाल सुरक्षा (पोक्सो) कानून, 2012 में संशोधन करने का सुझाव दिया है कि 16-18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों में अगर 'मौन स्वीकृति' है तो ऐसे मामलों को हल करने के लिए निर्देशित न्यायिक विवेक के प्रावधान को शामिल किया जाये। कानून मंत्रालय को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि 'आपसी सहमति के रोमांटिक संबंधों' में पोक्सो के तहत आपराधिक मामलों जैसी सख्ती नहीं बरतनी चाहिए। रिपोर्ट में अदालतों को सुझाव दिया गया है कि वह ऐसे केसों में सावधानी से काम लें। रिपोर्ट में अदालतों की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 'किशोरे के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और सहमति के ऐसे मामलों में जरूरी नहीं कि आपराधिक इरादा भी हो'।

अतः किशोरों को उनका सहमति अधिकार देने से इंकार करना वैसा ही अन्याय है जिससे पत्नियां भी पीड़ित हैं। इस संदर्भ में 'महिलाएं व बच्चे' वाक्यांश क्रूरतापूर्वक उचित गूंज करता है। भारत सरकार 'सामाजिक व पारिवारिक संरचना' के लिए चिंताओं का हवाला देकर वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में रखने से इंकार कर रही है, हालांकि सहमति मानव सम्मान की जड़ है। आत्मीय संबंधों में से सहमति के पहलू को निकालकर कानून निर्माता व्यक्तिगत यातनाओं की एक बड़ी संख्या को सक्षम कर रहे हैं और वयस्क दखलंदाजी की सबसे बुरी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कानून में सुधार करो, सहमति को मान्यता दो, ऐसा करने में ही दोनों निजी व सार्वजनिक भलाई निहित हैं।

## सोशल मीडिया

कन्नौज में सपा काल में जिस परफ्यूम पार्क की संकल्पना और संकल्प लेकर शुरुआत हुई थी उनकी उपेक्षा के क्या कारण है? भाजपा खुशबू से नफरत क्यों करती है। अखिलेश यादव.



राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात कर मां भारती के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महान क्रांतिकारी स्वातंत्र्यवीर सावरकर की जयंती पर शत्-शत् नमन। सीएम योगी.



दुर्गम सीमाओं व विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी मुस्तैद बीएसएफ ने 1971 के युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है।



## मिनी स्वीट्जरलैंड का कौसानी में करें अहसास



पर्यटन

समीर चौधरी

उत्तराखंड और उसके सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर तो मेरा जाना इतनी बार हुआ है कि मैं खुद गिनती भूल गया हूं। लेकिन मैं कौसानी कभी नहीं गया था। कौसानी के बारे में मैंने बहुत सुना था, विशेषकर इसकी सुंदरता व शानदार मौसम के बारे में, वहां अब तक न जाने का कोई विशेष कारण भी न था, बस यूं कहिये कि जाना हो ही न सका। बहरहाल, पिछले सप्ताह मैंने तय किया कि पांच दिन के लिए कौसानी जाया जाये। किसी भी हिल स्टेशन के लिए इतना समय पर्याप्त होता है। इसलिए मैंने दिल्ली से पंतनगर के लिए फ्लाइट पकड़ी और फिर कौसानी पहुंचने के लिए टैक्सी किराये पर ली। पंतनगर से कौसानी लगभग 178 किमी के फासले पर है। वैसे मैं बताता चलूं कि कौसानी रेल व सड़क मार्गों से भी पहुंचा जा सकता है। निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम है, जहां से अल्मोड़ा होते हुए कौसानी की चढ़ाई आरंभ हो जाती है। यहां से कौसानी की दूरी लगभग 141 किमी है और टैक्सी के जरिए आसानी से पहुंचा जा सकता है। अगर सड़क मार्ग की बात करूं तो कौसानी अन्य अनेक हिल स्टेशनों से सड़क के जरिये जुड़ा हुआ है। मसलन, कौसानी अल्मोड़ा से 51 किमी, रानीखेत से 60 किमी, पिथौरागढ़ से 107 किमी, ग्वालदम से 39 किमी और नैनीताल से 117 किमी की दूरी पर है। दिल्ली से कौसानी पहुंचने के लिए सड़क पर 431 किमी चलना पड़ता है।

बहरहाल, मेरी टैक्सी ने जैसे ही कौसानी में प्रवेश किया तो मुझे एकदम से अपनी स्विट्जरलैंड यात्रा याद आ गई। जिला बागेश्वर की गोड में बसे इस सुंदर हिल स्टेशन में स्विट्जरलैंड में होने का एहसास होता है और इससे भी बढ़कर बात यह है कि लाखों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं, चंद हजार रुपयों में ही स्विट्जरलैंड का आनंद कौसानी में आ जाता है। मैंने अपने जीवन में कौसानी से सस्ता हिल स्टेशन नहीं देखा। आपको सुनकर हैरत होगी कि मेरी पांच दिन की कौसानी यात्रा में सिर्फ 20,000 रुपये का ही खर्च आया। हालांकि कहीं भी घूमने का खर्च इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितने समय वहां ठहरे, आपकी यात्रा शैली क्या है और आपने ठहरने के लिए किस स्तर की जगह का चयन किया है, लेकिन अगर आप कौसानी की बजट फ्रेंडली यात्रा करना चाहते हैं तो आप यहां 2 से 3 दिन तक मात्र 5,000 रुपये में भी घूम सकते हैं।

बहरहाल, कौसानी में मुझे स्विट्जरलैंड में होने का एहसास अकारण नहीं हुआ। बाद में मुझे मालूम हुआ कि मन को लुभाने वाली खूबसूरती के कारण लोग कौसानी को मिनी स्विट्जरलैंड भी कहते हैं। मैंने होटल में अपने कमरे में अपना सामान रखा, स्नान करके फ्रेश हुआ और हल्का सा नाश्ता करने के बाद कौसानी के आसपास की पहाड़ी चोटियों की ओर टहलता हुआ निकल गया। चोटियों पर बादलों के रंगों के जादुई खेल को देखते हुए कब सुबह से शाम हो गई मुझे पता ही न चला। चीड़ और नीले देवदार के जंगलों से ढकी पहाड़ियों पर बसा यह गांव खासतौर से त्रिशूल, नंदा देवी और शक्तिशाली पंचाचूली जैसे हिमालय की चोटियों के मनमोहक नजारों के लिए भी विख्यात है। इसकी सुंदरता ने तो मेरा दिल ही जीत लिया। मुझे रोमांटिक कवि जॉन कीट्स की वह पंक्ति याद आ गई कि सुंदर चीज हमेशा के लिए आनंद का स्रोत होती है। कौसानी की यात्रा केवल उसकी खूबसूरती के लिए भी की जा सकती है और मेरा तो मानना है कि कौसानी की यात्रा दिल के सुकून व रूह के आराम के लिए बार बार की जा सकती है।

अगर आप मेरी तरह प्रकृति प्रेमी हैं तो कौसानी का दौरा अवश्य करें। मुझे तो अफसोस हो रहा था कि मैं अपने परिवार के साथ क्यों नहीं आया। महानगर के कंक्रीट जंगल में रहते हुए मेरे बच्चे प्रकृति का अनुभव ही नहीं कर पाते हैं। अगली बार मैं उन्हें साथ लेकर कौसानी आऊंगा ताकि वो आसपास के जंगलों में घूमते हुए प्रकृति से जुड़ सकें, कल कल करती नदियों के किनारे बैठकर पक्षियों के गीत सुन सकें और जागती आंखों से सपने देख सकें। कौसानी में 50 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को तो मैंने देखा, जिनमें मैं कुछ की ही पहचान कर सका जैसे कठफोड़वा, बारबेट, तोता, रोबिन, फोर्क टेल आदि, लेकिन जिन परिंदों को मैं पहचान न सका उनकी सुंदरता ने भी मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया। कौसानी के चाय के बागान भी देखने लायक हैं।

## असाधारण शक्तियां

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

## आज भी मेरा कद बस अंगूठा भर है

व्यंग्यलोक

आदरणीय, परमादरणीय सरकार जी! आज भी मेरा कद उतना ही है, वही अंगूठा भर। वैसे मेरा कद बढ़ता भी कैसे? मेरे लेखन से मेरा कद दो इंच बढ़ता है तो दूसरे मठ के मेरा कद चार इंच काट जाते हैं। सरकार जी! साहित्य लेखन से उपकृत संपृक्त हो बहुत जी लिया। अब मैं पुरस्कृत हो जीना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि जिस पर मां सरस्वती का वरद हस्त होता है वह लेखन से उपकृत संपृक्त होता है और जिस पर सरकार जी का वरद हस्त होता है वह बिन लिखे ही पुरस्कृत होता है। सरकार जी! जैसे कि आपने साहित्यिक वृत्ति योजना में यह भी शर्त रखी है कि उस साहित्यकार को ही साहित्यकार वृत्ति योजना का लाभार्थी माना जाएगा जो साहित्यकार बीपीएल श्रेणी में होगा। तो सर जी! इस शर्त बाबत आपसे सादर निवेदन है कि मैं पूरी तरह से बीपीएल श्रेणी का ही साहित्यकार हूं। आप तो सरकार जी जानते ही हैं कि आज की तारीख में लेखन से कमाई ही क्या होती है? इसका जिंदा प्रमाण मेरे पास साहित्य से होने वाली वार्षिक आय का अपने क्षेत्र के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी है। मत पूछो मैंने किस किस की मिन्नतें किस किस से मन्नतें कर यह असली प्रमाणपत्र बनवाया है। जो कभी किसी रोज कहीं से गलती से किसी महीने किसी रचना का पारिश्रमिक आ जाता है तो उस दिन पानी के दीए जला दीवाली मना लेता हूं। सरकार जी! बीसियों शारीरिक और मानसिक रोगों ने मुझे चारों ओर से बुरी तरह घेर रखा है। मेरी मानसिक बीमारी का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि मुझे अपने से बड़ा साहित्यकार आज की डेट में पूरे ब्रह्मांड में कोई नहीं दिखता। कई बार तो मुझे जब मानसिक साहित्यिक बीमारी का दौरा पड़ता है तब मैं अपने सामने सूर, तुलसी, शेक्सपियर, आल्बेयर कामू, गोर्की को भी बहुत बौना पाता हूं। तब वे सब बेबस मुझे अपनी हीनता को दबाए टुकुर टुकुर निहारते हैं बस! अतः मैं साहित्यिक वृत्ति का सुपात्र आपके द्वारा अखबारों में प्रकाशित साहित्यकार वृत्ति का निर्धारित प्रपत्र को गौर से पूरी तरह भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आपकी मेल आईडी पर आपको मेल कर ही रहा हूं, साथ ही साथ हार्ड कापी भरे प्रपत्र की प्रति पंजीकृत पत्र से आपकी सेवा में भेज रहा हूं। आपसे इल्तिजा है कि आप मेरे आवेदन पर ईमानदारी से गौर फरमाएं। **सरकार जी से साहित्यिक वृत्ति की आस में,** अनुग्रह से पूर्व धन्यवाद सहित, एक बीपीएली, शारीरिक और मानसिक अक्षम साहित्यिक बगुला।



अशोक गौतम

## विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

## आप की बात

### सेवा प्रदाताओं की मनमानी

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए। दरअसल सरकार को आउटसोर्सिंग भर्तियों के बजाय संविदा भर्तियां करनी चाहिए ताकि ठेकेदारों के शोषण से युवाओं को बचाया जा सके। दरअसल आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण कई तरीके से सेवा प्रदाता करते हैं। यहां तक कि उनके वेतन कई महीनों तक नहीं देते हैं और धन उगाही भी करते रहते हैं।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### नवाचार को बढ़ावा मिले

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियां बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टार्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## एएनएम के अभाव में बंद पड़ा है तहसीनपुर उप केन्द्र

**सोहावल-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल को माडल के रूप में बनाने का सपना देख रहे मुख्य चिकित्साधिकारी को एक अदद एएनएम नहीं मिल पा रही। जो सप्ताह भर से बंद पड़े अतिरिक्त प्रसव केंद्र तहसीन पुर का दरवाजा खोलकर संचालन कर सकें। सी एच सी से जुड़े रौनाही, कटरौली मुबारकगंज, तहसीन पुर मुस्तफाबाद जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में प्रसव उप केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि इनमें आधे से ज्यादा दम तोड़ चुके नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रसव कराने वाला तहसीनपुर उप केंद्र में एएनएम नियुक्ति विवाद के चलते सप्ताह भर से ताला लटक रहा है। विभाग को एक अदद ए एन एम नसीब नहीं हो रही है। जिसे उप केंद्र पर तैनात करके संचालन शुरू कराया जा सके। प्रतिदिन प्रसव के लिए आई प्रसूताएं नोटिस बोर्ड को पढ़कर बैरन वापस लौटने को विवश होती हैं। कुछ सी एच सी पर जाकर भर्ती होती हैं। जहां लोड इतना बढ़ गया है कि एक दिन में तीन से चार आपरेशन करने पड़ रहे हैं।

# पांच जून को होगी राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में 5 जून को राम दरबार समेत आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की घोषणा की है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर

- दो जून से ही होगा कार्यक्रमों का आगाज, तैयारियां तेज
- मुख्यमंत्री समेत अन्य धमार्चार्यो को किया गया है आमंत्रित

अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:25 से 11:40 बजे के बीच संपन्न होगा। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं और अयोध्या एक बार फिर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न किया जाएगा। यह आयोजन 3 जून से शुरू होगा, जिसमें यज्ञ मंडप पूजन और अग्नि स्थापना जैसे अनुष्ठान शामिल होंगे। 4 जून को विभिन्न अधिवास और पालकी यात्रा का आयोजन होगा, जबकि 5 जून को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संप्रदायों के संत, धमार्चार्य, आरएसएस, विहिप और राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल होंगे। इस दौरान श्रद्धालु दर्शन-पूजन भी कर सकेंगे। आयोजन की शुरूआत 2 जून को मातृ शक्तियों द्वारा जल कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा शाम 4:00 बजे सरयू नदी के पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगरहाट, हनुमानगढ़ी, और दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर समाप्त होगी। यह जल कलश यात्रा भक्ति और एकता का प्रतीक होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने की उम्मीद है।पत्रकार वार्ता के दौरान महासचिव चंपत राय ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में तुलसीदास जी की प्रतिमा स्थापित हो गई है। सभी को उनके दर्शन मिलेंगे। इसके अलावा महर्षि अगस्त्य, वाल्मीकि, विश्वामित्र समेत चारों गुरु की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर में बनी हैं। सभी



बहुत वजन की हैं। इसलिए यहां लाकर स्थापित कर दिया गया है। परकोटे में मूर्तियां स्थापित हो जाएंगी, लेकिन अब कुछ कार्य शेष है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सिर्फ पूजा ही हो सकेगी। अभी श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकेंगे। इसी तरह से प्रथम तल पर विराजमान राजा राम के परिवार समेत दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने पर मंथन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ था, जिसने विश्व भर में ध्यान आकर्षित किया था। इस बार राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या एक बार फिर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अपनी महत्ता को रेखांकित करेगी।चंपत राय ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी मजबूत करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार की जा रही हैं, ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।यह आयोजन अयोध्या को विश्व पटल पर और अधिक प्रमुखता प्रदान करेगा। राम मंदिर ट्रस्ट ने सभी भक्तों से इस पवित्र अवसर पर शामिल होने और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति अर्पित करने का आह्वान किया ळें

## महापौर आज जानेंगे जनसमस्याएं

**अयोध्या।** वीर अब्दुल हमीद वार्ड (राठहवेली) में गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस टीम में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और क्षेत्रीय पार्षद सलमान हैदर भी शामिल होंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 29 मई को महापौर वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। जन समस्याओं के निराकरण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त ने सभी विभागाध्यक्ष को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

सुबह आठ बजे होने वाले भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें मौजूद रहेंगी। इस दौरान शिविर लगाकर गृह एवं जलकर, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को संकलित किया जाएगा और उसका यथासंभव निदान भी कराया जाएगा। महापौर ने लोगों से अपेक्षा की है कि वह नगर निगम के कर्मचारियों को अपनी समस्याएं बताने में संकोच न करें।

## सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे नगर कोतवाल



**बाराबंकी।** हैदरगढ़ रोड़ स्थित मैदान पर चल रहे डिजनीलैंड पार्क प्रदर्शनी एंव मेला अपने शबाब पर है। लोगों की भीड़ पहुंचकर घरेलू सामानो की खरीददारी के साथ-साथ सभी आइटम पर आकर्षक छूट मिलने पर काफी शौक से खरीदारी की जा रही है। तो वही सुरक्षा एंव कानून व्यवस्था को लेकर नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामकिशन राना ने प्रदर्शनी मे लगे सीसीटीवी के माध्यम से स्थिति का जायजा लिया। तथा सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु पूरे परिसर मे 16 सीसीटीवी कैमरो से नजर रखी जा रही है।

## महिला उत्पीड़न की शिकायत पर हो त्वरित कार्यवाही: अंजू प्रजापति

**बाराबंकी।** महिला उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम एवं जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिये उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने डीआरडीए सभागार मे पीड़ित महिलाओ की समस्याओ को सुना। तथा सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग सदस्या के समक्ष कुल 38 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिसका त्वरित समाधान कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। महिला आयोग सदस्या श्रीमती प्रजापति ने कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक इंद्रसेन, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ0 पल्लवी सिंह, क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान उपस्थित रहे।

# सैन्य कर्मियों ने सीखे कृषि बागवानी के गुर

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रसार निदेशालय द्वारा सेना के जवानों के लिए कृषि एवं कृषि आधारित उद्यमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ राम बटुक सिंह ने कहा कि सेना में अनुशासित जीवन तथा देश व समाज के प्रति देश भक्ति और समाजसेवा के लिए समर्पित सैन्य कर्मी सेवानिवृत होने के बाद खेती एवं किसानी के क्षेत्र में निश्चित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सैन्य कर्मियों का आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में अपना स्वरोजगार चयनित करके किसानों के लिए प्रेरणा श्रोत बन सकते हैंप्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा अनिल कुमार, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के डेयरी प्रक्षेत्र के प्रभारी डॉ एस पी सिंह ने कृषि की विभिन्न विद्याओं विशेषकर प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रसार निदेशालय के वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डॉ के एम सिंह ने आधुनिक कृषि तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रशिक्षणार्थी सैन्यकर्मी विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों प्राकृतिक प्रक्षेत्र, डेरी प्रक्षेत्र, सब्जी एवं फल विज्ञान प्रक्षेत्र एवं क्रीडा प्रक्षेत्र आदि का भ्रमण किए और जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अयोध्या डोगरा रेजिमेंट सेंटर से चयनित सैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## माता-पिता के आशीर्वाद से लक्ष्य प्राप्त करेंगे: प्रो. चयन कुमार मिश्रा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बीएससी पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमें छात्रों ने मनोहारी प्रस्तुति दी और सभी का मनमोह लिया। इस दौरान छात्रों ने अपने बीते पलो को साझा कर सभी भावुक किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चयन कुमार मिश्रा ने की।

उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि आपके प्रथम गुरु माता-पिता है। उनका सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद से ही लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ.अश्वनी कुमार, डॉ. अमित सिंह, डॉ.संदीप रावत, डॉ. गया प्रसाद एवं डॉ. अरविंद वाजपेई मौजूद रहे।

# 12 बीघा जमीन बनीं रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण

**अयोध्या।** बुधवार को रिटायर्ड अमीन हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना तारून क्षेत्र में 12 बीघा जमीन रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण बन गई। मामले में पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या का

- पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या का किया खुलासा, मुख्य अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार



खुलासा कर दिया है। मुख्य अभियुक्त कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपी कृष्णा कुमारी के बेटे अरविंद यादव व आदर्श सिंह को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना तारुन के बारा गांव में 25 मई को सुबह ट्यूबवेल पर सो रहे कर्मराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी।मृतक के पुत्र दिनेश ने अपने चचेरी भाभी कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव आलोक तिवारी व आदर्श सिंह पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपी अरविंद यादव का आदर्श सिंह को भी पुलिस कस्टडी में लेकर मामले की गहनता से पूछताछ कर रही है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि कृष्णावती के ससुर से मृतक करमराज यादव ने 12 बीघे जमीन बैनामा करवा ली थी। जब कृष्णावती के ससुर की मौत हो गई तो कृष्णावती मृतक कर्मराज यादव से अपना हिस्सा मांगने लगी लेकिन कर्मराज यादव ने हिस्सा देने से मना कर दिया जिसके बाद कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव ने हत्या का प्लान बना लिया।अरविंद यादव ने अपने दो दोस्तों के साथ ट्यूबवेल पर सो रहे रिटायर्ड अमीन करमराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने कृष्णावती और उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि कृष्णावती की बेटे अरविंद यादव और आदर्श सिंह को भी पुलिस ने कस्टडी में लिया है जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी से आला कत्ल भी बरामद कर लिया है।

## दुर्गा वाहिनी का शहर में निकला शौर्य संचलन



**बाराबंकी।** दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग को लेकर जीआईसी ऑडिटोरियम से भव्य शौर्य संचलन निकाला गया। यह संचलन नाका, धनोखर चैराहा, नेबलेट चौराहा, छाया चैराहा होते हुए लखपेड़ाबाग मोड़ से पुन जीआईसी ऑडिटोरियम पर जाकर समाप्त हुआ। शौर्य संचलन का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दुर्गा वाहिनी की बहनों ने दंड प्रहार व तलवार संचालन का कई स्थानों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जय भवानी जय शिवाजी, भारत माता की जय के नारों से शहर का वातावरण देशभक्ति की भावना से भर उठा। बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के धर्म जागरण प्रमुख अभय कुमार ने भारत के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ने विश्व को शून्य, दशमलव और अक्षरों का ज्ञान दिया। जब विदेशों में लोग असभ्य जीवन जीते थे। तब भारत में संस्कृति और सभ्यता चरम पर थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, किरण सिंह, संतोष मिश्रा, बृजेश वैश्य, इंद्रेश, राहुल कुमार, अखिलेश प्रताप सिंह, अरविंद तिवारी, नेहा मिश्रा, दयाशंकर, राहुल विक्रम सिंह, मेजर विद्यारत्न द्विवेदी, रश्मि मौर्या, ब्रह्म प्रकाश सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र रामकेवल से मिले सांसद तनुज पुनिया

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** तहसील रामसनेहीघाट की ग्राम पंचायत अहमदपुर के गांव निजामपुर में आजादी के बाद पहली बार हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र रामकेवल पुत्र जगदीश प्रसाद को नेता

- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जारी शुभकामना पत्र व उपहार देकर बढ़ाया हौसला
- आजादी के बाद पहली बार कोई छात्र उत्तीर्ण हुआ

प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गये शुभकामना पत्र एंव अन्य उपहार को कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भेंट करते हुये बधाई दी। तथा छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को



प्रोत्साहन देना हमारा कर्तव्य है। हम आगे की पढ़ाई में रामकेवल का भरपूर सहयोग करेंगे। ताकि वो उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने गांव जिले प्रदेश का नाम रोशन कर सके। इस सम्बन्ध में बताते चले कि अहमदपुर में राजकीय इंटर कॉलेज का निर्माण कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए-2 की सरकार ने वर्ष 2011-12 में पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया के प्रयासों से मल्टी सेक्टोरियल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत हुआ था। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, भष्मा प्रसाद मिश्रा, अब्दुल्ला शेरखां, मनीष रावत, मोहम्मद जिशान, आसमि मुन्ना मौजूद रहे।

# प्रांत व्यापी आन्दोलन के दृष्टिगत विद्युत उपकेन्द्रों पर तैनात किये गये अधिकारी

**बहराइच ।** ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत प्रस्तावित प्रान्त व्यापी आन्दोलन के जनपद में सुचारू विद्युत व्यवस्था एंव कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा विद्युत उपकेन्द्रों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है। सभी सम्बन्धित अधिकारी तैनाती स्थल पर उपस्थित होकर उपकेन्द्र पर पूर्व से तैनात संविदा कर्मियों के माध्यम से सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा उपकेन्द्र पर तैनात पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें। डीएम द्वारा नगर मजिस्ट्रेट व सम्बन्धित एसडीएम को क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त विद्युत उपकेन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है जो विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के निमित्त उत्तरदायी होंगे तथा वस्तुस्थिति से डीएम, सीआरओ व एडीएम को अवगत कराते रहेंगे।

विद्युत पारेषण खण्ड बहराइच अन्तर्गत 132 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र, सदर में जिला आबकारी अधिकारी व सहा.अभि. स.न.ख. प्रथम हिमगिरी, बेगमपुर रिसिया में जिला विकास अधिकारी सहा.अभि. स.न.ख. प्रथम पुष्कर शुक्ला, नानपारा में बी.ई.ओ. बलहा व अ..अभि. स.न.ख. चतुर्थ नवीन वर्मा, पयागपुर में नायब तहसीलदार पयागपुर हरिशंकर पटेल व सहा.अभि. निर्माण-प्रथम अजीत सिंह, कैसरगंज में सी.वी.ओ. व सहा.अभि. स.न.ख. प्रथम लक्ष्मी नरायण तथा 220 के.वी. हेमरिया में ए.एम.ए. जिला पंचायत व सहा.अभि. स.न.ख. प्रथम अतुल कुमार की ड्यूटी लगायी गयी है। विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अन्तर्गत 33/11 उपकेन्द्र घंटाघर में बी.एस.ए. व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम धर्मेन्द्र कुमार, बक्शीपुरा में उप निदेशक कृषि व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम पवन कुमार, बशीरगंज में सहायक श्रमायुक्त व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम पुष्पेन्द्र कुमार, कल्पीपारा में सहायक निदेशक रेशम व अ.अभि. स.न.ख. प्रथमसुभाष कुमार सिंह, सिविल लाइन में जिला कृषि अधिकारी व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम शिवम सिंह पटेल, परसौरा में जिला उद्यान अधिकारी व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम प्रशांत गौतम, डीजल पावर हाउस में जिला सेवायोजन अधिकारी व अ.अभि. स.न.ख. प्रथम संजय कुमार, अस्पताल चैराहा में नायब तहसीलदार मुख्यालय राजदीप यादव व सहा.अभि. स.ड्रे.ख. प्रथम बजरंग बहादुर पाल व गुल्लावीर के लिए ए.आर. को-आपरेटिव व सहा.अभि. स.न.ख. प्रथम सूरज सिंह की ड्यूटी लगायी गयी है।

## ओडीओपी के लिए होगा 10 दिवसीय प्रशिक्षण आवेदन आमंत्रित

**बहराइच ।** उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि ह्यह्यएक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के कौशल विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। जनपद के लिए चयनित उत्पाद-खाद्य प्रसंस्करण एवं गेहूँ के डण्ठल से निर्मित कलाकृति ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक जनपदवासी जिनकी 18 वर्ष से कम न हो विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत शैक्षिक योग्यता की कोई बाधा नहीं है। श्री वर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त टूल किट प्रदान किये जाने का प्राविधान है।

## महिला सशक्तीकरण की प्रतीक थी अहिल्याबाई: सुरेश राही



**बाराबंकी।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थी। उन्होंने स्वदेशी कुटीर उद्योग को बढ़ावा एवं स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया।

अहिल्याबाई ने भारत की ऐतिहासिक व आध्यात्मिक विरासत को संजोने में अपना जीवन खपा दिया। उक्त विचार मुख्य अतिथि कारागार मंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने जिला पंचायत सभागार में अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर आयोजित सम्मेलन व्यक्त किये।

कारागार मंत्री श्री राही ने आगे कहा कि अपने जीवन में देशभर में सभी ज्योतिर्लिंग सहित हजारों मंदिरों, घाटों और विश्रामालय का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कराया। 29 वर्ष की आयु में पति की मृत्यु होने के पश्चात उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया। अपने राज्याभिषेक के बाद अहिल्याबाई ने होलकर समाज की संपत्तियों को भगवान शिव को अर्पित करने का काम किया। सम्मेलन का संचालन आशीष पाठक ने किया। इस अवसर जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य, विधायक दिनेश रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, राम कुमारी मौर्य, अमरीश रावत, विजय आनंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# सरयू नदी का टूटा तटबंध बना खतरा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सरयू नदी के पार तटबंध किनारे बसे कई गांवों के पास बने तटबंध कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ का मौसम नजदीक आ चुका है। लेकिन तटबंधों की मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जबकि मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ के मौसम से पहले तटबंधों की मरम्मत और अनुरक्षण के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके सरयू नदी के उस पार बने एल्गिन चरसड़ी तटबंध पर अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया है। तटबंध के दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जो इसकी मजबूती पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। पूरेडलई ब्लाक के

- 500 की आबादी पर मंडरा रहा बाढ़ का संकट, 10 साल से नहीं हुई मरम्मत

माझारायपुर, परसावल, कमियार और नैपुरा, बासगांव गांवों के बगल में बने तटबंध क्षतिग्रस्त हैं। मांझा रायपुर व परसावल के बीच 10 वर्ष पहले एल्गिन चरसड़ी तटबंध कटा था। तब से आज तक किलोमीटर 10 से लेकर 16 तक उसी स्थिति में पड़ा है। इस पांच किलोमीटर के गैप को अभी तक भरा नहीं जा सका है। इस कटे तटबंध के बीच में लगभग पांच हजार की आबादी निवास करती है। जो हर वर्ष बाढ़ के समय में काफी प्रभावित होती है। तटबंध क्षतिग्रस्त को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को तटबंधों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। लेकिन न तो कोई निरीक्षण और न ही कोई ठोस कार्यवाही हुई। बांसगांव में 5 वर्ष पहले तटबंध कटा था बाढ़ खत्म होने के बाद अधिकारियों ने फिर से तटबंध सही करा दिया था इसके बाद भी यहां पर बाढ़ के समय में सीपेज व रिसाव की समस्या बनी रहती है। कमियांर



से बांसगांव तक चार किलोमीटर तक रैंप बने हैं वह कई जगह से क्षतिग्रस्त है। लोधनपुरवा, मल्हान पुरवा के पास सीपेज की समस्या से तटबंध को खतरा रहता है। कमियांर गांव के पास तटबंध के किनारे नदी आ जाने से बाढ़ के समय में खतरा बढ़ सकता है। परसवाल गांव के निवासी राम कैलाश यादव ने बताया तटबंध कई जगह से डैमेज हो गया है। बंधे के स्लोप कट गए हैं। लेकिन शिकायत के बाहर भी न तो बाढ़ खंड अधिकारी और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। तो वही सरयू नदी इस पार अली नगर, रानीमऊ तटबंध के निकट मूर्तिहान घाट के पास सरयू नदी की धारा तेजी से आबादी की ओर कटान कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी की धार सीधी दिशा में रुख कर चुकी है, जिससे वहां के कई घरों और खेतों के आलावा प्राचीन मूर्तिहान घाट का मंदिर पर संकट मंडरा रहा है। बावजूद इसके, अभी तक वहां कोई रोकथाम का कार्य शुरू नहीं किया गया है। बाढ़ कार्य खंड के अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया कि जहां पर डेंजर जोन है वहां पर अनुरक्षण कर कराया जा रहा। अगर इन जगहों पर भी अगर काटन जैसी समस्या है तो उसको दिखाने के बाद सही कराया जाएगा।

# स्थापना और विनियम नीति के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**बहराइच ।** निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा कांट्रेक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियम) नीति 2025 को जनपद में क्रियान्वित करने के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर विभिन्न यूनियनों

- इच्छुक व्यक्ति से करायें आवेदन: डीएम

के पदाधिकारियों तथा इस क्षेत्र में निवेश करने के इच्छुक व्यक्तियों को नीति के सम्बन्ध में जानकारी देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाय ताकि प्रदेश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ अलग-अलग स्थानों एवं क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर हो सके।

डीएम मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर इच्छुक व्यक्तियों को स्थापना एवं विनियम नीति 2025 के सम्बन्ध



जानकारी देकर उनसे आवेदन भी कराएं। स्थापना एवं विनियम नीति 2025 के पीछे सरकार की यही मंशा है कि आमजन को सड़क परिवहन के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों।

डीएम ने कहा कि परिवहन की बेहतर सुविधाएं ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ अधिक से अधिक आवेदन करायें ताकि आकांक्षात्मक की तरक्की का मार्ग प्रशस्त हो सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद में 30 मई से प्रारम्भ होगा माह जून का खाद्यान्न वितरण

**बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 30 मई से 10 जून 2025 तक होगा। उन्होंने बताया कि सर्वर पर डाटा कम्पाइलिंग कार्य के कारण 01 जून को वितरण कार्य नहीं किया जायेगा। वितरण माह अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

संक्षेप

## खेत में पानी निकालने से मना करने पर पीटा

**रायबरेली।** भूमिधरी जमीन में मकान का पानी निकालने से मना करने पर युवक की पिटाई किये जाने की षिकायत पुलिस से की गई है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे मेड़ई मजरे बंसतपुर कठोईयां गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र राजाराम ने पुलिस को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि गांव का ही अषरफीलाल उसकी भूमिधरी जमीन पर जबरन अपने मकान का पानी निकाल रहा है। मना करने पर आरोपी ने लाठी डंडों से जमकर उसकी पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की बात कही है।

## गोवध निवारण में वांछित महिला गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली पुलिस महराजगंज में गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अंतर्गत महराजगंज कोतवाली पुलिस ने महराजगंज पुलिस टीम द्वारा कोतवाली महराजगंज में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 99/2025 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित महिला आरोपी गुलफ्सा पत्नी शाह आलम उर्फ धोनी निवासी गंगागंज थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को महराजगंज कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक रोहित कुमार आरक्षी पिंटू यादव, महिला आरक्षी सुलोचना सिंह, महिला आरक्षी मंजूलता, व होमगार्ड रामप्रताप सिंह द्वारा झलिहा का पुरवा बछरावां मार्ग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि गोवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**रायबरेली।** दोस्तों संग लोन नदी में नहाने गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में डूब गया। कडी मषक्कत के बाद उसे गहरे पानी से निकालकर सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लालगंज कस्बे के अम्बे नगर निवासी मो. अहद (20) पुत्र मो. अजीज अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर लोन नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया। जिसके बाद उसके दोस्तों ने चिल्लाना षुरू कर दिया। लोगों की मदद से अहद को पानी से निकालकर जल्द सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अहद के पिता ने मामले की सूचना पुलिस को देने के साथ षव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## दो चोरों को भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने लालगंज, सरेनी और गुरुबक्स गंज थाना के तहत चोरी करने वाले कानपुर नगर के निवासी दो चोरों को पकड़कर जेल भेजा है। सातनपुर के पास गस्त के दौरान चेकिंग चल रही थी ,तभी जब एक सफेद रंग की कार को रोका गया तो उससे उतर कर दो लोग भागने लगे। जब उनको पकड़ कर पूछताछ की गई तो उन्होंने 28 अप्रैल को रेल कोच फैक्ट्री में हुई चोरी सहित सरेनी, लालगंज, गुरुबक्सगंज में चोरी कारित करने की घटनाओं की कबूल की है। पकड़े गए चोरों में से अनिल कुशवाहा पुत्र सर्वेश कुशवाहा के पास से एक जोड़ी पायल और आठ हजार रु.नगदी बरामद हुआ है। वहीं दूसरे चोर रुद्र प्रताप सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह से 7000 रु. नकदी पकड़ी गई है जो चोरी का माल बेचकर बनाया गया धन है। दोनों चोर ग्राम सेनपारा पूरब थाना सेन पश्चिम कानपुर नगर के रहने वाले हैं।

## शीघ्र साफ होगी ड्रेन

**जगतपुर, रायबरेली।** दस वर्षों से सफाई की बाट जोह रही मनोहरगंज ड्रेन के अब दिन बहुरने वाले हैं। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना की शिकायत पर आज अधिकारियों ने ड्रेन का निरीक्षण किया और नाप जोख कर शीघ्र सफाई करवाने का आश्वासन दिया। जगतपुर से जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने गत दिनों जिलाधिकारी रायबरेली से मुलाकात कर जगतपुर कस्बे के पीछे औदरा तालाब से शिवमन्दिर सलोन रोड नई बस्ती से रायबरेली रोड से निकल कर भीख ड्रेन में उक्त ड्रेन मिलती हैं जिसकी लंबाई तीन किमी के लगभग है। यह मनोहरगंज ड्रेन की सफाई कई वर्षों से न होने से टांघन, बरगदाह, दिग्गही, सलोन रोड, आनंदापुर, जगतपुर के किसान जल भराव से परेशान हैं।

# फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाने वाला जन सुविधा केंद्र बेनकाब

### एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने जन सुविधा केंद्र से लैपटॉप व उपकरण किया बरामद

जिला संवाददाता (vol)

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के एक जन सुविधा केंद्र से कूट रचित तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी करने के रैकेट का एसडीएम ने भंडाफोड़ किया है। जांच के दौरान रायबरेली जनपद के ऊंचाहार, लालगंज एवं सदर तहसील के जारी निवास प्रमाण पत्र को एडिट कर उन्नाव जनपद के पुरवा तहसील के आवेदकों को निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने का फजीर्वाड़ा सामने आया है। संबंधित निवास प्रमाण पत्र में एडिट कर एसडीएम महाराजगंज सचिन यादव अंकित हैं। फजीर्वाडे की जानकारी मिलते ही एसडीएम एवं सीओ ने संबंधित जन सुविधा केंद्र संचालक के यहां छापा मारा मौके से जन सुविधा केंद्र के लैपटॉप ,मोबाइल व सभी अभिलेख को सीज किया गया हूं। फर्जी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर संबंधितों द्वारा आधार कार्ड को पोस्ट ऑफिस महाराजगंज में अपडेट करने के समय तहसील प्रशासन को यह फजीर्वाड़ा सामने आया

एसडीएम केनिर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर के आधार पर संबंधित जन सुविधा केंद्र संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला देर रात पंजीकृत कर लिया गया है

अब इसी के तर्ज पर बछरावां के शेखपुर समोधा के सियाराम जन सुविधा केंद्र संचालक अभिषेक पुत्र राकेश कुमार निवासी बिशनपुर बछरावां द्वारा निवास प्रमाण पत्र आवेदन संख्या 24 158 00 200 263 263 प्रमाण पत्र संख्या 28 12 5200 4365 दिनांक 18524 विद्या देवी पुत्री विजय बहादुर माता का नाम सतान देवी निवासी ग्राम धारा जीत खेड़ा मजरे मवई तहसील पुरवा जिला उन्नाव के नाम कूट रचित तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है निवास प्रमाण पत्र पर डिजिटल सिग्नेचर उप जिलाधिकारी पुरवा उन्नाव 18/05/2024 दर्ज है जिस पर उप जिलाधिकारी का नाम सचिन यादव दर्ज है जन सेवा केंद्र शेखपुर समोदा रायबरेली की मोहर लगी है।

एसडीएम द्वारा उक्त आवेदन के क्रमांक की ऑनलाइन जांच करने पर लालगंज तहसील के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के सैनी मजरे भीतरगांव गांव की प्रियंका सिंह पत्नी राहुल सिंह का नाम आवेदन प्रदर्शित हो रहा है। इसी प्रकार ऊंचाहार तहसील के निवास प्रमाण पत्र आवेदन क्रमांक को कूट रचित तरीके से एडिट कर पुरवा उन्नाव के विजय बहादुर पुत्र राम कुमार का निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है। पुरवा उन्नाव की ही श्रीदेवी पुत्री रामकुमार को भी सदर तहसील के एक निवास प्रमाण पत्र का के आवेदन को एडिट कर निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है। फर्जी वाले के तहत सभी में महाराजगंज रायबरेली एसडीएम सचिन यादव का नाम डिजिटल सिग्नेचर में किया गया है।

एसडीएम सचिन यादव ने बताया फर्जी वाड़े का खुलासा होते ही उन्होंने क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के साथ जन सुविधा केंद्र पर छापा मारा जहां मौके से लैपटॉप अभिलेख एवं मोबाइल जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया जालसाजों की खैर नहीं है मामले की जांच की जा रही है रैकेट का खुलासा हुआ है सभी को जेल भेजा जाएगा।

## शिक्षक आशीष को मिला राज्य स्तरीय आईसीटी पुरस्कार



- लखनऊ के एनसीईआरटी के कावेरी सभागार में 13 से 16 मई के बीच हुई आईसीटी प्रतियोगिता

**रायबरेली।** तकनीक की दुनिया से परिषदीय विद्यालय के बच्चों को जोड़ने में नए आयाम देने वाले प्रा. विद्यालय दौतरा के प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह को बेहतर प्रेजेंटेशन करने पर राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य स्तर पर चयनित कुल 40 प्रतिभागियों में आशीष का चयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में महराजगंज ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय दौतरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष सिंह और जगतपुर ब्लॉक की दीपिका सिंह का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया था। राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता 13 से 16 मई के बीच लखनऊ स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के कावेरी सभागार में हुई थी। शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईसीटी एवं नवीन तकनीकी विधाओं का प्रस्तुतीकरण किया था। एससीईआरटी में आयोजित हुई प्रतियोगिता का आज परिणाम जारी किया गया है। इसमें निर्णायक मंडल की तरफ से आशीष प्रताप सिंह को चयनित किया गया है।

प्रा. विद्यालय दौतरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह की उपलब्धि से विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आशीष प्रताप सिंह के योगदान से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल रही है। आशीष प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, बीईओ महराजगंज राम मिलन यादव, आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री मधुकर सिंह, महामंत्री संजय कनौजिया, जयकरन सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

## बी.एससी. कृषि छात्रों ने किया लखनऊ भ्रमण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान कृषि संकाय के बी.एससी. -कृषि चैथे वर्ष की छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर भाकृअनुप-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ के लिए रवाना हुए। शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थी बागवानी अनुसंधान की आधुनिक प्रक्रियाओं से अवगत हुए। टूर इंचार्ज डॉ. नीरज सिंह के नेतृत्व व प्राध्यापक डॉ. अंशुमान सिंह डॉ. अंकित सिंह एवं डॉ. राहुल के मार्गदर्शन में प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह एवं संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं सहित शैक्षणिक भ्रमण दल को लखनऊ के लिए रवाना किया। इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य ने छात्रों को नवाचार और अनुसंधान के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। भ्रमण के दौरान लखनऊ स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के विशेष लेक्चर से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन हुआ। व्याख्यान मे उपोष्ण फल एवं सब्जियों की उन्नत उत्पादन तकनीक रोग प्रतिरोधी किस्मों का विकास बागवानी में जैविक एवं सतत खेती के तरीके बागवानी फसलों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर विशेष चर्चा की गई। इस भ्रमण मे छात्रों ने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और शोध फार्मों का भ्रमण किया व विविध बागवानी फसलों विशेषकर आम पर चल रहे अनुसंधान कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ तथा बागवानी अनुसंधान विशेषकर आम उत्पादन एवं नवाचार के क्षेत्र में इनकी रुचि को नया आयाम मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण मे सैंकड़ो विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**अमेठी।** डीएम संजय चौहान ने बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएमने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं अगर अभी तक वहां पर साइनेज बोर्ड तथा रबंल स्ट्रिप नहीं बनवाएं गए हैं तो तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जाए। कस्बों/बाजरों आदि में सड़कों पर हुए अवैध अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए। जनपद में जितने भी जेसीबी व हाइड्रा मशीने हैं उनको चिन्हित कर उनके चालकों का हैवी ड्राइविंग लाइसेंस बना है कि नहीं इसकी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए जो गाड़ियां लगी हों उनकी फिटनेस आदि की जांच अनिवार्य रूप से की जाए तथा अनफिट पाई गई गाड़ियों का तत्काल चालान कर उन्हें सीज करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटना को न्यून करने के लिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को कड़ाई से लागू किए जाए लोगों से यातायात नियमों का पालन कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध ई रिक्शा स्टैंडों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही कहीं पर भी ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मानक से अधिक वसूली की शिकायत पाए जाने पर भी ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। बैठक के दौरान सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम (वि./रा.) अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डॉ0 अंशुमान सिंह, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, एनएचआई के अधिशासी अभियंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुप्पी तोड़ो, माहवारी पर खुलकर बोलो



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** विकासखंड हरचंदपुर की आठ ग्राम सभाओं में चल रही सबला द्वारा संचालित समर्थ परियोजना सबला संस्था के माध्यम से विश्व महामारी स्वच्छता दिवस का कार्यक्रम शोरा, गुल्लूपुर, कठवारा और मुबारकपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सबला समर्थ परियोजना की टीम, वन स्टॉप सेंटर की टीम और परिवार परामर्श केंद्र की परामर्शदात्री के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें सुपरवाइजर दीपांजलि श्रीवास्तव और सज्जन ने सभी को बताया गया कि हम सभी को मिलकर एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध हो जहां हर व्यक्ति के पास सुरक्षित और सम्मानजनक मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तक पहुंच हो। आगे काउंसलर दीपिका ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस प्रत्येक वर्ष 28 मई को मनाया जाता है।

मासिक धर्म स्वास्थ्य अधिकारों गरिमा और सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक मूलभूत पहलू है जो भ्रांतियां को तोड़ने और अच्छे मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर श्रद्धा सिंह ने बताया मासिक धर्म के बारे में खोलकर बातचीत समस्याओं को चुनौती देता है इसलिए बात करना आवश्यक है, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। महावारी दिवस के उपलक्ष पर प्रत्येक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है की मासिक धर्म स्वच्छता सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है यह मानवाधिकारों सम्मान और समानता का मामला है ।

कार्यक्रम में लूडो गेम, डोरी गेम के माध्यम से संतुलित आहार माहवारी स्वच्छता पर गेम खिलाकर चर्चा कर कर जानकारी दी गई तथा सेनेटरी पैड का वितरण करवाया गया और उसका उपयोग करने का तरीका महिलाओं और किशोरियों को समझाया गया ,जिससे मासिक धर्म स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके। समर्थ परियोजना के कार्यकर्ता सुनैना ममता ज्योति सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## दोस्तपुर सीएचसी में दवा वितरण में फार्मासिस्टों कर रहे मनमानी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में नियमों की अनदेखी और फार्मासिस्टों की मनमानी का मामला सामने आया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर दवा वितरण में अनियमितता को लेकर एक खबर वायरल हुई, जिसके बाद स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अजीत यादव ने सख्त निर्देश देते हुए सभी फार्मासिस्टों को रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन मौजूद रहने का आदेश दिया था। हालांकि 28 मई को एक बार फिर दवा वितरण कक्ष से फार्मासिस्ट नदारद पाए गए। मरीजों को दवा देने का कार्य एक प्रशिक्षु फार्मासिस्ट (ट्रेनिंग फार्मा), मो. कैफ द्वारा किया जा रहा था। इससे यह स्पष्ट होता है कि अधीक्षक के आदेशों का कोई प्रभाव नहीं है और फार्मासिस्ट अनुशासनहीनता बरत रहे हैं। स्थानीय लोगों और अस्पताल के कर्मचारियों का आरोप है कि फार्मासिस्ट अपने कमरों में मरीजों का इलाज करते हैं और हड्डी रोग विशेषज्ञ व सर्जन की भूमिका निभाते हुए प्लास्टर व ऑपरेशन जैसे कार्यों में लिप्त रहते हैं। इन पर गर्भवती महिला से 8000 वसूलने का आरोप भी लग चुका है, जिसे अधीक्षक ने पैसे वापस करवा कर दबा दिया था। अस्पताल स्टाफ का कहना है कि अधीक्षक डॉ. अजीत यादव का सरल स्वभाव ही कर्मचारियों की अनुशासनहीनता का कारण बन रहा है, जिससे मरीजों की जान को जोखिम हो रहा है। मोनू पाठक, चुन्नू शुक्ला, जुबेर खान, चिंटू त्रिपाठी सहित अन्य स्थानीय नागरिकों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## महात्मा गांधी पर किया अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज पुलिस ने महात्मा गांधी व विशेष समुदाय के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दो के ऊपर केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद की है। पुलिस ने अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को हिरासत में लिया है। मंगलवार शाम को थानाक्षेत्र इटकौली निवासी राजेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ राजू शर्मा का एक वीडियो व्हाट्सएप ग्रुपों पर वायरल होने लगा। वायरल वीडियो में राजू शर्मा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था और विशेष समुदाय पर अभद्र टिप्पणी कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद गोसाईगंज पुलिस हरकत में आई। रात को ही आरोपी राजू शर्मा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टांटियानगर चैकी इंचार्ज गुलाबचंद्र पाल ने अभद्र टिप्पणी करने वाले और वीडियो बनाकर प्रसारित करने वाले के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया। उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र पाल ने बताया कि मुकदमा दर्जकर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## देवनगर पिलाई कोट में 29 मई से श्रीराम कथा का आयोजन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर के पूर्वी छोर पर स्थित ऐतिहासिक देवी मंदिर देवनगर पिलाई कोट में 29 मई से 2 जून तक पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कन्हाइन समिति पिलाई कोट के तत्वावधान में संपन्न होगा। कथा का वाचन आदरणीय श्री श्री 108 श्री श्री निवास दास वेदांती जी महाराज के पावन मुखारविंद से प्रतिदिन अपराह्न 03:00 बजे से सांय 07:00 बजे तक किया जाएगा।

- कच्छवाहा वंशियों का होगा समागम, 2 जून को होगा भव्य भंडारा

**आध्यात्मिक वातावरण में होगा वंशजों का संगम**

**सुलतानपुर।** देवनगर क्षेत्र के कच्छवाहा वंशी क्षत्रियों की कुलदेवी दुर्गा माता के मंदिर प्रांगण में यह कथा आयोजन वंशीय एकता, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन रहा है। वर्ष 2005 में श्री वेदांती जी द्वारा ही 54 दिवसीय श्रीराम कथा के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ था।

**कथा समापन पर महाप्रसाद :** 2 जून को कथा के समापन अवसर पर एक भव्य भंडारा/महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के सहयोग से व्यापक सहभागिता होगी।

**समिति ने की अपील :** कन्हाइन समिति के संयोजक मनोज प्रभाकर सिंह ने भक्तजनों से निवेदन किया है कि वे समय से पधारकर श्रीराम कथा का श्रवण करें और श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लें। साथ ही समिति के सभी सदस्यों से व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार

**अमेठी ।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस टीम द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान बाइक सवार अभियुक्तों बृजेश सिंह पुत्र कन्हैया बक्श सिंह निवासी बाहापुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष व जीतेन्द्र सिंह पुत्र स्व. छेदीसिंह निवासी कौहार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी से अभियुक्त जीतेन्द्र के कब्जे से कुल 1500/- व अभियुक्त बृजेश सिंह से 1350/-, 1 तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा बाइक पर रखी सफेद बोरी से कुल 12 सरसों के तेल की बोतल (1-1 लीटर की) बरामद हुई । बाइक सं. यूपी 36 बी 6101 के कागज मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमलोगों ने बीते शुक्रवार की रात्रि में कस्बा मुसाफिरखाना में एक परचून की दुकान से रिफाइण्ड तेल के कुल 30-35 पैकेट (1-1 लीटर), 12 बोतल धारा सरसों के तेल की बोतल व एक पन्नी में रखे हुये कुछ काजू के पैकेट को चोरी किया था। जिसे हम अपनी इसी बाइक से लेकर जा रहे थे। वजन अधिक होने के कारण हमलोगों ने दादरा रोड रेलवे क्रासिंग के किनारे तेल की बोतलों को छिपा दिया था व अन्य चोरी किये गये सामान को बृजेश सिंह के गांव के बाहर झाड़ियों में छिपा दिया था । दूसरे दिन हमदोनों ने रिफाइण्ड तेल व काजू के पैकेट को सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के बाहर ठेला लगाने वालों को कुल 3,200/- में बेंचकर रुपयों को आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था। हमलोगों से बरामद रुपये उसी चोरी के सामान की बिक्री के शेष रुपये हैं। आज हमलोग रेलवे क्रासिंग के किनारे छिपायी गयी तेल की बोतलों को अपने साथ लेकर जा रहे थे । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## कोटे के चयन में चले लाठी -डंडे, प्रशासन मूकदर्शक



**गौरीगंज, अमेठी।** थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के अन्तर्गत बहोरखा गांव में कोटे के चयन में दो पक्षों में पुलिस की मौजूदगी में जमकर मारपीट हुई। बुधवार को थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के अन्तर्गत बहोरखा गांव की पंचायत भवन पर कोटे के चयन की बैठक थी, बैठक में ए डी ओ आई एस बी मनीराम सरोज ने कोटे के चयन प्रक्रिया के बारे में बताया। इस बीच पंचायत भवन के बाहर दो पक्षों में पुलिस को मौजूदगी में जमकर मारपीट हो गई। वहीं मौके पर अधिकारी कर्मचारी के साथ पुलिस प्रशासन भी मौजूद था। ए डी ओ पंचायत राम दीन ने कोरम न पूरा के कारण चयन प्रक्रिया स्थगित कर दी, एक पक्ष उमा शंकर पांडेय ने कोतवाली मुसाफिरखाना में तहरीर दी हैं।

# संविधान बचाना हर नागरिक का कर्तव्य : किशोरी लाल

**अमेठी ।** संविधान बचाओ अभियान में ख्याति प्राप्त विद्वानों का सांसद ने जताया आभार। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित जिला स्तरीय सविधान बचाओ अभियान की संगोष्ठी आज दिनांक 28 मई 2025 दिन बुधवार को नैना रिसार्ट में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो से आये वक्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ कलहंस ने कहा कि आजादी के पहले हम अंग्रेजों की प्रजा थे। महारानी विक्टोरिया हमारी रानी थी संविधान ने हमें नागरिक होने का अधिकार दिया है। हमें किसी भी हुकूमत को यह ताकत नहीं देनी है कि हम फिर से प्रजा हो जाएं। चिंतामणि मिश्रा ने संवैधानिक साक्षरता की बात कही उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी संविधान की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक नहीं है इसके लिए जागरूकता अभियान चलना चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्तव्य और अधिकार पता होने चाहिए। ब्लॉक स्तर न्याय पंचायत स्तर और पंचायत स्तर तक संगोष्ठी आयोजित की जाए चौपाल लगाई जाए संविधान पर चर्चा हो।

सेवानिवृत प्रोफेसर संतलाल ने कहा कि संविधान हमें समस्त मानवीय शक्तियां प्रदान करता है। संविधान के प्रमुख खंडों को लोगों में वितरित कराया जाए। जिससे कि आमजन को भी संविधान के विषय में जानकारी हो सके। शिव प्रसाद कश्यप ने कहा कि जो शक्तियां संविधान में परिवर्तन करना चाहती हैं आपके अधिकारों को खत्म करना चाहती हैं। उनसे लड़ने की आवश्यकता है आपको यह चुनना होगा कि कौन आपके साथ है कौन संविधान के साथ है इसका निर्णय वोट के माध्यम से करना होगा।

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बढ़ाने की मुहिम छेड़ी है। उन्होंने अब कहा कि इस लड़ाई को कांग्रेस पूरे देश के साथ मिलकर लड़ेगी । सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और हमारे नेताओं ने संविधान को हमेशा मजबूती प्रदान की है। संविधान में जब संशोधन की भी आवश्यकता पड़ी तो उसे जनता के अनुरूप किया गया। आज विरोधी शक्तियां संविधान को बदलकर संस्थाओं को नष्ट करने का प्रयास कर रही हैं। हमारे नेता राहुल गांधी पूरे देश में संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं हम सब उनकी इस लड़ाई में एक सिपाही की तरह हैं। अगर हम आज इस लड़ाई में हिस्सा नहीं लेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगे कि हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। इसलिए आज हम लोग आराम से हैं। इसी तरह हमें आने वाली पीढियो के लिए संविधान बचाने की लड़ाई को दूसरा स्वत्रंतता संग्राम मान कर लड़ना होगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आये हुए अतिथियों और कांग्रेस जनों का स्वागत कर बंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ संगोष्ठी समापन पर नगर पालिका जायस अध्यक्ष श्री मती मनीषा चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मुईद अहमद, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, धर्मराज बहेलिया, विजय पासी, शिव प्रसाद कश्यप, मो मतीन, आई पी माली, सर्वेश सिंह, वीरेंद्र मिश्र, सुनील सिंह, ममता पाण्डेय, गीता सिंह, तुलसी राम पासी, काशी राम पासी, त्रिभुवन भारती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय सिंह के साथ त्रियुगी नरायन तिवारी व धर्मराज बहेलिया ने कार्यक्रम का संचालन किया।



## ग्राम पंचायत के कार्यों में कमीशनबाजी को लेकर प्रधान प्रतिनिधि व ठेकेदार में मारपीट, वीडियो वायरल

**जामों, अमेठी।** प्रदेश की भाजपा सरकार जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भरकस प्रयास कर रही है लेकिन जनपद अमेठी में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को जामों थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ब्लाक परिसर में ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यों में कमीशनबाजी को लेकर प्रधान प्रतिनिधि व ठेकेदार में जमकर लात घूसों के साथ मारपीट का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। बताते चलें कि प्रथम पक्ष से ओम प्रकाश पाण्डेय पुत्र केदारनाथ पाण्डेय प्रधान श्यामा सरोज के प्रतिनिधि ग्राम सभा बरेहटी अंकित कुमार पाण्डेय पुत्र केदार नाथ पाण्डेय नि0 गण बरेहटी थाना जामों जनपद अमेठी तथा द्वितीय पक्ष हनुमान प्रसाद मिश्रा पुत्र तुलसीराम मिश्रा ठेकेदार , विवेक मिश्रा पुत्र गया प्रसाद मिश्रा नि0 गण शाहपुर रेसी थाना जामों जनपद अमेठी के द्वारा ग्राम सभा बरेहटी में गौशाला का निर्माण कराया जा रहा था, बुधवार की सुबह लगभग 11.00 बजे उभय पक्ष खण्ड विकास कार्यालय आकर खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष निमार्णाधीन गौशाला के भुगतान की बात को लेकर उभय पक्ष आपस में हाथापाई व धक्का मुक्की के साथ लात घूसों से जमकर मारपीट किया। सूत्रों की मानें तो कमीशन को मारपीट हुई। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा स्थानीय थाना को सूचना दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उभय पक्षों को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर लाया गया तथा उभय पक्षों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है ।

संक्षेप

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों को युवक के मौत की जानकारी हुई तब कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के हिरऊ का पुरवा निवासी राममूर्ति वर्मा का पुत्र नागेन्द्र वर्मा बीती पचीस मई को शाम लगभग साढ़े सात बजे पडोस के नया का पुरवा बाजार गया था। वह बाइक से गांव के राजेश वर्मा के साथ घर लौट रहा था। बेलहा मोड़ के समीप सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में नागेन्द्र को गंभीर चोटें आ गयी। उसका इलाज के दौरान प्रयागराज मेडिकल कालेज में बुधवार की सुबह निधन हो गया। मृतक तीन बहनों में अकेला भाई था। वह अपने पीछे पत्नी निशा व दो माह की मासूम बच्ची को निराश्रित छोड गया है। मृतक का एक वर्ष पहले ही विवाह हुआ था।

## दहेज प्रताड़ना को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। दहेज प्रताड़ना को लेकर लीलापुर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। लीलापुर थाने के चमरूपुर शुक्लान निवासी साधू वर्मा की पुत्री सोनी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी थाना अन्तू के बड़ा खुंटार के रामआसरे वर्मा के पुत्र गुरूशरण वर्मा के साथ हुई थी। तहरीर में आरोप लगाया है कि विवाह के छः महीने बाद आरोपी पति गुरूशरण वर्मा, ससुर राम आसरे वर्मा, ननद रेशमा तथा संजय की पत्नी सुषमा उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पति ने पहली शादी छिपाकर उसके साथ विवाह किया। आरोप यहां तक है कि आरोपी पति द्वारा पीड़िता का अप्राकृतिक यौन शोषण भी किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति गुरूशरण समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शादी से इनकार करने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। दहेज की मांग को लेकर शादी से इंकार करने के आरोप में लालगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा निवासी छोटई सरोज के पुत्र शिवपाल सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपनी बेटी अंकिता सरोज का विवाह लालगंज के अर्जुनपुर में बैजनाथ सरोज के पुत्र रोहित के साथ तय किया था। बीती तीन अप्रैल को विवाह को लेकर सगाई की रश्म पूरी हुई। इसमें पीड़ित ने लड़के पक्ष को कपड़े व जेवरात समेत डेढ़ लाख रुपए नकद दिया। आरोप है कि सगाई के दस दिन बाद लड़के पक्ष के द्वारा दस लाख रुपए दहेज की मांग की गयी। पीडित के असमर्थता जताने पर लड़के पक्ष के लोगों ने शादी करने से इंकार कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि सगाई में दी गयी रकम व खर्च मांगने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बैजनाथ समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। ढेबरुआ थाना पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की।

आरोपियों को ग्राम सिसवा उर्फ शिवभारी से गिरफ्तार किया गया। मामला थाना ढेबरुआ में दर्ज मुकदमा संख्या 55/2025 से जुड़ा है। आरोपियों पर धारा 115(2), 352, 351(3) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन मौर्या पुत्र रामसेवक मौर्या, रामबृक्ष मौर्या और प्रदीप उर्फ जगतराम मौर्या शामिल हैं। सभी आरोपी सिसवा उर्फ शिवभारी के रहने वाले हैं।

# पिता की रॉड से पीटकर हत्या

पीलीभीत। जिले के एक गांव में नशे के आदी एक व्यक्ति ने बुधवार को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरैनिया रामगुलाम के हरीश और उनके बेटे विशाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। नशे की हालत में विशाल ने विवाद के बीच लोहे की रॉड से अपने पिता के सिर पर कई वार किए। सिर में गंभीर चोटों के कारण हरीश की मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने हरीश को मृत घोषित कर दिया। बीसलपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। आरोपी विशाल घटना के बाद से ही फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। मृतक के भाई भूपराम की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ ने बताया कि पिता की हत्या के आरोपी विशाल को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, शिक्षक गिरफ्तार

बलिया। जिले में एक हिंदू नाबालिग छात्रा का अपहरण करने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दूसरे समुदाय के एक शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा अपने गांव में स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ती थी। इस स्कूल का शिक्षक मोहम्मद सलाउद्दीन (26) छात्रा को ट्यूशन भी पढ़ाता था। पीड़िता गत 21 मई को कोचिंग संस्थान में पढ़ने जा रही थी कि तभी मोहम्मद सलाउद्दीन ने उसका अपहरण कर लिया और उसे लेकर फरार हो गया।

## सामूहिक विवाह योजना के तहत दुल्हनों को उपहार में दी जायेगी सिंदूरदानी : असीम अरुण

हरदोई। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दुल्हनों को अब उपहार के रूप में सिंदूर दानी (सिंदूर रखने के लिए एक डिब्बी नुमा सौंदर्य सामग्री) भेंट की जाएगी। अरुण ने अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति में यहां आयोजित समारोह में कहा कि सिंदूरदानी उपहार में देने का यह विचार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है। यह परंपरा और महिलाओं की गरिमा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अरुण ने कहा कि यह उपहार, हालांकि मौद्रिक मूल्य में छोटा है, लेकिन विवाह के प्रतीक के रूप में बहुत महत्व रखता है। ऑपरेशन सिंदूर के सफल निष्पादन के बाद यह निर्णय लिया गया है। सेना के इस अभियान ने आतंकवाद को पनाह देने वालों को एक कड़ा संदेश दिया। मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए दावा किया कि भारतीय जवाबी कार्रवाई ने पहलगाम में 26 लोगों की शहादत का बदला लिया है। जिसमें आतंकवादियों और उनके आकाओं को दंडित किया गया और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।

## चोरी की वारदातों के त्वरित खुलासे को लेकर लालगंज पुलिस को कामयाबी, दो आरोपी भेजे गये जेल



प्रतापगढ़। एसपी डा0 अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस को चोरी की वारदातो के त्वरित खुलासे में बडी कामयाबी हाथ लगी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में पिछले सप्ताह चोरी की दो घटनाएं घटित हुई। रामन का पुरवा मेढ़ावां व कौड़ियाडीह में हुई चोरी को लेकर केस दर्ज कर पुलिस खुलासे मे कडी मशक्कत में जुटी हुई थी। कोतवाल नीरज यादव की देखरेख में इन वारदातों को लेकर पुलिस की टीमें सुरागरसी में लगी हुई थी। बुधवार की सुबह पुलिस टीम ने सटीक खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को चोरी गये दस हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात व असलहे एवं विस्फोटक पदार्थ के साथ धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा सुमित कुमार वर्मा व राजेन्द्र राम फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। मदनगढ़ बेलहा के समीप नहर पुलिया चौराहे पर दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर इन्हें दबोच लिया। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के डिहवा सराय जगत निवासी जियालाल के पुत्र अमृतलाल व कटरा दुग्धा पुरवारा निवासी संतोष उर्फ छंगू पटेल के पुत्र अंकित से तलाशी लेने पर असलहे की भी बरामदगी देख पुलिस आवाक रह गयी। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर चोरी के मंगलसूत्र, ग्यारह जोड़ी पायल, डेढ़ दर्जन से अधिक बिछुआ व दस हजार नकदी बरामद हुआ। वहीं आरोपियों के पास से मिले बैग में चोरी करने के उपकरण व दो तमंचा एवं दो कारतूस तथा चार देशी बम भी पुलिस के हाथ लगा। कोतवाली में कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने घटना में एक अन्य आरोपी के भी शामिल होने की पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चोरी के माल बरामद होने की भी धारा में बढोत्तरी कर दी। वहीं पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का भी केस दर्ज किया है। आरोपियों के पास से मिले दो बाइक भी पुलिस ने सीज कर दिया है। आरोपियों को दोपहर बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। कोतवाली इलाके में चोरी की घटना का केस दर्ज कर मात्र तीन दिनों के भीतर खुलासे को लेकर अफसरों ने भी लालगंज कोतवाल नीरज यादव की पीठ थपथपाई है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने सफलता लेने वाली पुलिस टीम को उत्कृष्ट प्रवृत्ति की एसपी से संस्तुति भी की है।

## इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गांवों में चला ऑपरेशन कवच



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात डी. के. श्रीवास्तव , प्रभारी थाना दुर्विजय सिंह व थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए थाना पचपेड़वा अन्तर्गत ग्राम फरेंदी* के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, सम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया ।

## सदस्य राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई



**बलरामपुर।** शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं महिला उत्पीड़न के मामलों में महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य हेतु सदस्य, राज्य महिला आयोग श्रीमती जनक नंदिनी द्वारा जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड सभागार उतरौला में महिला जनसुनवाई की गई एवं संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कुल 11 प्रकरणों की सुनवाई की गई। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल कार्यवाही करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारणकिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत सदस्य द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया एवं मरीजों से वार्ता की गई तथा उन्होंने अस्पताल में बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था एवं मरीज के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उतरौला, जिला कारागार , वन स्टॉप केंद्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र रजयी हनीडीह में आयोजित गोदभराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड अधिकारी उतरौला, खण्ड शिक्षाधिकारी उतरौला, नायब तहसीलदार उतरौला, श्रीमती ज्योतिश्री क्षेत्राधिकारी नगर बलरामपुर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त जिला चिकित्सालय, प्रदीप कुमार द्विवेदी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारीजिला बाल संरक्षण इकाई, बलरामपुर इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

## 225 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिला नया दायित्व



श्रावस्ती। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जनपद श्रावस्ती में चयनित 225 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जनपद मुख्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी विकास खंडों की चयनित कार्यकत्रियों को सम्मानपूर्वक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पांडेय, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नियुक्ति प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। जिलाधिकारी द्विवेदी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण एवं शिक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह समाज की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जागरूकता का मजबूत आधार हैं। उन्होंने कार्यकत्रियों से बच्चों एवं महिलाओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए सेवाभाव से कार्य करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी रही है।

## जिला उद्योग , व्यापार बंधु व एमओयू की समीक्षा बैठक संपन्न



सिद्धार्थनगर । जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किये गये है उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग स्थापित करने हेतु, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मांस मछली की दुकानों को आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराने का निर्देश दिया। बर्डपुर नं0-10 में नाला व सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। व्यापारियो द्वारा बताया गया कि बढ़नी में जाम की समस्या रहती है जिलाधिकारी ने पुलिस व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण कराने का निर्देश दिया। आईटीआई शोहरतगढ़ को संचालित करराने की मांग किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शोहरतगढ़ के सामने एनएच द्वारा नाला निर्माण अधूरा छोड़ा गया है जिलाधिकारी ने पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## खजुहा झुनझुनिया गौशाला का निरीक्षण

- गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने किया खजुहा झुनझुनिया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने मंगलवार सुबह विकास खंड हरिहरपुररानी के अंतर्गत स्थित खजुहा झुनझुनिया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने पत्रकारों से वार्ता कर गोसेवा आयोग की योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल पर कुल 153 गोवंश संरक्षित पाए गए। उपाध्याय ने गोशाला



में उपलब्ध चरनी, शेड, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंशों के लिए हर समय हरे चारे और पर्याप्त दाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पशुओं को शेड में ही रखा जाए ताकि वे गर्मी और अन्य मौसमीय प्रभावों से सुरक्षित रह सकें। रमाकान्त उपाध्याय ने यह भी कहा कि गोवंशों की नियमित स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और समय से टीकाकरण कराया जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की बीमारी न हो। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने प्रावि बाजार डीह पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मॉडल प्राथमिक विद्यालय, बाजारडीह विकास खण्ड मिठवल पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। 02 महिलाओ के कार्ड पर आरसीएच नम्बर नही लिखा था जिलाधिकारी द्वारा कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर न लिखे जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर लिखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर.सी.एच. नम्बर दर्ज न होने पर प्रसव के उपरान्मत दी जाने प्रोत्साहन राशि नही मिलेगा। इसके साथ ही एचआरपी रजिस्टर, गर्भवती महिला पंजाकरण रजिस्टर आदि को देखा गया। 07 गर्भवती महिलाये पंजीकृत थी। गर्भवती महिला पूजा से फोन द्वारा बात किया गया। पूजा द्वारा अवगत कराया गया कि 02 माह पूर्व प्रसव हो चुका है। जबकि एएनएम के रजिस्टर पर 13.11.2025 डिलीवरी का दिनांक का अंकन था। जो कि घोर लापरवाही है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते एएनएम सुधा, जान्हवी को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिजिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा ए.एन.एम. का रजिस्टर एक समान होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पोषाहार का वितरण बीएचएनडी दिवस में करे। जिलाधिकारी द्वारा बीएचएनडी दिवस में गोद भराई कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी एवं आशा दीदी को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

## भगवान ही हैं समर्थ्यवान : पं. विनय शुक्ल जी



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के कहारन का पुरवा वार्ड में हो रही श्रीमदभागवत कथा में छठें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी दिखी। कथाव्यास भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल ने कहा कि भगवान समर्थवान हैं। उन्होने कहा कि भगवान की लीला सदैव अहंकार को नष्ट करने और धर्म की मयार्दा की रक्षा में हुआ करती है। कथाव्यास पं. विनय शुक्ल जी ने भगवान गोवर्धन की पूजा का मनोहारी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन से हमें समस्त फलों की प्राप्ति हुआ करती है। उन्होने कहा कि गोवर्धन पर्वत का भगवान ने पूजन कर मनुष्य को प्रकृति के द्वारा जीवन की रक्षा के महत्व को समझाया है। उन्होनें बताया कि भगवान ने प्रकृति को इसलिए वंदनीय स्वरूप दिया कि जगत में जीव कल्याण की चेतना सदैव जागृत रहे। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि जल में निर्वस्त्र स्नान भगवान की प्राकृतिक व्यवस्था का अपमान है। उन्होने कहा कि भगवान ने लीला का जो भी स्वरूप धारण किया उसमें अहंकार का विनाश हुआ है। उन्होनें बताया कि भगवान की लीला से हमें यह समझना चाहिए कि प्रभु ने जिसे जो स्वरूप प्रदान किया है उसी तरह के कर्म करने चाहिए। उन्होने बताया कि कर्म की पवित्रता और साधना ही भगवान के कार्य की सफलता देने का मार्ग प्रशस्त करती है। संयोजक जितेन्द्र बाबा व बबिता देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

## भारत के गलत तथ्यों को रखना देश का अपमान : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा की केन्द्र सरकार पर पाकिस्तान को लेकर वैदेशिक समर्थन की मुहिम पर अपरिपक्वता को लेकर कडा हमला बोला है। उन्होने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसदीय प्रतिनिधिमण्डल के दौरे के तहत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर आरोप मढ़ने की तीखी आलोचना की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विदेश की धरती पर देश की नीतियों को लेकर गलत तथ्य रखने के दोषी साबित हुए हैं। उन्होने इस मसले पर केन्द्रीय विदेश मंत्रालय को भी आडे हाथों लेते हुए कहा कि विदेश रवाना करने से पहले सांसदो के प्रतिनिधिमण्डल को इस अहम मुददे पर सम्भवतः वह परम्परागत महत्वपूर्ण राय मशविरा नही दे सका। उन्होने कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर अमेरिकी भूमिका को लेकर घिरी मोदी सरकार जबाबदेही की जगह विदेश की धरती पर भी अपने सांसद की इस प्रकार की गैरजिम्मेदाराना बयानबाजी से देश के खिलाफ माहौल बनने की चिन्ता से भी बेफिक्र है। उन्होनें कहा कि सत्तारूढ़ दल के सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा विदेश की धरती पर भारत के गलत और आधारहीन तथ्यों को प्रस्तुत करना भी कूटनय के क्षेत्र में विदेश मंत्रालय की एक और बड़ी विफलता सामने ले आयी है। उन्होने सरकार से राष्ट्रीय सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डता से जुड़े अहम मसले पर भाजपा सांसद के देश के हित के खिलाफ बयानबाजी पर उन्हें फौरन प्रतिनिधिमण्डल से वापस बुलाए जाने पर जोर दिया है। उन्होनें कहा कि नेहरू इंदिरा कार्यकाल में देश की विदेश नीति के सुस्पष्ट होने के कारण पडोसी राष्ट्र आवश्यकता पड़ने पर देश के मित्रवत राष्ट्र की भूमिका अर्न्तराष्ट्रीय मंचों पर निभाते रहे।

## डीएम व एसपी ने नेपाल बार्डर पर तस्करी के रोकथाम के सम्बन्ध में की समीक्षा बैठक



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने नेपाल बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक किया गया। 28 मई को कलेक्ट्रेट सभागार मे डॉ0 राजा गणपति आर0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने एससबी, आईबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ भारत - नेपाल सीमा पर मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों, नशीली दवाओं/अवैध शराब आदि की तस्करी व सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम हेतु गोष्ठी किया गया । इस बैठक में नेपाल वार्डर पर तस्करी के लोक थाम के लिए जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए, जब कि पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने सुरक्षा के दृष्टिगत जोर देते हुए तस्करी के लोक थाम हेतु सम्बंधित मातहतों को निर्देश दिया गया।

## बाणगंगा बैराज पर सुरक्षा पर बैठक संपन्न

सिद्धार्थनगर। जनपद के शोहरतगढ़ तहसील अन्तर्गत के बाणगंगा बैराज पर सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश दिया कि बाणगंगा बैराज के आसपास के क्षेत्रों को प्रतिबन्धित किया जाये। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि बाणगंगा बैराज के गेट का उच्चीकरण कराये। इसके साथ ही पोल लगाकर उस कंटीले तार लगाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा और अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

## केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों की हुई समीक्षा



सिद्धार्थनगर- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के आगमन को लेकर जिला जेल के सामने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण में जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य और जिला चुनाव संयोजक सच्चिदानंद चौबे मौजूद रहे। जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह और अजय उपाध्याय भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष संपूर्ण पांडे, नगर महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव गगन और जोगिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोधी भी उपस्थित थे। विधानसभा संयोजक पवन मिश्र, मेजर सिंह, अभिषेक राजन सिंह, पंकज जायसवाल, सबलू साहनी, जाहिर रिंकू पाल, ऋषि सिंह और बजरंगी गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया।

## प्रधान पुत्र की हत्या को लेकर मातम व आक्रोश का माहौल

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के नरवल गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या को लेकर बुधवार को भी गांव में मातम व अंदरूनी आक्रोश का माहौल बना दिखा। प्रधान कमला देवी के पुत्र नरसिंह बहादुर सिंह की हत्या को लेकर बडी संख्या मे लोगों का मृतक के घर पहुंचकर संवेदना जताने का भी सिलसिला जारी दिखा। हत्याकाण्ड को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों को जेल भेज रखा है। दो नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है। घटना को लेकर गांव में पीएसी की तैनाती के साथ मृतक के घर पर भी सुरक्षा के बंदोबस्त देखा गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस नरसिंह बहादुर सिंह की हत्या को लेकर आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का भी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। पीड़ित परिवार में इस बात का आक्रोश बना हुआ है कि अभी तक पुलिस मुख्य आरोपी को हिरासत में नही ले सकी। एसओ राधेश्याम का कहना है कि मुख्य आरोपी समेत दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम काम कर रही है। शीघ्र ही फरार आरोपियों को भी हिरासत में लेकर जेल भेजा जाएगा। बतादें कि पुरानी रंजिश को लेकर छः दिन पहले विपक्षियों ने प्रधान के घर जानलेवा हमला बोल दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल नरसिंह बहादुर सिंह सोमवार को लखनऊ के एक अस्पताल में मौत हो गयी थी।

# सेंसेक्स में 239 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 239 अंक के नुकसान में रहा। आईटीसी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली आईटीसी में ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी द्वारा हिस्सेदारी घटाये जाने के बाद कंपनी का शेयर टूटा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक यानी 0.29 प्रतिशत टूटकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 307.61 अंक तक नीचे आ गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 73.75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,752.45 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के अनुबंध की समाप्ति और जीडीपी तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने से पहले प्रमुख सूचकांक काफी हद तक सीमित दायरे में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), वाहन और औषधि शेयरों में गिरावट आई जबकि बैंक, मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, मीडिया और ऊर्जा शेयरों में तेजी रही।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएटी पीएलसी ने थोक सौदे के जरिये 12,927 करोड़ रुपये (1.51 अरब डॉलर) में समूह में 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और एचसीएल टेक शामिल हैं। घरेलू सूचकांक सीमित दायरे के साथ नुकसान में रहे। इसका मुख्य कारण एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) से समर्थन की कमी और शेयरों का मूल्यांकन अधिक होना है। अमेरिकी शुल्क को 90 दिन के लिए टाले जाने की समयसीमा करीब आने के साथ भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को लेकर चिंता बनी हुई है। यह बाह्य जोखिम पैदा करती है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉल सूचकांक 0.50 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.22 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बाजार गिरावट के साथ सीमित दायरे में रहा। यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख, बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के अनुबंध समाप्त होने से पहले निवेशकों ने अपना निवेश कम किया।

# रुपया 85.40 प्रति डॉलर पर स्थिर



मुंबई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के रुख के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.40 (अस्थायी) पर स्थिर बना रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मासांत की डॉलर मांग बढ़ने से अमेरिकी मुद्रा को मजबूती मिली, जिससे रुपया दबाव में रहा, जबकि निवेशक भी घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों के इंतजार में सतर्कता बरत रहे हैं। अप्रैल के लिए भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े बुधवार को जारी किए गए जबकि मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए जाएंगे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.59 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.33 के उंचे और 85.72 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। अंत में रुपया 85.40 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले स्थिर रुख को दर्शाता है। पिछले सत्र में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे टूटकर 85.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी के अनुसार, डॉलर इंडेक्स के स्थिर रहने के कारण रुपया स्थिर रहा। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह प्रमुख आर्थिक आंकड़े आने वाले हैं - जिसमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा, मार्च तिमाही के जीडीपी आंकड़े और कोर पीसीई प्राइस इंडेक्स शामिल हैं। रुपये की चाल काफी हद तक द्वितीयक बाजारों में विदेशी कोषों की गतिविधियों से निर्देशित होगी। निकट भविष्य में, रुपये के 84.80 से 85.75 के दायरे में रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 99.47 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों ने डॉलर की मजबूती का श्रेय उम्मीद से बेहतर टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर और उपभोक्ता विश्वास आंकड़ों के कारण अमेरिकी उपभोक्ता भरोसे में सुधार को दिया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.67 प्रतिशत बढ़कर 64.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक घटकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 73.75 अंक के नुकसान के साथ 24,752.45 अंक पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध आधार पर 348.45 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## संक्षेप

### सेंटरफ्रूट की पेटीएम साउंडबॉक्स से साझेदारी

नई दिल्ली। सेंटरफ्रूट बनाने वाली कन्फेक्शनरी निमार्ता कंपनी परफेटी वैन मेले ने भारत की अग्रणी भुगतान और क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स के अग्रणी पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के साथ हाथ मिलाया है और दोनों साथ मिलकर मोबाइल भुगतान को और भी मजेदार बनाने जा रहे हैं। अब दिल्ली और कानपुर में 10000 से ज्यादा स्टोर पर खरीदार जब भी पेटीएम के जरिए ऑनलाइन भुगतान करेंगे, तो उनका सामना हल्के-फुल्के आश्चर्य से होगा- हरेक पेटीएम ट्रांजैक्शन जीभ लपलपाई पल में बदल जाएगा। यूपीआई और पेटीएम अब भारत में सब जगह हैं। पेटीएम के अग्रणी साउंडबॉक्स के साथ एकीकरण करके, हम रोजमर्रा के लेन-देन में एक अप्रत्याशित घुमाव देने जा रहे हैं, उनमें से प्रत्येक को जीभ लपलपाई क्षणों में परिवर्तित कर रहे हैं।

### सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नयी निसान मैग्नाइट

बंगलुरू। निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा।

### आईएचजी की मजबूत विकास गति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

नई दिल्ली। आईएचजी ने भारत में एक अहम उपलब्धि दर्ज की है। कंपनी ने क्राउन प्लाजा के उद्घाटन के साथ देश में अपना 50वां परिचालन शुरू किया है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के प्रति आईएचजी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसे घरेलू मांग में मजबूती और विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवाओं की ओर बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकता का समर्थन प्राप्त है। सुल्तानपुर रोड पर क्राउन प्लाजा की शुरूआत से आईएचजी ने भारत में अपने नेटवर्क को और मजबूत किया है। यह कदम यह भी दिखाता है कि क्राउन प्लाजा ब्रांड लगातार आगे बढ़ रहा है, खासकर उन यात्रियों के लिए जो बिजनेस और आराम के बीच सही संतुलन चाहते हैं। 1983 से ही क्राउन प्लाजा इस क्षेत्र में इनोवेशन और नेतृत्व का उदाहरण रहा है।

### टीटीके प्रेस्टीज का आउट-ऑफ-होम कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने मदर्स डे के मौके पर एक अनोखा आउट-ऑफ-होम कैम्पेन लॉन्च किया है, जिसमें हर भारतीय घर में सुनाई देने वाले मम्मी के ताने को नए नजरिये से पेश किया गया है—एक ऐसी सख्त भाषा जिसमें असल में अपार ममता और चिंता छुपी होती है। मम्मी के ताने नाम से शुरू हुए इस अभियान में रोजमर्रा की जिंदगी में माँ द्वारा बोले जाने वाले चुटीले वाक्यों जैसे—और निकलो गर्मी में या बाहर का खाना देखते ही कहाँ गई डाइट! को बड़े प्यार से शहर के ट्रैफिक सिग्नलों, मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख शहरी स्थलों पर बिलबोर्ड्स के जरिये दिखाया गया है। इन तानों को उन जगहों पर लगाया गया, जहाँ से कामकाजी युवा सबसे ज्यादा गुजरते हैं, ताकि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच एक पल के लिए रुककर वे मुस्कुरा सकें और माँ के इन तानों के पीछे की फिक्र और समझ को याद कर सकें।

### सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल की टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी

बैंगलुरू। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिजाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीजों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा।

# बिजली की मांग 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। देश में अगले पांच साल में बिजली की मांग 6.0 से 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है।

यह वृद्धि इलेक्ट्रिक वाहन और हरित हाइड्रोजन को तेजी से अपनाने के साथ-साथ डेटा सेंटर क्षमता को मजबूत करने के कारण होगी। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन क्षमता में 44 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) की वृद्धि होने का अनुमान है जो अबतक का उच्चतम स्तर है। इक्रा के उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख विक्रम वी (कॉरपोरेट रेटिंग) ने एक वेबिनार में कहा, बिजली की मांग अगले पांच साल में 6.0 से 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह वृद्धि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), हरित हाइड्रोजन को तेजी से अपनाने और डेटा सेंटर क्षमता में वृद्धि के कारण होगी। उन्होंने कहा कि इन तीन क्षेत्रों से वित्त वर्ष 2025-26 से 2029-20 तक मांग में 20 से 25 प्रतिशत के योगदान की संभावना है। इक्रा ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन क्षमता में 44 गीगावाट की वृद्धि का अनुमान है जो अबतक का उच्चतम स्तर है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में 34 गीगावाट के पिछले उच्चतम स्तर से काफी अधिक है।

# सोने में 500 और चांदी में 1000 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी बुधवार को 1000 रुपये बढ़कर 100,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में, मंगलवार को चांदी की कीमत l,370 रुपये टूटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 23.16 डॉलर प्रति औंस या 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3,323.87 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, सोने की कीमतों में तेजी रही, क्योंकि बाजार एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के विवरण और आगे की नीतिगत संकेतों के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों की प्रतीक्षा कर रहे थे।



# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 2.7 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल में सुस्त पड़कर 2.7 प्रतिशत रह गयी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा गया औद्योगिक उत्पादन अप्रैल, 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मार्च के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 3.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पिछले महीने यह अनुमान तीन प्रतिशत बताया गया था। भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी में 2.7 प्रतिशत थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि अप्रैल में थोड़ी कम होकर 3.4 प्रतिशत रह गई जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन की वृद्धि भी अप्रैल, 2025 में धीमी होकर एक प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10.2 प्रतिशत थी। पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि अप्रैल 2025 में बढ़कर 20.3 प्रतिशत हो गई।

# पीएनबी के प्रबंध निदेशक ने किया क्रेडिट आउटरीच का शुभारंभ

लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि हमें बैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा प्रदान करना है। ग्राहकों के शिकायतों को तुरंत समाधान करते हुए हमें ग्राहकों को सभी प्रकार के वित्तीय सहयोग प्रदान करना है और उनके सभी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। चंद्र ने बताया कि पीएनबी अपने ग्राहकों को अधिकाधिक डिजीटल बैंकिंग सुविधा प्रदान करना व नकदी रहित कैशलेस लेन देन पर जोर दे रहा है ताकि ग्राहकों को हर छोटी-छोटी जरूरतों के लिए चाहे व्यक्तिगत/आवास ऋण सुविधा हो या अन्य कोई बैंकिंग सुविधा, बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़े व भीड़ ?भाड़ से भी बच सकें और वे अपने स्तर पर ही इस सुविधा के जरिए अपने कार्य निपटा सकें। इससे न केवल उन्हें त्वरित एवं सस्ती सेवा मिलेगी बल्कि वे डिजीटल व पारदर्शी बैंकिंग सेवाओं के प्रयोग के लिए प्रेरित भी होंगे। हमें बैंक का कासा, अग्रिम, परिचालन लाभ बढ़ाना है और एनपीए कम करना होगा। इस अवसर पर लखनऊ अंचल के अंचल प्रबन्धक मृत्युंजय के साथ अंचल व अंचल के अधीनस्थ सभी मंडलों/कार्यालयों के उच्चाधिकारी एवं बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## आईआईए ने की औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड की मांग

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठन लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहेहैं कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड इस शर्त के साथ कर दिया जाए कि इसका भू-उपयोग केवल औद्योगिक ही रहे, व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग नहोजब तक सरकार का इस संबंध में कोई अन्य आदेश जारी ना होतथा जो इकाइयाँ एक निश्चित समय से उत्पादन में हैं उनको ही फ्री होल्ड किया जाए। आईआईए के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट चेतन देव भल्ला ने कहा कि देश के अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम-बंगाल, छत्तीसग कर्नाटक और तमिलनाडु में में लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की पालिसी लागू है। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा विभिन्न कम्पनियों हेतु अधिग्रहित की गयी भूमि को फ्री होल्ड किये जाने सम्बन्धी नीति वर्ष 2016 जिससे सूक्ष्म में जारी कर दी गयी है जो एक हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल में कार्यरत इकाइयों के लिए लागू है लघु उद्योग इस सुविधा से वंचित है।

## स्टिंग एनर्जी ने फॉमूर्ला 1 के साथ ट्रैक पर रखा कदम

नई दिल्ली। स्टिंग एनर्जी ने ऑफिशियल एनर्जी ड्रिंक पार्टनर के तौर पर आधिकारिक रूप से फॉमूर्ला 1 की तेजी से दौड़ती दुनिया में कदम रख दिया है। आधिकारिक घोषणा से पहले ही यह साझेदारी फैन्स के बीच चर्चा की विषय बन गई थी। इस चर्चा का आधार बनी वायरल हुई एक खास आवाज। यह आवाज ट्रैक से लेकर स्क्रीन्स तक, दुनियाभर मेंहर जगह छाई हुई है। फॉमूर्ला 1 जैसे स्पोर्ट में प्रशंसक हर छोटी से छोटी बात पर ध्यान देते हैं। इन्हीं बारीकियों के बीच स्टिंग एनर्जी ने इस स्पोर्ट के सबसे खास पहलू यानी आवाज (साउंड) के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 23 मई, 2025 को विश्व विख्यात डीजे एवं प्रोड्यूसर आरमिन वैन बुरेन ने एक चौंकाने वाली खोज करते हुए एक पोस्ट किया।

# एमएसएमई गुणवत्ता मानकों का पालन करे, अधिक उत्तरदायी बनें

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को एमएसएमई से उत्पादों के निर्माण के दौरान स्वैच्छिक और अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उनसे समस्याओं को साझा करने और उसका समाधान खोजने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया।

यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसे हासिल करने में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) की प्रमुख भूमिका होगी। सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अपनी समस्याओं को साझा करने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने की जरूरत है और उद्योग से नए मानकों की मांग करने के साथ-साथ इन गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने को कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें। हाल ही में मौजूदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। खरे ने कहा, आखिरकार, कोई भी राष्ट्र जो विकास करता है, उसे अपने माल और सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होती है। इसमें कोई परहेज नहीं हो सकता, या गुणवत्ता की चिंता में कोई छूट नहीं दी जा सकती। सचिव ने बताया कि जब भी मानक तैयार किए जाते हैं, तो उद्योग की ओर से शायद ही कोई भागीदारी होती है। खरे ने कहा कि ...शिक्षाविद, क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञ...वास्तव में मानक ला रहे हैं, जबकि यह मानक, उद्योग के लिए और उद्योग द्वारा होने चाहिए...। उन्होंने यह बात, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कही। सचिव ने उद्योग से मानकों के समयबद्ध निर्माण की मांग करने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार और उसके विभाग ऐसा करेंगे। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में मानकों को बहुत तेजी से तैयार करने की क्षमता है।

## पेज एक का शेष

### ईद-उल-अज़हा

मुकर्म अहमद ने बताया कि उनकी मस्जिद से शाम में इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने ज़िल हिज्जा का चांद साफ तौर पर दिखा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा समेत देश के अलग अलग राज्यों से भी चांद देखे जाने की पुष्टि हुई है। मुफ्ती ने कहा लिहाज़ा, ईद-उल-अज़हा का त्योहार सात जून को मनाया जाएगा। वहीं लखनऊ के मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने भी 7 जून को बकरीद मनाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-ज़ुहा या अज़हा या बकरीद, ईद उल फित्र के दो महीने नौ दिन बाद मनाई जाती है। इस्लामी कैलेंडर में 29 या 30 दिन होते हैं जो चांद दिखने पर निर्भर करते हैं। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद शाबान बुखारी ने एक बयान में कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में चांद दिखने के बाद मस्जिद की चांद समिति ने सात जून (शनिवार) को बकरीद का त्योहार मनाए जाने की घोषणा की। बुखारी के मुताबिक, 29 मई को इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने ज़िल हिज्जा की पहली तारीख है। वहीं, मुस्लिम संगठन इमारत-ए-शरिया हिंद ने भी कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से चांद दिखने की पुष्टि हुई है और कुर्बानी का त्यौहार सात जून को मनाया जाएगा।

### अभिव्यक्ति के

जमानत को बढ़ा रही है और विशेष जांच दल (एसआईटी) को सुनवाई की अगली तारीख पर जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट किया कि जांच का विषय प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकी हैं और हरियाणा पुलिस से कहा कि वह जांच में इधर उधर नहीं भटके और उपकरण की तलाश करे। इस पर पुलिस ने कहा कि वह जांच करना चाहेगी। पीठ ने हरियाणा पुलिस से प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के नोटिस पर उसकी प्रतिक्रिया के बारे में भी अदालत को अवगत कराने को कहा।

### कानपुर : 30 को

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही, ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है। वहीं, सोनभद्र में 1660 मेगावाट की क्षमता वाला ओबरा थर्मल पावर स्टेशन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अंतर्गत आता है। जबकि एटा में 1320 मेगावाट की क्षमता वाला सुपरक्रिटिकल जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संचालित है।

### पीएम मोदी

केंद्रों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त, वह जीटी रोड के सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का भी उद्घाटन करेंगे। क्षेत्र में बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। प्रधानमंत्री क्षेत्र की बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए गौतम बुद्ध नगर के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) के सेक्टर 28 में 220 केवी सबस्टेशन की आधारशिला रखेंगे। वह ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-8 और इकोटेक-10 में 320 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 132 केवी सबस्टेशन का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कानपुर में 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 660 मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना का उद्घाटन करेंगे जिससे उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी।

### किसानों को

किलोमीटर होगी। इस फोर लेन बनाने की कुल अनुमानित लागतः 3653.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। बडवेल-नेल्लोर कॉरिडोर आंध्र प्रदेश के तीन प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोरों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। यह कॉरिडोर कृष्णपट्टनम पोर्ट तक की यात्रा दूरी को 142 किमी से घटाकर 108.13 किमी कर देगा। परियोजना के माध्यम से लगभग 20 लाख मानव-दिनों का प्रत्यक्ष रोजगार और 23 लाख मानव-दिनों का अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने यात्रियों और माल दोनों के तेज परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए दो मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन परियोजनाओं में रतलाम-नागदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन तथा वर्धा-बल्हारशाह के बीच चौथी लाइन शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये है और इन्हें 2029-30 तक पूरा किया जाएगा।

बयान में कहा गया ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं। ये यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। बयान में कहा गया महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, जिनकी आबादी लगभग 19.74 लाख है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं से देश में दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-चेन्नई आर्थिक गलियारों में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा और यातायात संबंधी बाधाएं दूर होंगी।

### मणिपुर में 44

कारण दो साल बर्बाद हो गए थे और इस कार्यकाल में संघर्ष के कारण दो और साल बर्बाद हो गए हैं।

राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 10 विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल भल्ला से मुलाकात की और राज्य में कानून-व्यवस्था तथा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। पोस्ट में कहा गया है, उन्होंने शांति प्रक्रिया शुरू करने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इन प्रमुख मुद्दों पर ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही एक सरकार के गठन का आग्रह किया।

### दक्षिण अफ्रीका

लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया। सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है, ताकि वे पाकिस्तान की मंशा और आतंकवाद के प्रति भारत के रुख के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अवगत करा सकें। प्रतिनिधिमंडल के प्रत्येक सदस्य ने पहलगाम हमले के बारे में जानकारी साझा की तथा उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी ब्योरा दिया, जिसके तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया जिसमें विभिन्न समूहों से संबंधित 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए।

### उत्तराखंड की

क्षेत्रों में 25 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख तक का अनुदान दिया जाएगा। कुल वार्षिक अनुदान की सीमा 5 करोड़ तक होगी। धामी कैबिनेट ने राज्य सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीति मेगा पॉलिसी 2025 को मंजूरी दी है। उद्योगों को लार्ज, अल्ट्रा लार्ज, मेगा और अल्ट्रा मेगा के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत स्थायी पूंजी निवेश (भूमि को छोड़कर) के आधार पर वृहत उद्यमों को चार श्रेणी लार्ज (रू. 50 करोड़ से अधिक, रू. 200 करोड़ तक), अल्ट्रा लार्ज (रू. 200 करोड़ से अधिक, रू. 500 करोड़ तक), मेगा (रू. 500 करोड़ से अधिक, रू. 1000 करोड़ तक) तथा अल्ट्रा मेगा (रू. 1000 करोड़ से अधिक) के अंतर्गत वर्गीकृत करते हुए इनके लिए क्रमशः 50, 150, 300 तथा 500 न्यूनतम स्थायी रोजगार की सीमा निर्धारित की गयी है। अन्य महत्वपूर्ण फैसलों में स्थानीय लोगों के हितार्थ नई प्रोक्योरमेंट पालिसी को मंजूरी दी गयी है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रोक्योरमेंट नियमावली को मंजूरी दी गयी। पहले जहां 5 करोड़ तक के कार्यों के लिए स्थानीय निविदायें होती थीं, अब इसे बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है। अब सभी टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

### इंदिरा नहर में

दो फिट तक आ गया था। खतरे को देखते हुए डॉल्फिन का रेस्क्यू किया गया है।

नहर में डॉल्फिन मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग जुट गए। तमाम लोग उनके वीडियो बनाने लगे। लोगों को मौके से हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नगराम इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि लोगों को समझा कर मौके से हटाया गया। उसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।

### यूपी में उमस

प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है।

## आवास विकास के 9 इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई

लखनऊ। किसानों की समस्याओं के निदान में लापरवाही बरतने, उनके धरना स्थल पर न पहुंचने, सीएम आवास जा रहे किसानों से वार्ता न करने के मामले में आवास विकास के नौ इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने आवास विकास के नौ इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश किया है। एक अधिशासी अभियंता, तीन सहायक अभियन्ता तथा पांच अवर अभियन्ता को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के किसान 23 अक्टूबर 2024 को धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आवास विकास का कोई इंजीनियर इन किसानों के बीच नहीं पहुंचा। किसानों की समस्याओं के निदान का प्रयास नहीं किया। धरना प्रदर्शन के बाद किसानों ने सीएम आवास की तरफ कूंच कर दिया था। तब भी इंजीनियर इनसे वार्ता करने नहीं गए। जिससे असहज स्थिति पैदा हुई। किसान आवास विकास मुख्यालय भी आए थे। आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने इस मामले में जांच बैठाई थी। आवास आयुक्त ने जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इन नौ इंजीनियरों के खिलाफ हुई कार्रवाई अधिशासी अभियन्ता शशांक पाण्डेय, सहायक अभियन्ता प्रमोद कुमार, शुभम सिंह, राकेश कुमार तथा अवर अभियन्ता कुंदन कुमार, मनुदेव, आनन्द भवन सिंह, पवन कुमार व विमल कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।




## संक्षेप

### एक से दस तक एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने बुधवार को पुष्टि की कि 2026 में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप एक से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने अपनी वार्षिक कांग्रेस के दौरान भारत को इसकी मेजबानी का अधिकार सौंपा था। आईडब्ल्यूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पीटीआई को बताया, एशियाई चैंपियनशिप की तारीखें तय कर दी गई हैं। यह एक से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। यह पहली एशियाई चैंपियनशिप होगी जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की संशोधित भार श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन गांधीनगर में किया जाना था लेकिन बाद में अहमदाबाद को इसकी मेजबानी सौंपी गई।

### भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी से हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना)। गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच।-।से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई।अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को चिली से होगा।

### बोलीपल्ली व बैरिएंटोस की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। भारतीय खिलाड़ी ज्त्विक बोलीपल्ली की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में पहली जीत की तलाश जारी रहेगी क्योंकि उन्हें और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस को बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के पहले दौर में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।कनाडा के गैब्रियल डायलो और ब्रिटेन के जैकब फर्नले ने महज 56 मिनट में बोलीपल्ली और बैरिएंटोस की जोड़ी पर 6-0, 6-2 से जीत हासिल की। मार्च में एटीपी 250 चिली ओपन जीतने वाले बोलीपल्ली और बैरिएंटोस की जोड़ी को बेहतरीन सर्विस के सामने और रिटर्न करने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसान अंक प्रदान किए।डायलो और फर्नले ने जल्द ही भारतीय खिलाड़ी की सर्विस तोड़ दी और 4-0 से बढ़त बना ली। फिर दो सेट प्वाइंट हासिल कर शुरूआती सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें भी डायलो और फर्नले का आक्रामक प्रदर्शन जारी रहा। हालांकि इसमें बैरिएंटोस दूसरे गेम में अपनी सर्विस बचाने में सफल रहे। पर बोलीपल्ली ने सर्विस में डबल फॉल्ट कर दी। लेकिन आठवें गेम में सर्विस बचाने में सफल रहे। पर बैरिएंटोस फिर डायलो के ताकतवर फोरहैंड को रिटर्न नहीं कर सके और अगले मैच प्वाइंट में वाइड शॉट लगा बैठे।

### पंत पर धीमी ओवर पर 30 लाख का जुर्माना

लखनऊ । लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ज्षभ पंत पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, यह धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए ज्षभ पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया है।

# प्लेऑफ : पंजाब व आरसीबी आमने-सामने

## आईपीएल : शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही

एजेंसी




मुलांपुर (चंडीगढ़)।श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है, जिससे यह एक मजबूत टीम बन गई है। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने अय्यर और जोश इंगलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया है।

फिनिशर शशांक सिंह ने लगातार अपने खेल में सुधार किया है जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने बल्ले से अपनी क्षमता का पता लगाकर बल्लेबाजी को और अधिक मजबूत बना दिया है। पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यानसन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी। काइल जैमीसन ने आपने पहले मैच में कुछ उम्मीद जगाई है, लेकिन उन्हें प्रभाव छोड़ने के लिए बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई भी यानसन की जगह ले सकते हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल उंगली की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे।उनके इस महत्वपूर्ण मैच में वापसी करने और हमेशा सटीक गेंदबाजी करने वाले हरप्रीत बरार के साथ मजबूत जोड़ी बनाने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय से बेहतरीन तेज गेंदबाज रहे हैं और उन्होंने खेल के सभी चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे टीम में अधिक संतुलन आएगा। आरसीबी पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है। जितेश ने मंगलवार रात को अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और प्लेऑफ में जाने से पहले उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा। टीम के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण होगा कि फिल साल्ट पावरप्ले में अपनी सर्वश्रेष्ठ विस्फोटक बल्लेबाजी करें और विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें जैसे वे पूरे सत्र में करते आए हैं। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है।

आरसीबी लीग चरण में इस मैदान पर पंजाब किंग्स पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यहां की पिच का व्यवहार अभी तक अप्रत्याशित रहा है। यहां खेले गए चार मैचों की पहली पारी में केवल एक बार 200 रन बने हैं। लेकिन पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर जीत का भरोसा होगा क्योंकि पिछले महीने उसने यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 111 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था। दोनों टीम इस पहली सीढ़ी से ही फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। इस मैच में हारने वाली टीम दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# रूपल व पूजा को एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक




गुमी (दक्षिण कोरिया)। भारतीय महिलाओं ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन बुधवार को यहां शानदार प्रदर्शन किया जब रूपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते। यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतकर भारत के कुल पदक की संख्या को पांच तक पहुंचाया। इसमें मंगलवार को जीता गुलवीर सिंह (10,000 मीटर) का स्वर्ण पदक भी शामिल है।

रूपल ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और भारत के लिए दिन का पहला पदक जीता। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो (52.17 सेकेंड) ने स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीबी हुकमोवा (52.79 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चार मिनट 10.83 सेकेंड के समय के साथ भारत को दूसरा रजत पदक दिलाया। भारत की ही लिली दास चार मिनट 13.81 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं। चीन की ली चुनहुई ने चार मिनट 10.58 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की तोमाका किमुरा ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार मिनट 11.56 सेकेंड के समय से कांस्य पदक अपने नाम किया।

रूपल ने 2022 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने उस समय चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।यूनुस शाह ने पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा में तीन मिनट 43.03 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जापान के काजुतो लिजावा ने तीन मिनट 42.56 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के जेयुंग ली (तीन मिनट 42.79 सेकेंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया। गुलवीर के स्वर्ण पदक के अलावा पहले दिन सर्विन सबेस्टियन ने भी 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# सूर्यवंशी के रिकॉर्ड शतक से लेकर म्हात्रे के कारनामे और पंत के संघर्ष तक

एजेंसी



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ज्षभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के अंतिम लीग में शतक जड़कर कमाल कर दिया लेकिन टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरूआत के बाद राह से भटक गई। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया।

इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में मेगा नीलामी में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने शानदार स्ट्रोक प्ले और जोश से खेल के दिग्गजों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा।

प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मुस्कुराने का मौका दिया। पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया।

### विश्वास नहीं होता ऐसी पारी खेली : जितेश

लखनऊ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने 33 गेंद में नाबाद 85 रन की बेखौफ पारी खेल कर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टीम को यादगार जीत दिलाने के बाद कहा कि उनके लिए अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है।प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। सुपर जायंट्स ने कप्तान ज्षभ पंत की नाबाद 118 रन की पारी से तीन विकेट पर 227 रन बनाये। आरसीबी ने 18.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।जितेश ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, मैं विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि मैंने ऐसी पारी खेली है।मैं बस उस पल में रहने का प्रयास कर था, मैं क्रीज पर टिके रहने की कोशिश कर रहा था। मैं अभी अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं पाउंगा।मैच के 12वें ओवर में विराट कोहली (54) के आउट होने के बाद क्रीज पर आये जितेश ने हर गेंदबाज के खिलाफ सहजता से बड़े शॉट लगाये। उन्होंने कहा, मैंने विराट भाई के आउट होने के बाद मैच को आखिर तक ले जाने का प्रयास किया और इसमें सफल रहा।

# सात्विक-चिराग की जीत से वापसी, लक्ष्य बाहर

एजेंसी



सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की जबकि लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें चोटिल होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा।

चिराग की पीठ की चोट के कारण मार्च में ऑल इंग्लैंड ओपन से हटने के बाद यह जोड़ी पहली बार कोर्ट पर उतरी थी लेकिन उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया। यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। इस महीने की शुरुआत में यह जोड़ी सुदीरमन कप में भी नहीं खेली थी, क्योंकि सात्विक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले वे इस सत्र में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन दोनों में सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता। लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। सेन की चोट की वास्तविक प्रकृति के बारे में पता नहीं चल पाया है। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो टीम में लखनऊ के छह खिलाड़ियों का चयन

लखनऊ। लखनऊ के छह खिलाड़ियों का चयन आगामी चतुर्थ कैडेट एवं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 के लिए घोषित उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो टीम में कर लिया गया है।इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में 29 मई से 1 जून 2025 तक देहरादून (उत्तराखंड) में होने वाली इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेताओं को वर्ष 2025 में भारतीय टीम ट्रायल्स में मौका दिया जाएगा ताकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।इस आशय की जानकारी देते हुए जिला ताइक्वांडो संघ लखनऊ के संयोजक अमूल्य उपाध्याय ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प के साथ इस चैंपियनशिप के लिए स्वयं को तैयार किया है। इस अवसर पर यूपी ताइक्वांडो के महासचिव डॉ. रजत आदित्य दीक्षित एवं एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. आनन्द किशोर पाण्डेय ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# फुटबॉल : भारतीय टीम में अनवर की वापसी

एजेंसी



कोलकाता। मुख्य कोच मानोलो मारक्वेज ने चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें जम्मू-कश्मीर के फुटबॉलर सुहैल अहमद भट को शामिल किया है। थाईलैंड में होने वाला यह मुकाबला एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल दौर के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है जिसमें टीम 10 जून को हांगकांग का सामना करेगी।

श्रीनगर के बेमनिया में रहने वाले 20 वर्षीय सेंट्रल फॉरवर्ड सुहैल अहमद ने पिछले सत्र में मोहन बागान सुपर जायंट्स के इंडियन सुपर लीग के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे पहले मिडफील्डर दानिश फारूक टीम में शामिल कश्मीर के खिलाड़ी थे जो 2022 में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मैच में खेले थे। टीम में खेलने वाले कश्मीर के खिलाड़ियों में मेहराजुद्दीन वाडू काफी चर्चित रहे जिन्होंने 2005 से लेकर 2011 तक 32 मैच खेले थे। ईस्ट बंगाल के भरोसेमंद सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की भी टीम में वापसी हुई है जो फरवरी में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे। टीम में करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री भी शामिल हैं जिन्होंने मार्च में टीम की मदद के लिए संन्यास से वापसी की थी। टीम पिछले 10 दिन से कोलकाता में शिविर लगाए है।

टीम इस प्रकार है : गोलकीपरः ज्तिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह, अमरिंदर सिंह।

डिफेंडरः नोरेम रोशन सिंह, राहुल भेके, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, अनवर अली, बोरिस सिंह थंगजाम, संदेश झींगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, अभिषेक सिंह टेकचाम।

मिडफील्डरः सुरेश सिंह वांगजाम, महेश सिंह नोरेम, आयुष देव छेत्री, उदंता सिंह कुमाम, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियान, ब्रैंडन फर्नांडिस, निखिल प्रभु।

फॉरवर्डः सुनील छेत्री, एडमंड लालरिंडिका, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, लालियानजुआला छांगटे।

मुख्य कोचः मानोलो मारक्वेज

सहायक कोचः महेश गावली, सहायक कोचः बेनिटो मोंटाल्वो, गोलकीपर कोचः मार्क गैमन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोचः जोस कार्लोस बरोसो।

# भारत को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मिश्रित रिले में स्वर्ण

एजेंसी




गुमी (दक्षिण कोरिया)।भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना खिताब बरकरार रखा जबकि बुधवार को यहां चार और रजत तथा एक कांस्य पदक जीतकर देश ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने पदकों की संख्या को आठ तक पहुंचाया।रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 18.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूपल ने बुधवार को ही व्यक्तिगत महिला 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता।सुभा 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित टीम का भी हिस्सा थी।

चीन की टीम तीन मिनट 20.52 सेकेंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही जबकि श्रीलंका ने तीन मिनट 21.95 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता लेकिन बाद में दोनों को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया। दोनों टीम को डिस्क्वालीफाई किए जाने के कारण का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। डिस्क्वालीफिकेशन के बाद कजाखस्तान (तीन मिनट 22.70 सेकेंड) और कोरिया (तीन मिनट 22.87 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। अधिकांश समय अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने शामिल रहे। तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन प्रतियोगिता में 7618 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। वह चीन के फेई शियांग (7634) से पीछे और जापान के केइसुके ओकुडा (7602) से आगे रहे। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुष त्रिकूद में 16.90 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। इससे पहले रूपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते जबकि यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक अपने नाम किया। मिश्रित रिले टीम का स्वर्ण प्रतियोगिता में भारत का दूसरा सोने का तमगा है।

इससे पहले मंगलवार को गुलवीर सिंह (10,000 मीटर) ने भी स्वर्ण पदक जीता था। रूपल ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और भारत के लिए दिन का पहला पदक जीता। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो (52.17 सेकेंड) ने स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीबी हुकमोवा (52.79 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चार मिनट 10.83 सेकेंड के समय के साथ भारत को दूसरा रजत पदक दिलाया।

भारत की ही लिली दास चार मिनट 13.81 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं। चीन की ली चुनहुई ने चार मिनट 10.58 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की तोमाका किमुरा ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार मिनट 11.56 सेकेंड के समय से कांस्य पदक अपने नाम किया। रूपल ने 2022 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने उस समय चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

यूनुस शाह ने पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा में तीन मिनट 43.03 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जापान के काजुतो लिजावा ने तीन मिनट 42.56 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के जेयुंग ली (तीन मिनट 42.79 सेकेंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया। मंगलवार को गुलवीर के अलावा सर्विन सबेस्टियन ने भी 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# पद्म सम्मान पीढ़ियों को प्रेरित करेगा : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पद्म पुरस्कार समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण को साकार करता है, जिसमें लोगों के नेतृत्व वाले सामाजिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है, जो चुपचाप सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों के सम्मान में मंगलवार को रात्रिभोज का आयोजन करते हुए शाह ने यह भी कहा कि सम्मानित शख्सियतों की उपलब्धियां पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। समारोह के बाद मंत्री ने कहा कि पद्म पुरस्कार समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण को साकार करता है, जिसके तहत चुपचाप सकारात्मक बदलाव लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करके जन-नेतृत्व वाले सामाजिक परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाता है। शाह ने पद्म पुरस्कार पाने वाली शख्सियतों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार 2025 से सम्मानित हस्तियों की मेजबानी करके मुझे खुशी हुई। गृह मंत्री ने सम्मान प्राप्त करने वाली हस्तियों से उनकी अनूठी जीवन यात्रा और समाज में उनके द्वारा लाए गए बदलावों के बारे में बात की और कहा कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव था। उन्होंने कहा, आज पद्म पुरस्कार से सम्मानित हस्तियों के लिए आयोजित रात्रिभोज में, (मुझे) विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी उन प्रतिष्ठित शख्सियतों से बातचीत करने का सौभाग्य मिला, जो अपने-अपने अनूठे तरीकों से हमारी दुनिया को बेहतर बना रहे हैं। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर, भरतनाट्यम नृत्यांगना शोभना



चंद्रकुमार, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति सोनिया नित्यानंद उन 68 प्रतिष्ठित हस्तियों में शामिल हैं जिन्हें मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। पच्चीस जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के लिए नामित किया गया। राष्ट्रपति ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी और शाह सहित अन्य की मौजूदगी में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में 68 चयनित हस्तियों को पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 28 अप्रैल को पहले अलंकरण समारोह के दौरान 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) खेहर को सार्वजनिक मामलों के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। कथक नृत्यांगना कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया और प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के लिए क्रमशः लाखिया के पोते और सिन्हा के बेटे ने पुरस्कार हासिल किए। राष्ट्रपति ने चंद्रकुमार, व्यवसायी नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी, पुरातत्वविद् कैलाश नाथ दीक्षित, नर्तक जतिन गोस्वामी, अभिनेता अनंत नाग और साध्वी ऋ तंभरा सहित नौ प्रसिद्ध हस्तियों को तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया। अर्थशास्त्री दिवंगत बिबेक देबरॉय और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष दिवंगत मनोहर जोशी के लिए सम्मान क्रमशः देबरॉय की पत्नी और जोशी के बेटे ने प्राप्त किए। ये सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा समेत विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है, पद्म भूषण उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है तथा पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से उसने गुमनाम नायकों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करना शुरू किया है।

# घुसपैठिये हमारे अस्तित्व और राष्ट्रीय अखंडता के लिए चुनौती हैं : धनखड़



मुंबई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि दो करोड़ घुसपैठिये भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए चुनौती हैं।

धनखड़ ने कहा कि जब हमारी सीमा की सुचिता अनियंत्रित घुसपैठियों द्वारा भंग की जाती है, तो यह कानून और व्यवस्था का सवाल नहीं बल्कि हमारे अस्तित्व और राष्ट्रीय अखंडता का सवाल होता है। वह मुंबई में अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये लोग हमारे राष्ट्रीय संसाधनों में बड़े हिस्से की मांग करते हैं। वे हमारे हाथों से काम छीन लेते हैं और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर बनाते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि हमेशा ऐसी चुनौतियों से सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि अब यह प्रवास का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि जनसांख्यिकीय आक्रमण का सवाल है। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे सहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में दो करोड़ से ज्यादा घुसपैठिये हैं। क्या हम उन्हें झेल सकते हैं? हमें इस देश में ऐसे लोगों की जरूरत है जो हमारी सभ्यता के प्रति प्रतिबद्ध हों।

इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद थीं।

संक्षेप

## गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान वह एक गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे और अलीपुरद्वार जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पीटीआई-भाषा से कहा, सबसे पहले वह (मोदी) सरकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे और फिर अलीपुरद्वार में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम को प्रधानमंत्री पटना के लिए रवाना होंगे। हम सभी उन्हें सुनने के लिए उत्साहित हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। प्रदेश भाजपा के एक अन्य नेता ने बताया कि मोदी के सिक्किम से अपराह्न एक बजे के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचने की उम्मीद है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री सरकारी समारोह के दौरान अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में शहर गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे।सीजीडी परियोजना की लागत।,010 करोड़ रुपये से ज्यादा है और इसका लक्ष्य 2.5 लाख से ज्यादा घरों तथा 100 से ज्यादा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति करना है।

# मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री का जेड प्लस सुरक्षा घेरा बरकरार

इंफाल। मणिपुर प्रशासन ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की सुरक्षा में कटौती के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि उनके साथ तैनात केवल अतिरिक्त कर्मियों को ही वापस बुलाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सिंह का जेड प्लस सुरक्षा घेरा बरकरार है। अधिकारी मीडिया में आईं उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा घटाए जाने की बात कही गई थी। अधिकारियों के अनुसार, सिंह की सुरक्षा चौबीसों घंटे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा की जाती है। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है, जिसे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में तैनात किया जाता है। मानक प्रोटोकॉल के तहत, जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदान किए गए छह निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्राप्त होते हैं। हालांकि, हाल में एक सुरक्षा ऑडिट के दौरान, यह पाया गया कि मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान, सिंह के सुरक्षा घेरे में 23 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

# सभी देशों के लिए समान और अविभाज्य सुरक्षा संरचना कायम होनी चाहिए: पुतिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने समानता और अविभाज्यता के सिद्धांतों पर आधारित एक नयी वैश्विक सुरक्षा संरचना कायम करने का बुधवार को आह्वान किया।



सुरक्षा मुद्दों से जुड़े उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने वीडियो संबोधन में रूसी नेता ने कहा कि उपस्थित लोग दुनियाभर का प्रतिनिधत्व कर रहे हैं और क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं को अधिक सक्रिय रूप से बेहतर बनाना चाहते हैं। सम्मेलन में 100 से अधिक देशों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि वे संप्रभु समानता के सिद्धांत और विकास के अपने स्वयं के मॉडल के अधिकार को भी कायम रखते हैं। पुतिन ने कहा कि जहां तक रूस का सवाल है, उसका दृष्टिकोण सैद्धांतिक एवं अपरिवर्तित बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार कहा है और मैं इसे दोहराऊंगाः हमें लगता है कि नयी सुरक्षा संरचना समान और अविभाज्य होनी चाहिए, यानी सभी देशों को अपनी सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए, लेकिन दूसरे देशों की सुरक्षा एवं हितों की कीमत पर नहीं। रूस ने 120 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों को आमंत्रित किया है, जिनमें ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) संगठन और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## ईरान में लापता भारतीयों का मामला उठाया गया

तेहरान। ईरान में भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि उसने तीन लापता भारतीय नागरिकों का मामला पुरजोर तरीके से ईरानी अधिकारियों के समक्ष उठाया है। ये सभी लोग एक ही परिवार के हैं, जो ईरान पहुंचने के बाद लापता हो गए हैं। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तीनों भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्यों ने भारतीय दूतावास को सूचित किया है कि ईरान पहुंचने के बाद उनके रिश्तेदार लापता हैं। हालांकि, दूतावास ने यह स्पष्ट नहीं किया कि तीनों भारतीय ईरान में कब और कहां लापता हुए हैं। उसने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर अभी फैसला नहीं हुआ : आईएईए

वियना। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर इस्लामिक गणराज्य और अमेरिका के बीच वार्ता पर अब भी फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने जारी वार्ता को इस दिशा में एक अच्छा संकेत बताया।



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक ग्रॉसी ने वियना में एजेंसी की एक सप्ताह तक चलने वाली संगोष्ठी में हिस्सा लेने वाले संवाददाताओं के समक्ष यह टिप्पणी की। ग्रॉसी ने बताया कि वह लगभग प्रतिदिन ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया के लिए तैनात दूत स्टीव विटकॉफ से भी बात कर रहे हैं। ग्रॉसी ने स्वीकार किया कि बुधवार को उनका एक प्रतिनिधि ईरान की राजधानी तेहरान में था। ईरानी अधिकारियों ने उस अधिकारी की पहचान आईएईए की सुरक्षा शाखा के प्रमुख मास्सिमो अपारो के रूप में की है। यह वही शाखा है जो ईरान में उसके कार्यक्रम की निगरानी के लिए निरीक्षकों को भेजता है, जो अब यूरेनियम को 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित कर सकता है, जो कि हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्धित करने की दिशा में तकनीकी कदम है। ग्रॉसी ने कहा कि फिलहाल, अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। हमें नहीं पता कि कोई समझौता होगा या नहीं। हालांकि, उन्होंने बताया कि चल रही बैठकें अच्छा संकेत हैं। ग्रॉसी ने कहा कि मुझे लगता है कि यह किसी समझौते पर पहुंचने की इच्छा का संकेत है। मुझे लगता है कि यह अपने आप में संभव है। ईरान और अमेरिका ने अब तक मस्कट, ओमान और रोम में ओमानी विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी की मध्यस्थता में पांच दौर की वार्ता की है। छठे दौर की वार्ता अभी तय नहीं है। इस वार्ता का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है, जिसके बदले में अमेरिका द्वारा इस्लामी गणराज्य पर लगाए गए कुछ कठोर आर्थिक प्रतिबंधों को हटाया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आधी सदी से चली आ रही दुश्मनी समाप्त होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान के कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे। ईरानी अधिकारियों ने बार-बार चेतावनी दी है कि वे यूरेनियम के भंडार के साथ एक परमाणु हथियार बना सकते हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास समझौते पर पहुंचने के लिए अमेरिका का प्रस्ताव है।

# सिक्किम के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 29 मई को यहां पलजोर स्टेडियम में सिक्किम की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह बतौर प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी सिक्किम यात्रा होगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, प्रधानमंत्री सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। परियोजनाओं में नामची जिले में 750 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाला एक नया 500 बिस्तर का जिला अस्पताल, ग्यालशिंग जिले के पेलिंग के सांगाचोलिंग में यात्री रोपवे, गंगटोक में अटल अमृत उद्यान में भारत रत्न



अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा आदि शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री राज्य के 50 साल पूरे होने के अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे। गंगटोक के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) तेनजिंग लोडेन लेप्चा ने यहां संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री का दौरा पहले कर दिया गया है। वह पूर्वाह्न पौने दस बजे लिबिंग हेलीपैड पर उतरेंगे तथा उनका काफिला सुबह 10 बजे पलजोर स्टेडियम पहुंचेगा। वह पूर्वाह्न साढ़े11 बजे तक सिक्किम 50वर्ष समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 22वें राज्य के रूप में सिक्किम के भारत में विलय की 50वीं वर्षगांठ के भव्य समारोह के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। लेप्चा ने कहा कि पलजोर स्टेडियम में मुख्य समारोह पूर्वाह्न 10 बजे से साढ़े 11 बजे तक होगा, जिसके बाद पौने 12 बजे तक एक संक्षिप्त निजी बैठक होगी।

इंटरटेनमेंट...

# 3 करोड़ का ताज पहनेंगी मिस वर्ल्ड 2025

मुंबई। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में चल रही 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का सबसे कठिन और आखिरी दौर 'इंटरव्यू राउंड' बुधवार यानी आज से शुरू हो रहा है।

इसमें दुनियाभर से आईं टॉप-40 कंटेस्टेंट उन सवालों के जवाब देंगी, जो फिनाले में इनकी किस्मत बदल सकते हैं। बातचीत में मिस वर्ल्ड की उएड जूलिया मोर्ले ने बताया कि फिनाले बहुत ही खास होगा। नई मिस वर्ल्ड करीब 3 करोड़ रु. का ताज पहनेंगी। जूलिया मोर्ले की मानें तो 3 करोड़ के इस ताज में नीलम के अलावा 175.49 कैरेट के 1770 छोटे हीरे और 18 कैरेट का वाइट सोना होगा। इसका नीला रंग शांति, समझदारी और वफादारी का प्रतीक है। ताज के साथ-साथ मिस वर्ल्ड 2025 को 1.15 करोड़ रुपए का पुरस्कार भी मिलेगा। यह पिछली बार से ज्यादा है। लेकिन, जूलिया मानती हैं कि असली इनाम तो वह है, जब विजेता दुनियाभर का दौरा करती हैं और मानवीय



प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनती हैं। मिस वर्ल्ड इवेंट का मुख्य उद्देश्य ही मानवीय प्रोजेक्ट हैं। मिस वर्ल्ड

**व्हाइट गोल्ड से बने ताज में 1770 हीरे जड़े, भारत की नंदिनी गुप्ता टॉप-40 में**

2025 में 4 कॉन्टिनेंट (अमेरिका-कैरेबियन, अफ्रीकन, एशिया-ओशियाना और यूरोप) के 108 देशों की कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। 10 मई से हैदराबाद में उन सभी के बीच प्रतियोगिताएं शुरू हुई थीं। जिसके आधारा पर मिस वर्ल्ड के लिए 40 फाइनलिस्ट का चुनाव हुआ है, जिनमें भारत की नंदिनी गुप्ता भी शामिल हैं। मिस वर्ल्ड के नियम के अनुसार टॉप-40 में 4 कॉन्टिनेंट की 10-10 कंटेस्टेंट्स शामिल होती हैं। 28-30 मई तक टॉप-40 के बीच 11 ज्यूरी मेंबर्स की मौजूदगी में इंटरव्यू राउंड होगा।

इस साल ज्यूरी में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद भी शामिल हैं। सवाल-जवाब के आधार पर 40 में से 5 कंटेस्टेंट्स के बीच फिनाले होगा। इंटरव्यू के आधार पर फाइनलिस्ट चुनी जाती हैं, हालांकि वो फाइनलिस्ट कौन है इसे पूरी तर से गुप्त रखा जाता है। फिनाले के दिन तक किसी भी कंटेस्टेंट को इसकी जानकारी नहीं दी जाती है। मिस वर्ल्ड उएड जूलिया मोर्ले ने बताया है कि 31 मई को मिस वर्ल्ड का फिनाले रात 10 बजे शुरू होगा और रात 1 बजे तक मिस वर्ल्ड 2025 की अनाउंसमेंट होगी।

## तमिल भाषा से निकली कन्नड़ : कमल हासन

मुंबई। चेन्नई में फिल्म 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च के दौरान कमल हासन ने कहा था कि तमिल भाषा ने कन्नड़ भाषा को जन्म दिया। इस बयान का कर्नाटक में जोरदार विरोध हो रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमय्या ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है। कमल हासन को इसकी जानकारी नहीं है।' हासन के बयान से प्रो-कन्नड़ संगठन कर्नाटक रक्षण वेदिके में भी गहरा रोष है। संगठन के नेता प्रवीण शेट्टी ने बेंगलुरु के आरटी नगर पुलिस स्टेशन में एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि हर बार जब कोई नई तमिल फिल्म रिलीज होती है, तब लगातार कन्नड़वासियों के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाई जाती है।

## 'चुनरी चुनरी' के रीमेक पर सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य का रिएक्शन

**मुंबई।** वरुण धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर जल्द ही फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएंगे। इस फिल्म में 'बीवी नंबर 1' के गाने 'चुनरी चुनरी' को रीमेक किया जा रहा है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इसी बीच ऑरिजनल गाने के सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने बयान सामने आया है। उनका कहना है कि किसी ने उन्हें नहीं बताया कि गाने का रीमेक बन रहा है। एचटी सिटी से बातचीत में अभिजीत भट्टाचार्य ने कहा, ह्यम्यूजिक कंपोजर, फिल्म के डायरेक्टर या फिर किसी ने भी मुझे नहीं बताया कि इस गाने को रीमेक किया जा रहा है। बताने की हिम्मत भी नहीं कर सकते।

# शौर्य सर्वपूज्यते, राष्ट्रमेव जयते !

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन गर्व के साथ एक ऐतिहासिक महागाथा चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान प्रस्तुत कर रहा है। जिसका प्रसारण 4 जून से शाम 7:30 बजे शुरू हो रहा है। यह केवल युद्ध की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे युवा सम्राट की प्रेरणादायक यात्रा है, जिसकी मातृभूमि के प्रति अटूट निष्ठा ने इतिहास को आकार दिया। कम उम्र में ही राजगद्दी पर विराजमान होकर

**पृथ्वीराज चौहान की अमर गाथा को नमन**




पृथ्वीराज चौहान ने इतिहास के सबसे भीषण आक्रमणकारियों में से एक मोहम्मद गौरी को चुनौती दी। उन्होंने केवल तलवार और ढाल से नहीं, बल्कि कर्तव्य, सम्मान और मातृभूमि के प्रति निःस्वार्थ प्रेम से प्रेरित होकर युद्ध लड़ा। उनका प्रत्येक निर्णय, प्रत्येक कदम एक ऐसे नेता की पहचान था, जिसने अपनी जान से ऊपर देश को रखा। पृथ्वीराज की खासियत सिर्फ उनके रणकौशल तक सीमित नहीं थी। उनके भीतर करुणा थी, नैतिक साहस था और एक सभ्यता की आत्मा को बचाने का जज्बा था। वह केवल एक शासक नहीं थे, बल्कि भारत की आत्मा के प्रतीक थे। इस सीरीज में चंद बरदाई की भूमिका निभा रहे हैं जाने-माने अभिनेता आशुतोष राणा, जो पृथ्वीराज के सबसे करीबी मित्र और विश्वासपात्र थे। अपने किरदार के बारे में बोलते हुए आशुतोष राणा ने कहा, 'पृथ्वीराज एक सच्चे सम्राट थे, जिनके लिए सच्चा प्रेम उनके लोग और उनका देश था। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए उन्होंने सदैव यह जाना कि क्या सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने हमेशा भारत का गौरव अपने कंधों पर उठाया और हर उस व्यक्ति को चुनौती दी जो भारत पर आक्रमण करने आया। युवा राजा होते हुए भी वे सदैव रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाते थे और शत्रु की ताकत और कमजोरी को भलीभांति समझते थे। अगर आज का युवा देश सेवा के लिए प्रेरणा लेना चाहता है, तो उसे भारत के सबसे महान बाल सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसा बनना चाहिए। वह इस बात की कालातीत याद दिलाते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com